डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
17.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 09
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-33 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
हमेशा मनुष्य को परछाई और आईने की तरह दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।

## ईडी की सीएम से पूछताछ आज राज्य में बढ़ी सियासी हलचल



### रोड शो करते हुए ईडी कार्यालय जा सकतें हैं सीएम

**रांची।** ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दोबारा समन जारी करते 17 नवम्बर को यानी गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन रोड शो करते हुए ईडी कार्यालय जा सकते हैं। श्री सोरेन 17 नवम्बर की बजाय एक दिन पहले यानी 16 नवम्बर को ईडी के समक्ष हाजिर होना चाहते थे। इसके लिये उन्होने ईडी से अपील भी की थी, लेकिन ईडी ने नकार दिया था।

**ईडी ने अब तक कई लोगों को किया है गिरफ्तार** : गौरतलब है कि पिछले छह मई से झारखंड के अलग-अलग जिलों में ईडी की टीम जांच कर रही है। इस जांच के दौरान ईडी ने सबसे पहले पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके बाद आईएस पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था। सीए सुमन सिंह के घर से ईडी की टीम ने करीब 20 करोड़ कैश बरामद किया था। इस जांच के दौरान ईडी की टीम को कई अहम जानकारियां मिली, जिसके बाद ईडी ने अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी बच्चू यादव को गिरफ्तार किया था।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को होनेवाली ईडी की पूछताछ के पहले राज्य में सियासी हलचल तेज हो गयी है। रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में बुधवार शाम चार बजे सत्ताधारी गठबंधन जेएमएम, कांग्रेस और राजद के सभी विधायकों की बैठक बुलायी गयी। इसके पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने अपने आवास पर पार्टी के विधायकों की बैठक बुलायी। इन बैठकों में ईडी के समन से लेकर चुनाव आयोग की अनुशंसा पर राज्यपाल की ओर से संभावित कार्रवाई के मद्देनजर पैदा हुए पॉलिटिकल क्राइसिस के मद्देनजर रणनीति पर चर्चा हुई। इधर, राज्य के विभिन्न इलाकों से जेएमएम के हजारों कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी मैदान में इकट्ठा हो रहे हैं। पार्टी की रणनीति है कि जिस वक्त मुख्यमंत्री से ईडी की पूछताछ होगी, उस वक्त रांची में जोरदार शक्ति प्रदर्शन हो। बता दें कि ईडी ने राज्य में अवैध माइनिंग के जरिये एक हजार करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए 17 नवम्बर को रांची एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा है। इसके पहले उन्हें तीन नवम्बर को पूछताछ के लिए समन भेजा गया था, लेकिन उन्होंने पूर्व से तय कार्यक्रमों मे अपनी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए ईडी से तीन हफ्ते का वक्त मांगा था। इसपर ईडी ने उन्हें तीन के बदले दो हफ्ते का वक्त दिया और दूसरी बार समन जारी कर 17 नवम्बर की तारीख तय की गयी है। बताया जा रहा है कि सीएम से पूछताछ के लिए ईडी के ज्वायंट डायरेक्टर कपिल राज सहित कई बड़े अफसर रांची पहुंचे हैं। ईडी ने इस पूछताछ के मद्देनजर क्षेत्रीय कार्यालय और उसके बाहर पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री के समर्थक और सत्ताधारी पार्टियों के कार्यकर्ता ईडी कार्यालय पर प्रदर्शन कर सकते हैं। इस दृष्टि से पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। अवैध माइनिंग के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री के विशेष प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को पहले ही गिरफ्तार किया है। पंकज मिश्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट में ईडी ने उसे मिलनेवाले राजनीतिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अगले वर्ष और वृहद बनाया जायेगा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम : सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को अगले वर्ष और वृहद बनाया जायेगा। श्री सोरेन ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में इस बार राज्यभर से 55 लाख से अधिक आवेदन आये, जिसमें लगभग 37 लाख का ऑन द स्पॉट समाधान हुआ। सभी ने पूरे उत्साह से इन शिविर से विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया, उनकी समस्याओं का समाधान हुआ।

## पंकज मिश्रा के वकील ने अदालत के समक्ष समय देने का किया आग्रह

**रांची।** साहेबगंज में अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा की बेल पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के वकील ने अदालत के समक्ष कुछ दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 22 नवम्बर की तिथि निर्धारित की है।

## तीन शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

**देवघर।** कुंडा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम-गौरीपुर तथा मोहनपुर के सनदबिया डुमरिया में पुलिस ने छापेमारी कर तीन शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया।

## जमानत के लिए गुहार

**रांची।** निलंबित आईएएस और मनरेगा घोटाला की प्रमुख आरोपी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने हाईकोर्ट से अपनी जमानत के लिए गुहार लगायी। अपने अधिवक्ता के माध्यम से क्रिमिनल मिसलिनियस पिटिशन दाखिल की है, याचिका में उन्होंने अपनी अग्रिम जमानत के साथ उनके खिलाफ ईडी कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान को भी रद्द करने की मांग की है। वहीं, उन्होंने ईडी कोर्ट द्वारा जारी किये गये समन को भी चुनौती दी है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानेवालों पर दर्ज किये जा रहे हैं मामले : पूर्व मुख्यमंत्री

**चाईबासा।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने चक्रधरपुर में वीरगति प्राप्त करनेवाले हिंदूवादी नेता कमलदेव गिरि के आवास पर जाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। श्री दास ने कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। सनातन धर्म के संवर्द्धन के लिए उनके द्वारा शुरू किया गया कार्य आगे भी जारी रहेगा। ईश्वर उनको अपने श्रीचरणों में स्थान दें, यही प्रार्थना है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य की जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। श्री दास ने पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दिनों दिये गये बयान की वजह से असामाजिक तत्वों मनोबल बढ़ा और उसकी वजह से इस प्रकार की हत्या हुई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों समेत भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानेवालों पर मामले दर्ज किये जा रहे हैं और जिस प्रकार अंग्रेजों ने शासन चलाया था वह उसी प्रकार शासन चलाना चाहते हैं।

## पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा समेत कई नेता झामुमो में शामिल

### सीएम हेमंत सोरेन ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा से पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा समेत कई अन्य नेताओं एवं हजारों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। सीएम ने उन्हें झामुमो का पट्टा पहनाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में सभी का हार्दिक स्वागत किया। श्री सोरेन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षों तक भाजपा राज्यवासियों का शोषण करती रही है और इनसे हर कोई त्रस्त रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कांके स्थित आवास पर समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के विकास की जिम्मेवारी हमें अपने अपने हाथों में लेनी होगी। उन्होंने कहा कि अब एक मजबूत राजनीतिक व्यवस्था बनानी होगी।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत के दिरीदाग ग्राम के समीप घटी जहां पर विजय कुमार उम्र 22 वर्ष बारियातू बरनी अपना कुछ जरूरी कार्य कर लातेहार से अपना घर बरनी लौट रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दिरीदाग ग्राम के समीप बाइक पल्ट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां पर चिकित्सक पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। वहीं स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना उसी पंचायत के पकरी ग्राम में अनियंत्रित होकर एक टेम्पू पल्ट गई। जिससे मोहम्मद तौसीफ उम्र 15 वर्ष पकरी व महेंद्र तूरी उम्र 50 वर्ष पकरी घायल हो गया। जिसके बाद परिजनों ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई।

## अवैध रूप से बनाये जा रहे शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची और आसपास के ग्रामीण इलाके में असली का लेबल लगाकर नकली शराब की बिक्री की जा रही है। इसका खुलासा बुधवार को उस समय हुआ जब उत्पाद विभाग की टीम ने नामकुम थाना क्षेत्र के सेहरा गांव स्थित एक घर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध रूप से बनाये जा रहे शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मकान से भारी मात्रा में नकली शराब के अलावा स्प्रीट, हाईड्रोमीटर, बड़ी कंपनी का रैपर व खाली बोतल जब्त किया है। हालांकि, टीम को अवैध रूप से शराब बनानेवालों का नाम अब तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार उत्पाद आयुक्त को गुप्त सूचना मिली कि सेहरा गांव में अवैध रूप से शराब का निर्माण कराया जा रहा है। इस सूचना पर विभाग के सब इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम जब गांव में पहुंची, तब गुप्तचरों की मदद से उस फैक्ट्री के पास गयी। मकान के बाहर ताला लटका हुआ था। टीम में शामिल लोगों ने ताला तोड़कर मकान में प्रवेश किया। देखा कि भारी मात्रा में शराब रखा हुआ है। विभागीय टीम ने मौके पर से 15 पेटी विदेशी शराब, हाईड्रोलिक मीटर, भारी मात्रा में मैकडोवेल कंपनी का स्टीकर, खाली बोतल और उसमें लगनेवाला कॉर्क को जब्त किया।



### नामकुम और आसपास में सप्लाई की आशंका

विभागीय टीम के अधिकारियों के अनुसार जब्त की गयी नकली शराब रांची और नामकुम इलाके में सप्लाई की जाती है। फैक्ट्री में शराब तैयार कर उसे बोतल में भरा जाता है। उस बोतल में शराब की बड़ी कंपनी का लेबल लगाकर उसे बाजार में असली बोलकर बेच दिया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध रूप से शराब का निर्माण करनेवाले पकड़े जाने के बाद सच्चाई का पता लगेगा। टीम उसके बारे में जानकारी इक्ट्ठा कर रही है।

## खूंटी में एक माह के भीतर दो हाथियों की मौत

**खूंटी।** जिले के वन प्रमंडल क्षेत्र में एक माह के भीतर दो विशाल हाथियों की मौत 11 हजार के करंट की चपेट में आने से हो गयी। पहली घटना 27 अक्टूबर की रात तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगाडीह बरवाडीह गांव के समीप हुई थी जबकि दूसरी घटना खूंटी के रनिया में एक 55 साल के हाथी की मौत हो गयी। जिले के रनिया प्रखंड अंतर्गत कोइनारा मैदान में वन विभाग को एक जंगली हाथी का शव मिला। बिजली के 11 हजार बोल्ट के तार की चपेट मे आने से नर हाथी की मौत हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को घटना की सूचना दी गयी और सूचना मिलते ही वन संरक्षक एएसआर नटेस, डीएफओ कुलदीप मीणा के साथ पशु चिकित्सा जांच टीम कोयनारा गांव पहुंची। इस दौरान मौके पर हाथी की मौत के कारणों की पड़ताल की गयी। इसके बाद पशु चिकित्सक की टीम तथा रांची से आये जंगली पशु चिकित्सक द्वारा हाथी का जांच सैंपल लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह घटना घटी है। घटनास्थल पर आठ फीट की ऊंचाई पर 11 हजार बोल्ट के तार झूलने के कारण हाथी करंट की चपेट में आया जिससे हाथी की मौत हुई। वन विभाग के अनुसार नर हाथी की उम्र लगभग 55 वर्ष और उसकी लंबाई 11 फीट है। एक भारी भरकम नर हाथी की मौत से प्रखंड क्षेत्र के लोगों में हड़कंप है। गौरतलब है कि गत 18 जुलाई को भी एक विशालकाय नर हाथी की बोमतेल गांव में संदेहास्पद मौत हुई थी। जबकि 27 अक्टूबर की रात तमाड़ के चोगाडीह बरवाडीह गांव के पास एक हाथी की मौत 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से हो गयी थी।

### छापेमारी में 10 पीस हाथी दांत जब्त, पांच आरोपी पकड़ाये

**चाईबासा।** जबलपुर से प्राप्त इनपुट के आधार पर चाईबासा वन प्रमंडल द्वारा अधीनस्थ वनकर्मियों एवं पुलिस बल की मदद से कुम्हार टोली, चाईबासा में छापेमारी की कर 10 पीस हाथी दांत जब्त किया गया है। साथ ही हाथी दांत की तस्करी के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी झारखंड, बिहार एवं ओडिशा राज्य के निवासी है। चूंकि, गिरफ्तार अभियुक्त तीन अलग-अलग राज्यों से हैं, इससे प्रतीत होता है कि यह एक अंतर्राज्यीय गिरोह है। सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए चाईबासा वन प्रमंडल द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## प्रणव झा को एआईसीसी समन्वयक बनाये जाने पर बधाई

**रांची।** झारखंड के बोकारो से संबंद्ध भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के सचिव प्रणव झा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में एआईसीसी समन्वयक बनाये जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देनेवालों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता विधायक दल आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, गीता कोड़ा, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ. एम तौसीफ, डॉ. राकेश किरण, सतीश पॉल मूंजनी, आभा सिन्हा, ईश्वर आनंद, मोर्चा संगठन प्रभारी रविन्द्र सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मानस सिन्हा, संजय लाल पासवान, अमूल्य नीरज खलखो और ज्योति सिंह मथारू शामिल हैं।

## जी-20 का उद्घाटन समारोह दिसम्बर 2022 में उदयपुर में होगा

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जी-20 बैठक के मेजबान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में बुधवार 16 नवम्बर को आगामी वर्ष के लिए भारत को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी। इस तरह भारत को औपचारिक तौर पर जी-20 की मेजबानी मिल गयी है। अब इसके बाद भारत में दिसम्बर 2022 में इसका उद्घाटन समारोह उदयपुर में होगा। जिसके दौरान राजस्थान के ही तीन प्रमुख व विदेशियों के बीच पर्यटन के लिए बहुत प्रसिद्ध शहर उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में अलग-अलग मुद्दों पर कॉन्फ्रेंस होंगी। भारत एक दिसम्बर से जी-20 की अध्यक्षता करेगा। एक साल बाद दिसम्बर 2023 में अगले एक वर्ष के लिए यानि 2024 के लिए ब्राजील इसकी अध्यक्षता संभालेगा। इस तरह क्रमवार एक-एक वर्ष के लिए जी-20 के सभी बीस देशों का क्रमवार एक के बाद एक करके अध्यक्षता मिलती है। केंद्र सरकार यह आयोजन उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में कर रही है। इसके बाद जब उसकी मुख्य बैठक होगी तो संभव है, वह कर्नाटक की राजधानी में हो या मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हो।

## राज्यपाल ने शैक्षिक, प्रशासनिक व परीक्षा भवन का उद्घाटन किया

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेश बैस ने बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के नवनिर्मित शैक्षिक, प्रशासनिक एवं परीक्षा भवन का उद्घाटन किया।

## प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने झारखंड के सरकारी एवं गैर सरकारी बीएड संस्थानों में 2022-24 सत्र के लिए नामांकन को लेकर आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। यह परीक्षा 23 अक्टूबर को रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका तथा पलामू के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गयी थी।

## भारत ने गरीबी के खिलाफ जंग में तकनीक को बनाया हथियार : मोदी

- भारत में यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या 2021 से दोगुनी हो गयी है
- भारत अब निवेशकों के लिए 'रेड कार्पेट' के लिए जाना जाता है



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत गरीबी के खिलाफ जंग में तकनीक को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने 'बेंगलुरु टेक समिट' में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कहा कि भारत को अब लालफीताशाही के लिए नहीं जाना जाता, बल्कि इसकी पहचान निवेशकों को हर तरह की सुविधा देनेवाले देश के रूप में है। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन भाषण में कहा कि 2021 के बाद से यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या दोगुनी हो गयी है। मोदी ने कहा कि भारत अब निवेशकों के लिए 'रेड कार्पेट' के लिए जाना जाता है। चाहे एफडीआई सुधार हो, या ड्रोन नियमों का उदारीकरण, या सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कदम, या विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन प्रोत्साहन योजनाएं, या कारोबारी सुगमता... हर जगह ये बात दिखायी देती है।" उन्होंने कहा, "आपके निवेश और हमारे नवाचार से चमत्कार हो सकता है। आपका भरोसा और हमारी तकनीकी प्रतिभा मिलकर कुछ भी कर सकते हैं। मैं आप सभी को साथ काम करने के लिए आमंत्रित करता हूं, क्योंकि हम दुनिया की समस्याओं को हल करने में अग्रणी हैं।" उन्होंने कहा कि भारत की प्रौद्योगिकी और नवाचार ने पहले ही दुनिया को प्रभावित किया है, लेकिन भविष्य में यह भूमिका और भी बड़ी होगी। मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं की ताकत को पूरी दुनिया मानती है और उन्होंने तकनीकी तथा प्रतिभा का वैश्वीकरण सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, "स्वास्थ्य देखभाल, प्रबंधन, वित्त-आप युवा भारतीयों को कई क्षेत्रों में आगे पायेंगे। हम अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल वैश्विक भलाई के लिए कर रहे हैं। यहां तक कि भारत में भी उनका असर देखा जा रहा है।" मोदी ने कहा कि भारत इस साल वैश्विक नवाचार सूचकांक में 40वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, "2015 में हम 81वें स्थान पर थे। भारत में यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या 2021 से दोगुनी हो गयी है। अब हम दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप केंद्र हैं। हमारे पास 81 हजार से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। सैकड़ों अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां हैं, जिनके भारत में अनुसंधान एवं विकास केंद्र हैं। यह भारतीय प्रतिभा के कारण संभव हो सका।" मोदी ने कहा कि तकनीकी पहुंच बढ़ाकर भारतीय युवाओं को मजबूत बनाया जा रहा है। देश में मोबाइल और डेटा क्रांति हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में ब्रॉडबैंड कनेक्शन छह करोड़ से बढ़कर 81 करोड़ हो गये हैं। स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 15 करोड़ से बढ़कर 75 करोड़ हो गये। इंटरनेट की वृद्धि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से हो रही है। मोदी ने कहा कि लंबे वक्त तक माना जाता था कि प्रौद्योगिकी बड़े और शक्तिशाली लोगों के लिए है। "लेकिन भारत ने दिखा दिया है कि प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण कैसे किया जाता है। भारत ने यह भी दिखाया है कि तकनीक को मानवीय स्पर्श कैसे दिया जाता है। भारत में प्रौद्योगिकी समानता और सशक्तिकरण का साधन है।" प्रधानमंत्री ने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' का जिक्र करते हुए कहा कि यह लगभग 20 करोड़ परिवारों को सुरक्षा कवच प्रदान करती है।

### हवाई सफर में मास्क लगाने पर सरकार ने जारी किया नया आदेश

## जुर्माने की शर्त पर भी लिया बड़ा फैसला



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** हवाई यात्रा के दौरान अब यात्री बिना मास्क के सफर कर सकते हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि हवाई यात्रा के दौरान मास्क पहनना अनिवार्य नहीं है, लेकिन कोरोना वायरस मामलों की घटती संख्या के बावजूद उन्हें मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। अब तक, उड़ानों में यात्रा करते समय मास्क का उपयोग अनिवार्य था। एयरलाइन को जारी एक संचार में मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय सरकार की कोविड-19 प्रबंधन प्रतिक्रिया के लिए एक श्रेणीबद्ध दृष्टिकोण की नीति के अनुरूप लिया गया है। इसमें कहा गया है कि अब से इन उड़ानों में केवल यह उल्लेख किया जा सकता है कि कोविड-19 महामारी के खतरे के मद्देनजर सभी यात्रियों को मास्क/फेस कवर पहनने को प्राथमिकता देनी चाहिए। मास्क को लेकर जुर्माने की शर्त को भी खत्म कर दिया गया। अद्यतन आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 7,561 रह गयी है, जो कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.79 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,41,28,580 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

# न्यूज गैलरी

## विधायक के प्रयास से मिला ट्रांसफार्मर

**पांकी।** प्रखंड के पांकी पूर्वी पंचायत के बनखेता के पूर्वी टोला में 25 केवी का ट्रांसफार्मर बुधवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता के प्रयास से मिला। बनखेता के पूर्वी टोला में विगत 15 दिनों से 16 केवी का बहुत पुराना ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ था। जिसके कारण मुहल्लेवासी को बिजली नहीं मिल पा रही थी। ट्रांसफार्मर मिलने से मुहल्लेवासी काफी खुश है। उनलोगों ने विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता को धन्यवाद दिया।

## मुखिया ने अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने की मांग की

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत की मुखिया व पंचायत के वार्ड सदस्यों ने हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख व सीओ को लिखित आवेदन देकर अवैध बालू उठाव रोकने की मांग की है। दिये गये आवेदन में मुखिया ममता देवी ने कहा है कि देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा सोननदी घाट से प्रत्येक दिन रात्रि में तकरीबन 100 की संख्या में ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। जबकि सरकार की ओर से बालू उठाव पर पूर्णत: रोक है। इसलिए अवैध बालू उठाव पर यथाशीघ्र रोक लगाया जाये। बताया जाता है कि बालू उठाव करने के बाद देवरी खुर्द बनकट गांव होते हुए जपला की ओर से सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का रात्रि में ढुलाई किया जा रहा है। इससे सड़क की स्थिति भी काफी जर्जर हो गई है। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से उपमुखिया गुंजन देवी, वार्ड सदस्य धर्मशिला देवी, उषा देवी, पूजा देवी, गीता शर्मा, शीला देवी, बबीता देवी, बिंदू देवी, अजय पासवान, उपेंद्र कुमार मेहता आदि शामिल थे।

## भाजपा नेता को झूठे केस में फंसाने का मामला पकड़ने लगा तूल

**विश्रामपुर।** भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव को झूठे मामले में फसाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, संगठन मंत्री कर्मबीर सिंह व प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने श्री यादव को रांची बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। यहां बताते चले कि पांडू सीओ द्वारा थाना में भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव, पूर्व जिला पार्षद अनिल चंद्रवंशी सहित तीन लोगों पर कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। स्थानीय प्रसाशन का आरोप है कि उक्त सभी लोग पांडू के मुरुमातु गांव से बेदखल किये गये अतिदलित मुसहर परिवार को बरगला रहे थे। जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इधर धर्मदेव सिंह यादव का कहना है कि राज्य सरकार के आदेश पर पांडू सीओ व पुलिस फर्जी मामले में फंसा रही है। श्री यादव ने भाजपा के सभी प्रादेशिक नेताओ को पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी मामले को संज्ञान में लिये है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व पूर्व मंत्री रघुवर दास ने श्री यादव को आश्वस्त किया कि पूरी पार्टी आपके साथ खड़ी है।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर हाईस्कूल के मैदान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता 18 नवंबर तक विद्यालय स्तर पर आयोजित है। जिसमें दौड़, गोला व चक्का फेंक, फुटबॉल, कबड्डी व भाला फेंक प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। इसके बाद प्रखंड व जिला स्तर आयोजित प्रतियोगिता में चयनित अभ्यर्थियों को राज्य स्तर पर खेलो झारखंड प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। प्रथम दिन बालक व बालिकाओं का 100, 200 व 400 मीटर दौड़ के अलावे फुटबॉल के मैच प्रतियोगिता भी संपन्न कराया गया है। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय राम सहित कई खेलप्रेमी शामिल थे।

# 28 लाख की लागत से बना आरो प्लांट खराब



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** आदर्श पंचायत किशुनपुर में विगत 2 साल से 28 लाख की लागत से बना आरो प्लांट खराब पड़ा है। जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। यह प्लांट वर्ष 2016 मे पलामू सांसद बीडी राम के द्वारा आर्दश ग्राम किशुनपुर में लगवाया गया था। महज 4 साल तक ही इस आरो प्लांट का पानी सप्लाई कर लोगों का प्यास बुझाया गया। लेकिन 2020 से यह आरो प्लांट खराब पड़ा हुआ है। दो हजार जनसंख्या वाला घनी आबादी इस आरो प्लांट के पानी से प्यास बुझाने को तरस रहे हैं। इस आरों का पानी गांव के बाहर के भी लोग ले जाते थे। आरो खराब होने से ग्रामीण जार का पानी खरीद कर पिने पर विवश हैं। सांसद के प्रयास से आरो प्लांट के देख रेख के लिए मुन्ना पासवान को प्रतिनुयुक्त किया गया था। उसने बताया कि सांसद द्वारा देख रेख की मुझे जिम्मेवारी दी गई थी। लेकिन मुझे अभी तक मजदूरी नहीं मिली। जिसके लिए किशनपुर सांसद प्रतिनिधि व वर्तमानमुखिया सुमन गुप्ता ने कितने बार प्रयास किया। पीएचडी विभाग और पलामू सांसद को सूचित किया गया फिर भी इस पर अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। इधर किशनपुर पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी ने बताया कि आरो खराब हो जाने से ग्रामीण जनता जार का पानी खरीदने पर विवश है। 30 का 1 एक जार पानी खरीद कर पीते हैं। उन्होंने पीएचडी से लेकर कई जनप्रतिनिधि को सूचित करने के उपरांत भी इस पर अभी तक किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया है। खराब आरो प्लांट को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी को भी अवगत कराया गया है।

# एडवेंचर कैम्प मनाली में अमित का हुआ चयन



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक अमित कुमार ने आगामी 19 नवम्बर 2022 तक आयोजित एडवेंचर कैम्प मनाली के कोकसार में 10300 फीट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय झंडा तिरंगा फहराने का साहसिक कार्य किया है। इनका चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित एडवेंचर कैम्प मनाली में हुआ है। अमित कुमार के इस साहसिक कार्य के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, सचिव रौनक सिंह के साथ साथ नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राम लखन सिंह, कुलसचिव डॉ राकेश कुमार एवं अन्य सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# विहंगमयोग की बैठक में रक्तदान शिविर को लेकर विचार विमर्श

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** विहंगमयोग संत समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संत समाज के प्रखंड सेवा प्रभारी संजय प्रजापति ने की। सदगुरू देव के तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद बैठक की कार्यवाही शुरू हुई। बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार प्रसार के साथ साथ आश्रम से जुड़े सेवा कार्य का समीक्षा की गई। विहंगम योग संस्थान के संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शामिल सेवा प्रभारियों ने रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर अपना सुझाव दिया। बैठक में तय किया गया कि 19 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रक्तदान शिविर की सफलता को लेकर आवश्यक तैयारी पर चर्चा किया गया। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान करें, इसके लिए प्रचार प्रसार की रणनीति बनाया गया। बैठक में सौगंध मेहता, ओंकार नाथ पाठक, कामाख्या पाठक, अक्षय पाठक, भूलू मिस्त्री, नंदलाल सिंह, विनोद सिंह, सहित कई सेवा प्रभारी मौजूद थे।

### ओवरब्रिज निर्माण में आ रही थी अड़चन

# प्रशासन के आदेश पर हटाया गया पूर्व विधायक का प्रतिमा



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हरिहर चौक पर माननीय पूर्व विधायक हरिहर सिंह के प्रतिमा को प्रशासनिक अनुमति के बाद ओवरब्रिज निर्माण कंपनी ने हटवा दिया। बुधवार को इस मूर्ति को हटाने का कार्य किया गया। विदित हो कि पूर्व विधायक स्वर्गीय बाबू का प्रतिमा एक चौक पर स्थापित था जिसका नाम हरिहर चौक था, परन्तु वर्तमान परिस्थिति में शहर में हो रही ओवरब्रिज निर्माण कार्य मे वह बीच सड़क में आ रही थी, जिसको लेकर कई तरह के राजनीतिक मोर्चा द्वारा कई दिनों से राजनीति की जा रही थी लेकिन जिस पर बीते सप्ताह 7 नवम्बर को अनुमण्डल पदाधिकारी, कमलेश्वर नारायण, बीडीओ रतन कुमार सिंह, एसडीपीओ पूज्यप्रकाश ने आम जनता और हुसैनाबाद के गणमान्य व्यक्तियों से रायसुमारी किया था और कहा था कि सरकारी नियमानुसार जो कार्य होगा वही होगा हमलोग आप लोगो की बातों को उपायुक्त तक पंहुचा देंगे और जो आदेश आयेगा उसी अनुरूप कार्य होगा। बुधवार सभी बातों को विराम देते हुए कंपनी ने मूर्ति को उठा कर प्रखण्ड कार्यालय में भेज दिया एवं चौक की मलबा को जेसीबी से हटवा दिया।

# हेमंत सरकार के विरोध में ओबीसी मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के लोगों ने बुधवार की शाम भाजपा ओबीसी के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में हेमंत सरकार के द्वारा नगर निगम चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं देने के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों भाजपाई शामिल हुए। मशाल जुलूस की शुरूआत पांकी प्रखंड के कपूर्री ठाकुर चौक से की गई। जहां हाथ में मशाल लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा के लोगों ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद, झारखंड सरकार ओबीसी आरक्षण देना सुनिश्चित करो, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर मुख्य बाजार चौक पहुंचे। जहां नुक्कड़ सभा के पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार पिछड़ों को छलने का काम कर रही है। नगर निगम चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देना एक सोची समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर पूरे जिले एवं प्रखंड में भाजपा के लोगों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। मौके पर मशाल जुलूस कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, अजय गुप्ता जय किशोर गुप्ता राजदेव मेहता राजेंद्र यादव दिलीप ठाकुर समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोचिंग सेंटर की छत से गिरकर बच्चा घायल

**पांकी।** प्रखंड के अम्बेडकर चौक स्थित ज्ञान बिंदु कोचिंग सेंटर की छत से गिरकर बुधवार की शाम एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की दो बच्चें कोचिंग सेंटर वाले छज्जे पर लड़ रहे थे। छज्जे पर रेलिंग नहीं होने के कारन बच्चे का संतुलन बिगड़ा और वह निचे गिर गया। ग्रामीणों ने आनन फानन में घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पांकी ले गए जंहा चिकित्सा प्रभारी रियाज अनवर ने बच्चे का प्राथमिक उपचार कर उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए मेद्नीनगर रेफर कर दिया। चिकित्सा प्रभारी रियाज अनवर ने बताया की बच्चे का लेफ्ट सोल्जर फ्रैक्चर हो गया है व उसके सर में भी काफी चोट आई है।

# बाइक व स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज मुख्य पथ पर शाहद पुल के समीप रविवार को स्कूटी और बाइक मे दीपक कुमार उम्र 22 वर्ष की बुधवार को मौत हो गई। पूर्वाहन में दीपक का शव रांची से लाया गया। अमानत नदी तट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि हादसे में बाइक और स्कूटी पर सवार चार लोग जख्मी हुए थे। इनमें बाइक चालक उदयपुरा के दीपक कुमार और उसका साथी अजीत कुमार 19 वर्ष पिता प्रमोद राम एवं स्कूटी सवार तरहसी के सुभाष चौक पर स्थित तूफान होटल के मालिक तूफान प्रसाद और उनकी पत्नी शामिल हैं।दीपक कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। दीपक के सिर में गंभीर चोट आई थी और घटना के बाद से दीपक बेहोश था। चार दिन बाद दीपक ने दम तोड़ दिया। दीपक और अजीत लेस्लीगंज के लोटवा से अपने घर उदयपुर आ रहे थे, जबकि तूफान प्रसाद और उसकी पत्नी स्कूटी से तरहसी से डालटनगंज की ओर जा रहे थे।


## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू

(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

(अति अल्पकालिन निविदा)

वित्तीय वर्ष 2022–23 पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य आदि सामग्रियों का दर निर्धारण/आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 24.11.2022 को 01:00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 24.11.2022 को 02:00 बजे क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय प्रकोश्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है।

(A) क्रय/आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची:– सामग्रियों की सूची जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है या पलामू जिला के Website (Palamu.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 282379 Welfare(22-23)D


# दंगवार व बेलबीघा पंचायत में निकली भारत जोड़ो पदयात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लगातार जिले में भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण का अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में मंगलवार को पलामू जिला के दंगवार और बेलबीघा पंचायत में कांग्रेस ने भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह ने किया। भारत जोड़ो यात्रा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, वरीय नेता धनंजय तिवारी, हुसैनाबाद प्रखंड प्रभारी नवल किशोर पाठक, राजेश चौरसिया आदि मौजूद थे। भारत जोड़ो यात्रा में लोगों को संबोधित करते हुए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू जिला में भी लगातार 5 महीने तक निरंतर जिला के सभी प्रखंड नगर, वार्ड पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा सद्भावना के साथ देश को सशक्त और मजबूत बनाने का संदेश दिया जा रहा है। धनंजय कुमार तिवारी ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी सहित जनता के जुड़े ज्वलंत मुद्दे का निराकरण करने में केंद्र सरकार विफल रही है। कांग्रेस पार्टी विषय वस्तु के साथ केंद्र सरकार की विफलताओं को लोगों तक ले जाने का काम कर रही है। आज समय आ गया है, देश में बेरोजगारी के खिलाफ भारत जोड़ने का,महंगाई, अराजकता में भारत जोड़ने का आज सभी लोग एकजुट होकर आवाज को बुलंद कर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हल्ला बोल करने का समय आ गया है। यात्रा में प्रमुख रूप से पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, अर्जुन सिंह, महताब आलम, दिलीप पाठक, सुरेश सिंह, शम्भू सिंह, शैलेश मेहता, मीना देवी, चंदू राम, अखिलेश पासवान, सुरेंद्र समेत काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-08/2022-23 (3rd call) PR No. 281812 Lohardaga(22-23):D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.11.2022 | 16.11.2022 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक | 23.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 17.11.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक | 24.11.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 18.11.2022 अपराह्न 2:00 बजे | 25.11.2022 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR.NO.282349 Lohardaga(22-23):D


### वार्ड संख्या 17 में गंदगी का लगा अंबार

# लोगो ने अध्यक्ष प्रत्याशी से सफाई की लगाई गुहार



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी नईमुदीन अंसारी ने अपने टीम के साथ क्षेत्र में बुधवार को भ्रमण कर लोगों को हो रहे परेशानी को जाना और तत्काल उस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगायी। मामला विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 17 की पुरानी पोस्ट ऑफिस गली की बताई जा रही है। जिसमें स्थानीय लोगों ने दावेदार अध्यक्ष प्रत्याशी नईमुदिन अंसारी से अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि इस मुहल्ले में ना तो पोल पर टंगे स्ट्रीट लाइट सही से जलती है। और नाही नगर परिषद द्वारा समय पर साफ सफाई व फॉगिंग की जाती है। जिसके कारण गली व नाले में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए श्री अंसारी ने नगर परिषद के संबंधित कर्मचारी को दूरभाष पर फटकार लगाते हुए अविलंब इस समस्या को ठीक कराने की बात कही। जिस पर संबंधित कर्मचारियो ने यथाशीघ्र मुहल्ले की सभी खामियों को दुरुस्त करने का भरोसा दिया। मौके पर पर श्याम बिहारी विश्कर्मा, दीपक कुमार, स्याम सुंदर साव, नंदलाल चंद्रवंशी, टिंकू चंद्रवंशी, कृष्णा साव, दयाशंभु चंद्रवंशी सहित कई अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-15/2022-23 PR No. 281273 Lohardaga(22-23):D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.11.2022 | 16.11.2022 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक | 23.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 17.11.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक | 24.11.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 18.11.2022 अपराह्न 2:00 बजे | 25.11.2022 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 282348 Lohardaga(22-23)D



## कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– DOPR/DE/ZP/Latehar- 02/2022-23

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत बस पडाव महुआडांड में PCC निर्माण। | 1782954.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 माह | 01/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत बस पडाव महुआडांड में पी0सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 1550455.00 | 31500.00 | 5000.00 | 02 माह | 02/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |
| 3 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पंचायत भवन हामी का मरम्मति कार्य। | 1301400.00 | 26500.00 | 2500.00 | 02 माह | 03/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |
| 4 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पंचायत भवन चम्पा का मरम्मति कार्य। | 1504400.00 | 30500.00 | 5000.00 | 02 माह | 04/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |
| 5 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पंचायत भवन सोहर का मरम्मति कार्य। | 1303200.00 | 26500.00 | 2500.00 | 02 माह | 05/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |
| 6 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पंचायत भवन गढबुढनी का मरम्मति कार्य। | 1339800.00 | 27000.00 | 2500.00 | 02 माह | 06/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 21.11.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–28.11.2022, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. जिला अभियंता, कार्यालय लातेहार में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र (मूल प्रति) एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की जमा करने की तिथि एवं समयः– 29.11.2022 अपराहन् 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 30.11.2022 अपराहन 3:00 बजे।
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 62052–76661
9. निविदा शुल्कः– किसी भी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत मूल बैंक ड्राफ्ट के रूप में ZILA ABHIYANTA, LATEHAR के पक्ष में लातेहार में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा। अन्य किसी बैंक शाखा से निर्गत बैंक ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
12. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
13. संबंधित प्रखण्ड के समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग लेंगे।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 282364 Rural Development(22-23)#D

# मतदाता सूची त्रुटिहीन कराने में निभायें अपनी सहभागिता : आयुक्त




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची में किसी तरह की कोई अशुद्धि नहीं होनी चाहिए। यह एकुरेट हो, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करनी चाहिए। डोर-टू-डोर अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने से संबंधित कार्य कर मतदाता सूची में एकुरेसी कराना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक चलाये जा रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से मतदाता सूची में नाम, पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, फोटो अपडेट करने आदि से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 19 एवं 20 नवंबर को विशेष अभियान दिवस के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह बातें मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे बुधवार को पलामू के समाहरणालय सभागार में पलामू जिले में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा निर्वाचक निबंधन एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि अभियान दिवस के दिन बीएलओ के द्वारा मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर पंजीकरण, सुधार आदि के लिए दावा आपत्ति संबंधित प्रपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। और निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अभियान दिवस का मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में नाम रहने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इसपर ध्यान दें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहयोग करते हुए लोगों को जागरूक करें। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मतदान केन्द्रवार बूथ लेबल एजेंट की सूची जिला को उपलब्ध करायें, ताकि उसे निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके। पदाधिकारी एवं राजनीतिक दल आपसी समन्वय से जिले की मतदाता सूची त्रुटिहीन कराने में अपनी सहभागिता निभायें। आयुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के माध्यम से जागरूकता पोस्टर लगवाना, अक्टूबर- 2023 अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिकों का मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु अग्रिम आवेदन पत्र संग्रह कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण हेतु विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि इस कार्य में जिन बीएलओ का कार्य निराशाजनक है। उन्हें चिन्हित करें और पर्यवेक्षक को सक्रिय करें। जिन बीएलओ एवं पर्यवेक्षक का कार्य शिथिल है। उन्होंने वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड लिंक करने के कार्यों में भी गति लाने का निर्देश दिया। महिला एवं दिव्यांग मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं से संबंधित एक रिपोर्ट संग्रह कर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल करने के लिए पहल करें। 1 जनवरी ,1अप्रैल, 1जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2023 की अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र-6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, अशुद्धि को शुद्ध करने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों सुविधाएं निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। ऑफलाइन व्यवस्था के तहत कोई भी व्यक्ति 6, 6 ए, बी और 7, 8 फॉर्म में आवेदन संबंधित बीएलओ, ईआरओ एवं एईआरओ को समर्पित कर सकते हैं। वहीं ऑनलाइन व्यवस्था के तहत एनभीएसपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं। बीएलओ के द्वारा आयोग स्तर से प्रायोजित गरूदा एप के माध्यम से भी संबंधित व्यक्तियों का ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की कार्रवाई की जायेगी। आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष अपील किया कि वे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का अधिक-से-अधिक प्रचार- प्रसार करें। ताकि उनके क्षेत्र का कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं बचे। आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाता सूची को लेकर निर्धारित विशेष तिथियों को बीएलओ मतदान केंद्रों पर रहकर मतदाताओं का नाम शुद्धिकरण सहित त्रुटि रहित मतदाता सूची करने संबंधित अन्य कार्य कराना सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि किसी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं छूटनी चाहिए। वहीं यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो गई है या वे अपने निर्धारित जगह छोड़कर बाहर चले गए हो, तो उनका नाम भी हटाना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की सुक्षमता को देखते हुए मतदाता सूची त्रुटिहीन बनाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ को अहर्ता रखने वाले सभी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व उप निर्वाचन पदाधिकारी- सह-नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। बैठक में मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-आयुक्त जटा शंकर चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, पांकी के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, डालटनगंज के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, छतरपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, हुसैनाबाद के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण के अलावा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## पलामू जिले के 13 कराटेकार वर्ल्ड कप के लिए चयनित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के 13 कराटेकारो को कोलकात्ता में कराटे वर्ल्ड कप के लिए चयनित किया गया। स्पोंर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कांचो बोध नारायण यादव के द्वारा नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में गोल्ड एवं सिलवर मेडल के जीत हासिल करने पर किया गया।

**चयनित एवं मेडल पाने वाले कराटेकारों के नाम :** संत मरियम विद्यालय के सृष्टि कुमारी, सोनम कुमारी, शिवदयाल कुमार को गोल्ड मेडल एवं ओम प्रकाश, अंश कुमार, आदित्य उरांव, अभिषेक कुमार सिंह, उजाला कुमारी, वर्षा कुमारी, सेजल कुमारी, आदित्य उरांव को सिल्वर मेडल इत्यादि। वहीं पलामू मिक्स मार्शल आर्ट टाइगर्स एकेडमी के रवि नयन, संध्या कुमारी, चांदनी कुमारी को सिल्वर मेडल इत्यादि। यह कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप नेता जी इन्डोर स्टेडियम कोलकाता में 17 व 18 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। जिसमें भारत के अलावे लगभग 30 देशों के कराटेकार कराटे वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने की संभावना हैं। यह जानकारी मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने दिया।

## भुइयां टोली में वाटर प्लांट से पानी सप्लाई शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पानी के बिना जीवन की कल्पना ही बेमानी है। कुछ ऐसी ही स्थिति बेलवाटिका के पॉश इलाके के बीचो बीच स्थित भुईयां टोली में थी। जहां के लोग पानी की सुविधा से आज तक वंचित थे। आजादी के बाद पहली बार वार्ड नंबर 21 के युवा और कर्मठ प्रत्याशी साहेब सिंह की सौजन्य से तीन सप्लाई वाटर प्वाइंट का निर्माण किया गया। जिससे मुहल्ले के लोग आराम से पानी भरने लगे। बुधवार को इसकी शुरूआत किया गया। मेन रोड पर स्थित एकमात्र सप्लाई वाटर नल पर सुबह सुबह भारी भीड़ हुआ करती थी। वहीं अब हर चार पांच घर के बाद नल होने से सभी लोग आराम से एवं अपने घर के बिलकुल पास ही पानी लेने लगे हैं। बाल्टी से पानी ढ़ोने की विवशता आज खत्म हो गई। इतना ही नहीं साहेब सिंह ने वर्षों से बजबजाती नालियों से भी इस मुहल्ले को निजात दे दी है। जिस कारण गंदगी और बिमारियों का प्रकोप बहुत ज्यादा था। सभी नालियों की मूलभूत सफाई करवाने के बाद उन्हें सिमेंट के स्लैब से पाट दिया गया है। खुली नालियों में बहुत बार गिरने, पैर फंसने की शिकायत भी आती थी पर अब नालियों के पटने से गली की सड़क भी चौड़ी हो गई और मच्छरों, बीमारियों से भी मुहल्ले वासियों को छुटकारा मिल गया है। गौरतलब है कि कोरोना काल के फ्रंट लाइन सेवादार रहे हैं साहेब सिंह के भाई गुरबीर सिंह। जिन्होंने हमेशा सामाजिक सोच रखी है और हमेशा समाज के लिए समर्पित रहे हैं। इस अवसर पर गुरबीर सिंह गोलू, साहेब सिंह, राघव सिंह, भिखू राम, विवेक वर्मा, मरांडी भुईयां, मुहल्ले की महिलाएं और समाजसेवी शर्मिला वर्मा उपस्थित रही।

### पलामू के तीन नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने किया इश्तिहार जारी

## आत्मसमर्पण नहीं करने पर होगी कुर्की जब्ती

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के टॉप नक्सली कमांडर संजय यादव उर्फ संजय गोदराम, सीताराम रजवार और उपेंद्र यादव के खिलाफ पुलिस ने इश्तेहार जारी किया है। तीनों यदि आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो उनकी संपत्ति कुर्क की जायेगी। सीताराम रजवार बिहार के औरंगाबाद के एनटीपीसी थाना क्षेत्र के सलैया का रहने वाला है। संजय गोदराम पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के देवगन का और उपेंद्र यादव पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के गोरी औटा का रहने वाला है। वर्ष 2016 में सड़क निर्माण में लगी जेसीबी, हाइवा को नक्सलियों ने फूंक दिया था। पलामू के उंटारी रोड थाना क्षेत्र में वर्ष 2016 में सड़क निर्माण में लगी जेसीबी, हाइवा को नक्सलियों ने फूंक दिया था। हाइवा और जेसीबी गढ़वा के मोरबे के रहनेवाले नरेश सिंह का था। इस मामले में पलामू पुलिस संजय यादव, सीताराम रजवार और उपेंद्र यादव की तलाश कर रही है। इस घटना से जुड़े नक्सली अजय यादव समेत तीन टॉप नक्सलियों की वर्ष 2018 में आपसी लड़ाई में हत्या हुई थी। जबकि इस घटना से जुड़े हुए नक्सली गोविंद उर्फ एनुल मियां ने आत्मसमर्पण किया था। इस मामले में पलामू कोर्ट के माध्यम से तीनों के खिलाफ इश्तेहार जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों में तीनों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि मामले में तीनों के खिलाफ इश्तेहार जारी किया गया है। पलामू पुलिस लगातार नक्सली संगठनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। सीताराम रजवार और संजय यादव पर सरकार ने 10-10 लाख रुपये का इनाम रखा है। सीताराम रजवार और संजय यादव पर पलामू के विभिन्न इलाकों में तीन दर्जन से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। दोनों पर सरकार ने 10-10 लाख रुपये का इनाम भी रखा हुआ है।

## अभाविप ने विवि में नई इकाई की घोषणा की

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अभाविप के एनपीयू इकाई के द्वारा स्नातकोत्तर में विश्वविद्यालय में नई इकाई की घोषणा की गई। जिसमें सुशील कुमार सिंह को अध्यक्ष, विक्रांत सागर को विश्वविद्यालय मंत्री, तनु जयसवाल, अंकित तिवारी, प्रभाकर दुबे उत्कर्ष तिवारी, गीतांजलि कुमारी, और सिंपी कुमारी को उपाध्यक्ष, खुश सिंह, अमित कुमार, राहुल पासवान और रूबी कुमारी को सह मंत्री, सौरव वर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख, कायसा कुमारी को एमबीए डिपार्टमेंट प्रमुख, संजय सिंह को एमकॉम डिपार्टमेंट प्रमुख और गुड्डू उरांव शंकर सिंह और रमेश को विश्वविद्यालय कार्यकारिणी में स्थान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे ने एवं संचालन नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विभाग प्रमुख मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अभाविप ज्ञान, शील, एकता के मूल मंत्र को आगे लेकर के छात्रों में राष्ट्रवाद का भाव भरने के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर के समस्याओं का निदान करने वाले एकमात्र संगठन है।

## वार्ड नम्बर 33 में जनरल सीट को लेकर बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 33 के पंचायत भवन के प्रांगण में जनता की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रताप तिर्की के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य मुद्दा वार्ड नंबर 33 को अनुसूचित जाति का रिजर्व कर दिया गया है। इस वार्ड में अनुसूचित जाति की संख्या अन्य जातियों के अपेक्षा बहुत ही कम है। इसके विरोध में वार्ड नंबर 33 को जनरल सीट करने के लिए, जिला निर्वाचन पदाधिकारी और राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। मौके पर सुदेश्वर चौधरी, अजय राम, पूर्व उप प्रमुख मोहम्मद नौशाद, नन्हक चौधरी, श्रीकांत कुमार, प्रभु राम, विजय चंद्रवंशी, छोटेलाल चौधरी, राजबुद्दीन मियां, दीपक कुमार, कृष्णा चौधरी, नंदलाल राम, नंदू चौधरी, असगर मियां, सुजीत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सर्जन समेत छह चिकित्सकों ने पांच-पांच रोगियों को लिया गोद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कुष्ठ कार्यालय परिसर में बुधवार को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार सिंह समेत छह चिकित्सकों ने पांच-पांच रोगियों को गोद लिया। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ अनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गोद लिये कुष्ठ रोगियों को छह माह तक निश्चिय मित्र कार्यक्रम के तहत फूड पैकेट प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कुष्ठ रोगियों को प्रति माह पांच सौ रुपए पोषण के रूप में दिया जाता है। इसके अलावे अब निश्चिय मित्र कार्यक्रम के तहत गोद लेने वाले लोग कुष्ठ रोगियों को छह माह तक लगातार फूड पैकेट प्रदान करेंगे, ताकि कुष्ठ रोगियों को सही पोषण मिल सके। पलामू जिले में फिलहाल 1849 कुष्ठ रोगी हैं। बुधवार को सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार सिंह, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ अनील कुमार श्रीवास्तव, डॉ श्वेता, डॉ राजेश कुमार, डॉ प्रवीण सिद्धार्थ और डॉ अंशुमन सागर ने पांच-पांच कुल 30 कुष्ठ रोगियों को गोद लिया है। सभी 30 कुष्ठ रोगियों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया गया। फूड पैकेट में तीन किलोग्राम चना, डेढ़ किलोग्राम दाल, एक लीटर सरसो तेल, एक किलोग्राम मूंगफली के अलावा एक किलोग्राम सतू, एक किलोग्राम हॉल्किस या एक किलोग्राम दूध पाउडर दिया जा रहा है। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने बताया कि पलामू के सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी आदि भी शीघ्र कुष्ठ मरीजों को गोद लेंगे।

## मीडिया सिर्फ सूचना प्रदाता नहीं, बल्कि जीवन को प्रभावित करने का कार्य कर रही है : आनंद




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेहतर एवं सुखी समाज के निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका है। वर्तमान में मीडिया सिर्फ सूचना प्रदाता नहीं, बल्कि यह जीवन को प्रभावित करने का कार्य कर रही है। देश दुनिया आज इससे प्रभावित है। सामाजिक जीवन में मूल्य आधारित पत्रकारिता को प्रकट करने का प्रयास किया जाता है। मीडिया,पत्रकारिता समाज को सूचित, शिक्षित और मनोरंजन करने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से आने वाले संदेश का समाज पर व्यापक असर पड़ता है। यह बातें जनसंपर्क के उपनिदेशक आनंद ने कही। वे बुधवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर पलामू जिले के पुराना समाहरणालय भवन में अवस्थित संदर्भ वीथिका में 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषयक परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने उपस्थित सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए परिचर्चा का विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी, जो 16 नवंबर 1966 से अपना विधिवत कार्य प्रारंभ किया था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' रखा गया है। स्वतंत्रता से पहले भारतीय प्रेस ने भारत में राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने और सामाजिक तथा धार्मिक सुधार लाने की संभावनाओं का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने न्यू मीडिया के दौर में विश्वसनीयता से कोई समझौता नहीं करने की बातें कही। उन्होंने कहा कि भारत में प्रेस ने जनता को शिक्षित और जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर असहमति जताते हुए कहा कि मीडिया दुनिया को राह दिखाने एवं विकसित समाज निर्माण में अनुकरणीय योगदान रहा है।सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अजित कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र के विकास में हर तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। परिचर्चा में उक्त लोगों के अलावा विभिन्न प्रेस, मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कई पंचायतो में निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लगातार जिले में भारत जोड़ो यात्रा का अभियान चलाया जा रहा है । उसी क्रम में पलामू जिला के पिपरा प्रखंड के बबन्डी एवं पीपरा पंचायत में निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। भारत जोड़ो यात्रा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक, पिपरा प्रखंड के प्रभारी प्रदेश प्रतिनिधि धनंजय तिवारी जिला से नियुक्त प्रखंड प्रभारी अवध बिहारी सिंह मौजूद थे। भारत जोड़ो यात्रा में लोगों को संबोधित करते हुए। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू जिला में भी लगातार 5 महीने तक निरंतर जिला के सभी प्रखंड नगर वार्ड पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा सद्भावना के साथ देश को सशक्त और मजबूत बनाने का संदेश दिया जा रहा है। यात्रा में प्रमुख रूप से पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, अर्जुन सिंह, अवधेश सिंह हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह, शैलेश मेहता, चंदू राम, गिरजा राम, संतोष ठाकुर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# न्यूज गैलरी

## मेयर प्रत्याशी का घर-घर यात्रा जारी

**मेदिनीनगर।** घर-घर यात्रा के तहत मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का जनसंपर्क लगातार जारी है। उन्होंनें अघोर आश्रम मुहल्ले का भ्रमण किया। जनसंपर्क के क्रम में वार्ड नंबर दो की समस्या से रुबरु हुए। वार्ड में सड़क,बिजली,व पानी निकासी की समस्या को देखते हुए श्री सिंह ने मुहल्ले वासियों को इन समस्याओं से निदान के लिए आश्वस्त किया। यात्रा में अमित सिंह, अमन सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, रौशन उपाध्याय, कुंदन कुमार, शनि वर्मा, बीटू वर्मा, गोलू मेहता व राहुल राज सहित कई मुहल्ले वासी शामिल थे।

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने प्रतिकुलपति को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने विपिन यादव के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति दीपनारायण यादव को विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिनमें मुख्यत: स्नातक सेमेस्टर 4 एवं स्नाकोत्तर सेमेस्टर 4 के परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटियों में जल्द से जल्द सुधार करना था। प्रतिकुलपति ने कहा की बहुत जल्द इन समस्याओं का निवारण कर दिया जायेगा। मैं खुद इस विषय को संज्ञान में लेकर इसका निवारण करूंगा। जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के साथ लगातार खेल रहा है और विद्यार्थी विश्वविद्यालय के इस रवैया से काफी परेशान हो रहे हैं। अगर ऐसा चलता रहा तो तो जल्द ही विश्वविद्यालय हमारा उग्र रूप देखेगा। उन्होंने आगे कहा कि लंबित सत्रों को भी जल्द से जल्द समाप्त किया जाए, ताकि विद्यार्थी आने वाले नियुक्तियों के लिए आवेदन कर सकें। विपिन यादव ने कहा कि एनसीसीएफ लगातार इतनी बड़ी बड़ी गलतियां कर रहा है फिर भी विश्वविद्यालय कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे विश्वविद्यालय की मंशा झलक रही है। एके सिंह कॉलेज, जपला के अध्यक्ष निरंजन सिंह ने कहा की विश्वविद्यालय की लापरवाही से छात्र छात्राएं काफी परेशान हैं। अगर जल्द से जल्द इसका निवारण नहीं हुआ तो हमारा संगठन आंदोलन करने पर बाध्य होगा। इस मौके पर रंजीत,अनुज,दीपक ,नंदिनी,निखिल,सोहेल , सुष्मिता, गौतम, प्रभात, पंकज समेत दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## मेयर प्रत्याशी ने वार्ड नंबर चार का किया दौरा

**मेदिनीनगर।** मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी ने अपने जन समर्थकों के साथ वार्ड नंबर 4 का दौरा किया। वार्ड का दौरा करने के दौरान उन्होंने जनता से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। लोगों ने भी उनका साथ देने का दावा किया। श्री किशोर ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि मेदिनीनगर शहर के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाए। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर शहर का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में मानवता की सेवा करना मेरा परम उद्देश्य है जिससे हम कभी पीछे नहीं हटेंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम एकता व भाईचारगी का प्रतीक : धर्मवीर



**मेदिनीनगर।** प्रखण्ड के गाड़ीखास नवयुवक संघ ने छठ पूजा व भगवान बिरसा मुंडा की जयंति के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया। इसका उद्घाटन उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु सिंह, मुखिया शंकर साव व कवि दिलीप मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन मणीरत्नम ने किया। मौके पर उपप्रमुख धर्मवीर सिंह ने कहा कि आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को युवाओं को आत्मसात करने की जरूरत है। भगवान बिरसा ने जिस तरह से विपरीत परिस्थितियों में अंग्रेजों से संघर्ष किया था उसे झारखंड की जनता कभी भुला नहीं सकती। कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों में आपसी एकता व भाईचारगी का वातावरण बनता है। मुखिया शंकर साव ने इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। कवि दिलीप मेहता ने कहा कि बच्चों को किसी भी परिस्थिति में बेहतर शिक्षा दिलाई। मौके पर भोजपुरी कलाकार राकेश बाबु एवं सुजीत ने भोजपुरी गीतों से श्रोताओं को रात भर झुमाया। इस मौके पर ललन मेहता, मुकेश मेहता, सत्येन्द्र ठाकुर, रजनीकांत सिंह, मुन्ना सिंह, अजीत मेहता, संतोष मेहता, राजकिशोर मेहता, दिलीप कुमार मेहता, विवेक, राजेन्द्र, विक्की सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में मुखिया घायल

**पाटन।** हिसरा बरवाडीह पंचायत के मुखिया जयशंकर प्रसाद मोटरसाईकिल दुर्घटना में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मुखिया जयशंकर अपने घर से मेदिनीनगर मोटर साइकिल से जा रहे थे इसी बीच बैरिया मोड़ के करीब एक जानवर को बचाने के चक्कर में उनका मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें वे घायल हो गए। घायलावस्था में वहां के लोगो ने उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया ,जहां इलाज के बाद पता चला की उनका कंधे की हड्डी फ्रेक्चर हो गया है। फिलहाल इलाज के बाद मुखिया अपने घर में इलाजरत हैं।

## महिला के साथ छेड़खानी, मामला दर्ज

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 35 वर्षीय एक महिला के साथ उसके देवर एवं एक अन्य रिश्तेदार ने शराब के नशे में छेड़छाड़ किया और इसका विरोध करने पर उसके पति और उसके साथ मारपीट की। भुक्तभोगी महिला ने हुसैनाबाद महिला थाना में आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। आवेदन में महिला ने कहा है कि वह खेत मे अकेली गाय चरा रही थी कि उसका देवर अमोद रजवार शराब के नशे में उसके साथ किसी बात पर बहस करते-करते हाथापाई करने लगा और लाठी से मारकर उसका हाथ तोड़ दिया। इसके बाद उसके भैसुर दशरथ रजवार का साला भरदुल रजवार भी वहां शराब के नशे में पहुंचा और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। भरदुल हुसैनाबाद के घाघरा गांव का निवासी है। इसका विरोध करने और बीच-बचाव करने पर तीनों ने उसके पति प्रमोद रजवार को लाठी से मारकर हाथ तोड़ दिया और सिर फोड़कर घायल कर दिया। इसके बाद भी तीनों उसके साथ छेड़खानी करने लगे। तब वहां से किसी प्रकार वह इलाज कराने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। इसके बाद कानूनी कार्रवाई हेतु महिला थाना में आवेदन दी है। महिला थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज गैलरी

### मुखिया प्रमोद कुमार ने जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया




**केतार।** पंचायत सचिवालय केतार के प्रांगण में बुधवार को मुखिया प्रमोद कुमार ने 110 जरूरतमंदों,असहाय, दिव्यांग ग्रामीणों बीच कम्बल वितरण किया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करने का काम किया हु। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए कपड़े नहीं रहते हैं । यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही क्षेत्र में घूम घूम कर जरूरतमंद लोगों की सूची बनाया गया है। जो पूरी तरह लाचार है ।मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपडे.व कंबल खरीद लेते हैं। लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी और मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर उपमुखिया संजय पाल, पंचायत सचिव महावीर महतो, वार्ड सदस्य शिवदत्त मेहता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### डीलर बलिराम मेहता के 85 वर्षीय मां की हुई मौत

**मंझिआंव/गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गहीडी के स्थानीय निवासी डीलर बलिराम मेहता की 85 वर्षीय मां दुखनि देवी की बीती रात्रि 3 :30 बजे मौत हो गई। गौरतलब है कि दुखनि देवी दो पुत्र, तीन बेटियां सहित आठ नाती, पोती भरा-पूरा सुखी सम्पन्न परिवार छोड़ कर चली गई। इधर दुखनी देवी को गुजर जाने से परिजनों के घर योग आस-पड़ोस में गमगीन का माहौल है। ज्ञात हो कि पार्थिव शरीर को स्थानीय कोयल नदी में अंतिम संस्कार किया गया। जहां मुखाग्नि उनके पति भरत मेहता ने दिया ।जहां दुखनी देवी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। मौके पर नगर पंचाउत अध्यक्ष पद के प्रतयाशी मारुत नंदन सोनी, पुष्पक पांडे उर्फ बिटू पांडे, देवेन्द्रनाथ पांडे,गौरीश पांडे, लक्ष्मी मेहता, केसनाथ मेहता, सुनेश्वर मेहता, श्रीराम मेहता, पारस मेहता, आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य का आकस्मिक निधन

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव (54वर्ष) का मंगलवार की शाम में आकस्मिक निधन उनके नरही गांव अवस्थित पैतृक आवास पर हो गया है। उनके निधन की खबर मिलने पर सरस्वती विद्या मंदिर में मातम छा गया। वहीं बुधवार को विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद विद्यालय में अवकाश हो गया। शोक सभा में विद्यालय के सभी आचार्य जी,दीदी जी एवं भइया-बहनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। वही प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने दिव्यांग अरुण कुमार श्रीवास्तव के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को नरही गांव स्थित लोंगा नदी के मुक्ति धाम पर किया गया। शोक सभा में कौशलेंद्र झा, पिंटू सिंह, नंदलाल पांडे, कृष्णा प्रसाद, नीरज सिंह, दीपक सिंह, जय प्रकाश चौधरी, अविनाश कुमार, रेनू कुमारी, संध्या शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे ।वही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सरस्वती विद्या मंदिर समिति के जोखू प्रसाद, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, रवि प्रकाश, अनिल कुमार विश्वकर्मा, शशि कला, नीरज पांडे, चंदन कुमार, विद्या भास्कर उर्फ छोटू, शैलेश कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, कृष्णानंद कुमार सहित अन्य का नाम शामिल है।

### अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कई सामानों की चोरी की



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सेल के तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के बंद कार्यालय में अज्ञात चोरों के द्वारा ताला तोड़कर लोहे के टेबल, बेंच, अलमीरा व सीलिंग फेन चोरी कर ली गई है। इस मामले को लेकर सेल के खान प्रबंधक बी पानीग्रही के द्वारा श्री बंशीधर नंगर थाने में अज्ञात लोंगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना के बारे में खान प्रबंधक पानीग्रही ने पुष्टि करते हुए बताया कि दिन में सुरक्षा गार्ड नियुक्त है। परन्तु रात्रि में कोई प्रहरी नही था जिसके कारण बंद कार्यालय का ताला तोड़कर कुछ समान की चोरी की गई है। बताते चले कि ढाई वर्षों से सेल का तुलसीदामर खदान बंद रहने के बाद भी सेल के बहुत सारे संसाधन अभी भी खदान के कार्यलय में सुनसान एक कर्मी के भरोसे पड़ा हुआ है। जिसका फायदा उठाते हुए चोर आये दिन चोरी की घटना को बेधड़क अंजाम दे रहे है ।

### रक्तदान करना सामाजिक दायित्व : अनुप

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी संदीप कुमार उपाध्याय ने अपने पिता की चौथी पुण्यतिथि पर रक्तदान कर अपने पिता की पुण्यतिथि मनाई। साथ ही अपने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर आयोजन करने का संकल्प लिया। बताते चलें कि संदीप के पिता अशोक कुमार उपाध्याय का तीन वर्ष पूर्व असामयिक निधन हो गया था ।संदीप कुमार उपाध्याय ने बताया कि रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है । रक्त की कमी से किसी की मौत ना हो, इसके लिए रक्तदान जरूरी है। रक्तदान को महादान कहा गया है। इसलिए मेरे मन में भी अपने पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान करने करने का विचार आया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवक को अपने परिवार के किसी सदस्य के पुण्य तिथि, जन्मदिन आदि मनाने के लिए रक्तदान करना चाहिए। इससे हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी पूरा हो जाता है। मौके पर युवा संघर्ष सेना गढ़वा के अध्यक्ष अनुप कुमार उपाध्याय ने कहा कि रक्तदान करना हमारा सामाजिक दायित्व है। मौके पर विवेक पांडेय, गुड्डु उपाध्याय, प्रीतम तिवारी, उदय बैठा आदि उपस्थित थे।

## केतार थाना में चाइल्ड लाइन से दोस्ती कार्यक्रम आयोजित, बोले थाना प्रभारी

# पुलिस को दोस्त समझकर सहयोग मांगे बच्चे




नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** बच्चो को उनके अधिकार जानने और उनके प्रति होने वाले अपराध में सहायता करने के लिए काम करने वाली संस्था चाइल्ड लाइन द्वारा बुधवार को केतार थाना में सुरक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम में 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चे और बच्चीयों को संस्था के पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कराकर उनसे मित्रता का भाव उत्पन्न कराया। बच्चों ने चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह के तहत पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर काफी खुश नजर आये।और पुलिस पदाधिकारीयों को सुरक्षा धगा बांधा। चाइल्ड लाइन द्वारा प्रति वर्ष नवम्बर माह में चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह कार्यक्रम मनाया जाता है। इसअवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा की थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा की चाइल्ड लाइन दोस्ती कार्यक्रम का उद्देश्य बाल सुरक्षा व संरक्षण के प्रति जागरूक करना और संवेदनशील बनाना है ताकि जरूरतमंद बच्चों को जिस प्रकार की मदद की आवश्यकता हो उसे संबंधित विभाग से समय रहते मिल सके। फिर चाहे वह मेडिकल सहायता हो, पुलिस सहायता हो या फिर शिक्षा से संबंधित सहायता हो। थाना प्रभारी ने यह भी कहा की कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और पुलिस के बीच समन्वय स्थापित कराया जा रहा है ताकि बच्चे बिना किसी भय के अपनी समस्या पुलिस को बता सकें। उन्होंने कहा की नाबालिग बच्चों के साथ किसी तरह छेड़खानी,बाल मजदूरी कराया जा रहा है तो इसकी सूचना बच्चे पुलिस को दोस्त समझकर थाना आकर या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें। जिससे बच्चों के साथ होने वाली घटनाओं को रोका जा सके।

### सड़क दुघर्टना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**केतार।** केतार- पाचाडुमर मुख्य पथ के लतमरवा गांव के समीप बुधवार को अनियंत्रित होकर बाईक पलट जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जनाकारी के अनुसार परती कुशवानी पंचायत के योगीयाविर छताकुड़ गांव निवासी प्रेम कुमार अपनी दादी राजवा कुंवर को बाईक से लेकर केतार बाजार में सब्जी खरीदने आ रहा था ।इसी क्रम में बाईक चालक प्रेम कुमार ने लतमरवा गांव के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली में टक्कर मार दिया। जिसमे दादी राजवा कुंवर एवं नाती प्रेम कुमार गीर गये। दोनों को माथे में गम्भीर चोट लगी है ।ग्रामीणों ने दोनों घायलों को केतार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर निशांक निश्रम ने दोनों को प्राथमिक उपचार किया ।दुर्घटना की सुचना मिलते ही घटनास्थल पर केतार पुलिस पहुंच कर घटना की जानकारी लिया।

## 29 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास के घेराव को सफल बनाने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता




**बड़गड़।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा द्वारा बुधवार को बड़गड़ प्रखंड के शिक्षकों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव दिनांक 19 नवंबर को सफल बनाने का आह्वान किया गया । अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने कहा कि आज शिक्षक समुदाय चौतरफा हमले से पीड़ित है राज्य सरकार की हठधर्मिता समुदाय का और सहयोगात्मक रवैया शिक्षा जगत के लिए चिंता का सबब है । आज गुणवत शिक्षा के नाम पर झारखंड राज्य में प्रयोगों का दौर जारी है। शिक्षकों के मान सम्मान एवं हक हकूक के साथ लगातार खिलवाड़ जारी है । इस विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षक समुदाय शिक्षा का अलग वहां पहुंचाने को कृत संकल्पित है जहां आज भी सूरज की किरने नहीं पहुंच पाई है ।उन्होंने कहा कि विभिन्न मांगों पर राज सरकार की चुप्पी एवं झूठे आश्वासनों के कारण अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की राज्य इकाई ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है । उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने कि अपिल किया । इस अवसर पर उपरोक्त लोगों के अलावे महासचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव, राज्य सदस्य आलोक कुमार, शैलेश कुमार तिवारी, जिला कार्यसमिति के पुरुषोत्तम कच्छप, अजय कुमार मिंज, अनीता कच्छप,दोरोथी कच्छप, कपिलदेव प्रसाद क्रिस्टीयानी कुजुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीडीसी ने किया प्रखंड के 4 वेंडरों की अनुज्ञप्ति रद्द

# कर्मियों व जनप्रतिनिधियों पर लगा आर्थिक दंड

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** कागज पर संचालित हो रहे प्रखंड क्षेत्र के 4 वेंडरों की अनुज्ञप्ति को रद्द कर दिया गया है। उनमें जरही गांव के तीन शमशाद अंसारी,राजा इंटरप्राइजेज,नसरुल्लाह अंसारी और रारो गांव के ओमप्रकाश यादव का नाम शामिल है । मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी का पत्रांक 192 दिनांक 7 दिसंबर 2017 के आलोक में डीडीसी राजेश कुमार राय के द्वारा जांच उपरांत उक्त कार्रवाई की गई ।वहीं जारी पत्र के माध्यम डीडीसी ने संबंधित वेंडरों के खाते में मनरेगा की राशि भुगतान करने वाले पंचायत सचिव ,मुखिया व कनीय अभियंता पर प्रति वाउचर ?1000 का आर्थिक दंड भी लगाया है । साथ ही उन्हें सख्त चेतावनी दिया है कि भविष्य में इसका पुनरावृति होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी । करवाई की जानकारी मिलते ही उक्त वेंडरों में आक्रोश व्याप्त हो गया है । मंगलवार की सुबह वे सभी प्रखंड के पदाधिकारियों से लेकर जिले तक के पदाधिकारियों पर खूब भड़ास निकाले । साथ ही कार्रवाई को समझ से परे बताते हुवे उनपर ज्यादती का आरोप लगाया ।वेंडर नसरुल्लाह अंसारी, ओम प्रकाश यादव ,हसीयत अंसारी ने बताया कि प्रखंड के निबंधित वेंडरों में हम ही लोगों के जैसा 2 दर्जन से भी अधिक वेंडरों का दुकान नहीं है । उनका भी दुकान कागज पर ही चल रहा है । लेकिन उन लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई और सिर्फ हम ही 4 लोगों के खिलाफ पदाधिकारियों के द्वारा करवाई कर दिया गया।

### क्या कहते है पीडित वेंडर

वेंडरों ने बताया कि जरही गांव के कसमुदिन अंसारी,डंडाई के एम के इंटरप्राइजेज और सोनेहारा के आरके ट्रेडर्स के अलावा प्रखंड के एक भी वेंडरों का दुकान नहीं है। बावजूद उन लोगों पर कार्रवाई न नहीं की गयी। इससे पहले कई बार सिर्फ दिखावा के लिए कागज पर चल रहे दुकानों का भौतिक सत्यापन भी हुवा ।उक्त लोगों ने कागज पर चल रहे प्रखंड के सभी वेंडरों के खिलाफ भी पदाधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग की है। वेंडरों की बात से प्रखंड पदाधिकारियों की क्रियाकलाप व अब तक दुकानों का हुवा भौतिक सत्यापन भी जांच के घेरे में आ गया। पहला की दो दर्जन से भी अधिक वेंडरों का दुकान नहीं था तो प्रखंड पदाधिकारियों के द्वरा निबंधन के लिए उनके कागजात को जिला कार्यालय कैसे भेज दिया गया। दूसरा वेंडर की दुकान का भौतिक सत्यापन करने आए पदाधिकारीयों को दुकान कहां दिखाई दिया कि वे भी अपने रिपोर्ट में कागज पर चल रहे दुकान को धरातल पर दिखा गए।

## खेत में पटवन करने के दौरान कुएं में गिरने से नाबालिग की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के महुली ग्राम निवासी संजय उरांव की 12 वर्षीय पुत्री आराध्या कुमारी का मंगलवार को कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आराधना कुमारी अपने घर के बगल के खेत में सब्जी का पटवन कर रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गई। देर शाम तक आराधना कुमारी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने देर रात तक आराधना कुमारी का खोज भी किया लेकिन कहीं अता-पता नहीं चला। वही बुधवार को सुबह में खोजबीन करने पर घर के ही बगल के कुएं में आराधना कुमारी का तैरता हुआ शव मिला। जहां शव को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से मृतिका के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। इधर आराधना कुमारी के मौत हो जाने पर घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुली की छात्रा थी। उसके मौत होने की खबर मिलने पर विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

### दो पक्ष आपस में भिड़े, जमकर हुई मारपीट, महिला घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिंदुरिया में बच्चों कि लड़ाई से शुरू हुआ विवाद बड़ों तक पहुंचा गया और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट की घटना में उर्मिला देवी पति पृथ्वी राम घायल हो गई। घायलावस्था परिजनों द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया। जहां पर डॉक्टर निशंक मिश्रम द्वारा इलाज किया जा रहा है। घायल महिला के परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम को बच्चों में खेलने में विवाद मारपीट हुआ था। इसी को लेकर सुबह में अमित राम, धीरज कुमार, कुमारी देवी के द्वारा उर्मिला देवी को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घायल महिला द्वारा स्थानीय थाने में आवेदन नहीं दिया गया था।

### सदर अस्पताल में फिसलकर गिरा बुजुर्ग, घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के परिहारा गांव निवासी बचानी चौहान सदर अस्पताल परिसर में ही गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गए। सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल परिसर में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा अपने माता व पिता की स्मृति में निश्शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर लगाया गया है। बचानी चौहान भी उसी शिविर में मोतियाबिंद आपरेशन कराने आए थे। मंगलवार को आंख जांच किया गया था। जबकि बुधवार को उनके बायां आंख का आपरेशन किया जाना था। इस दौरान बचानी चौहान वाश रूम में चले गए और वहीं फिसल कर गिर गए। इससे उनके कमर व बायां कंधा की हड्डी फ्रैक्चर हो गया।

## कार्डधारियों ने दो माह के फ्री का राशन नही देने पर डीलहर के खिलाफ किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** केंद्र सरकार गरीबों को राहत देने के उद्देश्य से हर महीने राशन के अलावे अतरिक्त फ्री राशन दे रही है। लेकिन अधिकारी एवं डीलर की मिलीभगत से गरीबो को मिलने वाले राशन पर सबकी गिद्ध दृष्टि है और लाभ से गरीब बंचित हो जा रहे हैं। ताजा मामला बुधवार के भवनाथपुर प्रखण्ड क्षेत्र के चपरी पंचायत का है। चपरी के ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के कार्डधारियों ने डीलर द्वारा दो माह के फ्री का राशन नही देने के खिलाफ जमकर हंगामा किया। लाभुक बीरू बैठा, हनीफ मियां, हामिद मियां, असगर अंसारी, बनारसी साह, इसहाक अंसारी, नाजिम हुसैन, मोतीलाल साह, मुस्ताक अंसारी, अमरूदिन अंसारी, कुसमी कुंवर, चिंता देवी, प्रभा देवी, हीरा देवी, बिमला देवी, सलमा बीबी सहित दर्जनों लाभुकों ने बताया कि समूह का अध्यक्ष सह डीलर सुनैना देवी हमलोगों को पी एम जी वाई के फ्री मिलने वाला राशन अगस्त और अक्टूबर माह का राशन नही दिया जा रहा है। मांगे जाने पर डीलर द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। डीलर द्वारा हमलोग को गांव से 5 किलोमीटर दूर भवनाथपुर में पॉश मशीन में अंगूठा लगाने के लिए बुलाती है। जिस से हम लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जितना का अनाज नही उतना भाड़ा भी लग जाता है साथ मे पूरे दिन का समय व्यर्थ होता है। डीलर द्वारा पर्ची भी नहीं दिया जाता है। वहीं डीलर 2 किलो अनाज भी कम देता है। इस संबंध में डीलर सुनैना देवी ने बताया कि में सभी को राशन दे रहीं हूं।

**क्या कहते हैं एमओ:** इस संबंध में पूछे जाने पर एमओ सह बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि राशन डीलर को चला गया है अगर राशन नही देता है तो कारवाई किया जाएगा।

## राजी बाजार का मना 38वां स्थापना दिवस, बोले जिप सदस्य

# बाजार से अच्छी आमदनी कर सकते है ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी(गढ़वा)।** बुधवार को राजी पंचायत के ग्रामीणों ने राजी बाजार की 38वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान बाजार में स्थित शैरी मां के प्रांगण में सामूहिक कथा का आयोजन किया गया। यजमान संजय कुमार दुबे ने भगवान सत्यनारायण का कथा सुनाया। जजमान मोतीलाल पासवान, भगवान दत्त मेहता, नरेश पासवान, शिवनाथ मेहता, हरिवंश पासवान ने सामूहिक कथा सुना। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा की स्थानीय लोगों ने बाजार लगाकर बहुत ही अच्छा कार्य किया है। बाजार लगने से आसपास के लोगों को रोजमर्रा की चीजें आसानी से मिल जाएगी। वही गांव के लोग अपने सामान उचित दामों में बेचकर या व्यापार कर अच्छी आमदनी कर सकते हैं। वही उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने कहा राजी में बाजार लगने से लोगों को सुनहरा मौका मिलेगा ।साथ ही गांव के किसान अपने सामान उचित दामों में बेच लेते होंगे।

वही भगवान दत्त मेहता, नरेश पासवान आदि ने बताया आज के 38 वर्ष पूर्व गांव के लोगो की एक बैठक कर राजी में सप्तक में बुधवार को बाजार लगवाने का निर्णय लिया। इसके लिए गांव के लोगो ने आसपास के दुकानदार से मिलकर राजी बाजार में दुकान लगाने का आग्रह किया। बाजार लगवाने में स्थानीय दुकानदारों का भी भरपूर सहयोग मिला। सभी के सहयोग से राजी में इसके पश्चात बाजार के चौपाल में सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें स्थानीय गायक फरौठा लाल ने एक से एक गीत प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत फरौथा लाल ने थोड़ा ताली बजा लीजिए, थोड़ा ठुमका लगा लीजिए गाकर किया। इसके पश्चात कई भक्ति तथा भोजपुरी गीत गया। सास्कृतिक कार्यक्रम की शुभारंभ मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, वार्ड सदस्य पति मोतीलाल पासवान, भगवान दत्त मेहता ने फीता काटकर किया।

## एसडीओ ने बीडीओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ की बैठक, बोले-

# शत-प्रतिशत योग्य मतदाताओं का नाम दर्ज करे

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी सह एसडीओ ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बीडीओ व बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर निर्वाचन से सबंधित मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की समीक्षा करआवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ ने एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 में आवेदन प्राप्त करने, सभी पर्यवेक्षक को अपने अपने क्षेत्र के सभी बीएलओ को मतदान केंद्र पर निर्धारित लक्ष्य से अवगत कराते हुए शत प्रतिशत सुयोग्य व्यक्तियों का नाम जोड़वाने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि सभी सहायक निर्वाचक पदाधिकारी व पर्यवेक्षक अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत बीएलओ द्वारा किये गये कार्यो का गहन पर्यवेक्षण करेंगे तथा लापरवाही बरतने व कार्य नही करने वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिये प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

#### घर-घर जाकर विशेष अभियान चलाने का निर्देश

उन्होंने सभी बीडीओ को मतदाता सूची में महिला-पुरुष लिंगानुपात को राज्य के अनुपात के बराबर लाने के लिए गहन अभियान चलाते हुये सभी योग्य व्यक्तियों मुख्यरूप से महिलाओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये घर घर जाकर विशेष प्रचार-प्रसार करते हुये आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुरुष-महिला लिंगानुपात में सुधार के लिये सभी मान्यता प्राप्त व गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सभी मान्यता प्राप्त दलों से प्रत्येक मतदान केंद्रों पर अपने एजेंट की नियुक्ति करने का अनुरोध करते हुये उसकी सूची निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

#### आमजन के बीच प्रचार-प्रसार करने का निर्देश

उन्होंने शत प्रतिशत मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक कराने तथा सभी बीएलओ को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने व स्वयं आवेदन करने के लिए वोटर हेल्पलाइन पोर्टल एवम एन वीएस पी बेवसाइट की जानकारी तथा आम जनता के बीच प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम,केतार बीडीओ मुकेश मछुआ,भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो,सगमा बीडीओ सत्यम कुमार,कांडी बीडीओ मनोज तिवारी सहित सभी बीडीओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## नि:शुल्क चना बीज वितरण को लेकर जिप सदस्य ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को कृषि विभाग के अधिकारियों ने चना बीज के निःशुल्क वितरण को लेकर जिला परिषद सदस्य रुपांजली जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष मानसून बेहद कमजोर होने के कारण वर्षा काफी कम हुई है । जिसको देखते हुए सरकार ने किसानों के बीच निःशुल्क चना बीज वितरित करने का निर्णय लिया है । बैठक में उपस्थित कृषी पदाधिकारी आरियल कच्छप, बीटीएम पंकज दुबे , प्रमुख शांती देवी बीस सूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला, उपाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, बड़गड़ मुखिया मोनिका कच्छप, परसवार मुखिया जंगलपति लकडा. एवं सभी बीडीसी ने सामुहिक रुप से निर्णय लिया कि प्रखण्ड में उपलब्ध 37.50 क्विंटल चना बीज का वितरण पंचायतवार क्रमशः बड़गड़ में 187 कृषकों के बीच प्रति किसान पांच किलो दिया जायेगा इसी प्रकार पंचायत परसवार में 188 किसानों के बीच, पंचायत टेहरी में 188 किसानों के बीच तथा पंचायत मदगडी.च में 187 किसानों के बीच वितरण किया जायेगा । कृषी पदाधिकारी आरियल कच्छप ने कहा कि प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन होने अनिवार्य है । उन्होंने कहा कि सभी मुखिया , कृषक मित्र व वार्ड सदस्य किसानों को फार्म भर कर रजिस्ट्रेशन कराने मदद करें। उन्होंने कहा की कृषकों में लगभग तीस प्रतिशत महिलाओं को अवश्य रखें । उन्होंने बताया कि प्रखण्ड में 20 नवम्बर से निःशुल्क बीज कार्य शुरू हो जायेगा ।

## न्यूज गैलरी

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल,एक रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत के दिरीदाग ग्राम के समीप घटी जहां पर विजय कुमार उम्र 22 वर्ष बारियातू बरनी अपना कुछ जरूरी कार्य कर लातेहार से अपना घर बरनी लौट रहा था कि इसी दौरान अनियंत्रित होकर दिरीदाग ग्राम के समीप बाइक पल्ट गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई वही स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया।वहीं दूसरी घटना उसी पंचायत के पकरी ग्राम में अनियंत्रित होकर एक टेम्पू पल्ट गई,जिससे मोहम्मद तौसीफ उम्र 15 वर्ष पकरी व महेंद्र तूरी उम्र 50 वर्ष पकरी घायल हो गया जिसके बाद परिजनों ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई है।

### विधायक की मां के निधन पर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं सहित कई लोगों ने दुख व्यक्ति की

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बैधनाथ राम की मां नागो कुंवर (97 वर्ष) का मौत बुधवार को हो गई,मौत की खबर मिलते ही महागठबंधन के कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि विधायक किसी पार्टी के मीटिंग के लिए बुधवार को लातेहार से रांची गए हुए थे जैसे ही दुखद घटना की जानकारी मिली विधायक वापस अपने पैतृक आवास लातेहर आके लिए रवाना हुए। मिली जानकारी के अनुसार विधायक के पैतृक आवास से अंतिम संस्कार के लिए आज 17 नवंबर को औरंगा नदी मुक्तिधाम में सुबह 10 :00 बजे अंतिम संस्कार की जाएगी। वहीं इस घटना से आहत होकर पार्टी के कार्यकर्ता एवं अन्य संगठन के लोगों ने दुख व्यक्त की है जिसमेंमहागठबंधन कार्यकर्ता जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव कॉन्ग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबेर सहित महागठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता एवं प्रखंड क्षेत्र के कई समाजसेवी राजनीतिक पार्टी के लोगों ने दुख व्यक्त की है।

### अमित गुप्ता बने चंदवा के थाना प्रभारी

**चंदवा।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के द्वारा जिले के कई पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। जिसमे लातेहार थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को चंदवा थाना प्रभारी बनाया गया है वहीं चंदवा थाना प्रभारी मदन शर्मा का तबादला अभियोजन कोषांग सदर कोर्ट लातेहार एवं प्रभारी हिंदी शाखा किया है।

### 25 लाख के इनामी माओवादी का घर किया गया कुर्क



**प्रतापपुर/चतरा।** पुलिस टीम ने 25 लाख के इनामी माओवादी गौतम पासवान के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा स्थित घर बुधवार को कुर्की जप्ती की गई। इसका नेतृत्व एसडीपीओ अविनाश कुमार ने किया। पुलिस दल-बल के साथ माओवादी के घर जेसीबी लेकर पहुंची और दरवाजा तोड़ने के साथ घर में रखे खाटी, चौकी, टीबी, टेबल, कुर्सी, खिड़की समेत सभी समाग्री को जप्त कर थाना ले आई। इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया की राजपुर थाना कांड संख्या 84/15 में माओवादी गौतम के विरुद्ध कोर्ट से वारंट निकला हुआ है। जिसके आलोक में उसके अचल संम्पत्ती को कुर्की किया गया। आगे कहा की गौतम जल्द सरेंडर कर मुख्य धारा से जुड जाए तथा सरकार के योजना का लाभ उठाए। आगे अन्य कांडो में पुन: संम्पती को कुर्की किया जाएगा। कुर्की में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई अखलेश यादव, सअनि निवास सिंह, रंजीत सिंह, रंजय सिंह आदि शामिल थे।

### उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चतरा।** विशेष अभियान दिवस 19 एवं 20 नवंबर के प्रचार-प्रसार हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। बताया गया कि यह प्रचार वाहन हंटरगंज, प्रतापपुर, चतरा में भ्रमण करने के बाद 17 नवंबर को लावालौंग, कुंदा, सिमरिया, 18 नवंबर को टंडवा, पत्थलगड़ा, गिद्धौर व 19 नवंबर को इटखोरी, मयूरहंड व कान्हाचट्टी के विभिन्न पंचाय क्षेत्रों में घूम-घूम कर आम जन को जागरूक करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य उक्त तिथियों को मतदाता सूची में छुटे हुए योग्य मतदाता का नाम शामिल करने के साथ शुद्धिकरण, विलोपन अथवा मतदाता सूची को आधार से जोड़ने का कार्य विशेष कैम्प के माध्यम से किया जाना है। इस अवसर पर डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसी पवन कुमार मंडल आदि उपस्थित थे।

### फरार अभियुक्त भेजा गया जेल

गिद्धौर (चतरा)। एनडीपीएस के फरार अभियुक्त गिद्धौर थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव निवासी लालजी यादव के पुत्र रविंदर यादव को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक के विरुद्ध फरवरी 2022 में एनडीपीएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तब से फरार चल रहा था। पुलिस गश्ती के दौरान अवर निरीक्षक टिकवानंद भगत ने युवक को गिद्धौर बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# 1155 पेटी लदे दस चक्का ट्रक लूटकांड में शामिल पांच लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गया (बिहार) जिले के शेरघाटी हाइवे से 1155 पेटी अंडा लदे दस चक्का ट्रक लुटने वाले पांच अपराधियों को पुलिस ने हंटरगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक लुटकर कुछ अपराध कर्मी डोभी से चतरा जाने वाली सड़क से भाग रहे थे। सूचना पर त्वरित करवाई करते हुए 1155 पेटी अंडा लदे दस चक्का ट्रक को हंटरगंज थाना अंतर्गत ग्राम गोड़वाली से बरामद कर एक अपराधी रविन्द्र चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद रविंद्र के निशानदेही पर घटना में संलिप्त रितेश यादव, अरविंद पासवान, संतु साव, पप्पू यादव की गिरफ्तार किया गया। साथ ही अन्य अपराधकमीर्यों के गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान जारी है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सरोज कुमार चौधरी, नितेश कुमार दुबे, कृष्णा कुमार, निरंजन कुमार, एएसआई सुनील कुमार दुबे आदि शामिल थे।

## दिल्ली से ज्वेलरी लेकर फरार युवक प्रतापपुर से गिरफ्तार, 1.89 किलोग्राम सोना बरामद

**प्रतापपुर/चतरा।** दिल्ली के चांदनी चौक स्थित सिद्धि ज्वेलर्स से 1.89 केजी सोना चोरी कर फरार होने वाले प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कौरा निवासी छोटू रजक पिता विलास रजक को उसके घर से पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। उक्त कार्रवाई दिल्ली पुलिस द्वारा प्रतापपुर थाने के सहयोग से किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि दिल्ली चांदनी चौक स्थित सिद्धि ज्वेलर्स के प्रोपराइटर मनोज जायसवाल पिता अशोक जायसवाल द्वारा कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनके दुकान से काम करने वाले व्यक्तियों ने 1.89 केजी सोने के इयररिंग्स और नेकलेस चुराकर फरार हो गया है। जिसके आलोक में कोतवाली थाने कांड दर्ज कर इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस चतरा पहुंची और पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतापपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ दिल्ली पुलिस की टीम ने छापामारी कर छोटू रजक को उसके घर से चोरी किए गए सामानों के साथ गिरफ्तारी करते हुए उसके निशानदेही पर सोने की 330 जोड़ी सोने की ईयर रिंग्स 1036 ग्राम व 39 जोड़ी सोने का नेकलेस 854 ग्राम का बरामद किया गया। टीम में नई दिल्ली कोतवाली के पुलिस पदाधिकारी योगेश कुमार के साथ प्रतापपुर थाना प्रभारी आदि शामिल थे।

## कामधेनु टीएमटी के तत्वावधान में राज मिस्त्री सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मां इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान द्वारा कामधेनु टीएमटी के तत्वाधान में राज मिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में दुकान के संचालक रंजीत सौंडिक के द्वारा राज मिस्त्री को अच्छी गुणवत्ता कामधेनु सरिया के बारे में बताया गया। वहीं झारखंड के सेल्स मैनेजर राजेश कुमार ने बताया की कामधेनु छड़ टॉप टेन श्रेणी का छड़ है, जो घर बनाने के लिए अति महत्वपूर्ण स्थान रखता है। ग्राहक थोड़ी सी लालच के चलते कम पैसा लगाकर डुप्लीकेट सरिया खरीद कर अपने घर में लगा लेते हैं जो छड़ सीमेंट के साथ अपना गुणवत्ता नहीं रख पाता है। क्योंकि वह जंग अधिक छोड़ने के कारण सीमेंट भी खराब कर देता है और समय से पहले ही झड़ने लगता है। इसलिए कामधेनु छड़ का प्रयोग करें जो मकान निर्माण में बेहतर परिणाम देता है। इस अवसर पर कामधेनु के द्वारा सभी राज मिस्त्री को पुरुस्कार प्रदान किया गया। सम्मेलन में शंभू प्रसाद, विजेंद्र यादव, साहेब यादव, बिरजू यादव, विलास यादव, मुखलाल महतो, शंभू यादव, सुरेंद्र महतो, राजेश महतो सत्येंद्र महतो, मदन महतो, प्रभु महतो, गोलू महतो, पिंटू महतो, जलेश्वर महतो, जोगेंद्र, राजेश भारती, आदि उपस्थित थे।

### किसान उत्पादन संगठन का किया गया उद्घाटन, बोले अधिकारी

# संगठन से जुड़कर योजनाओं का उठाएं लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में किसान उत्पादन संगठन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन नाबार्ड रांची के मुख्य महाप्रबंधक बिनोद कुमार बिष्ट, झारखंड ग्रामीण बैंक हजारीबाग के रीजनल मैनेजर माधवचंद पाल, नवाड चतरा के विकास प्रबंधक मृत्युंजय बक्सी, मुखिया निर्मला देवी ने संयुक्त रूप से फिताकाटकर किया। इस दौरान किसान उत्पादक संगठन में जुड़े किसानों को नवाड के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि अबतक इस संस्था में 418 लोग जुड़े हैं, जो कम है। यह भारत सरकार की योजना है। जितना किसान जुड़ेंगे उतने किसानों को फायदा होगा। किसान इस संस्था से बीज ले खेत में फसल उगाकर संस्था में उचित मुख्य पर बेच सकते हैं। साथ ही नवाड मुख्य महाप्रबंधक व अन्य ने संयुक्त देयता समूह को 50 लाख का डमी चेक, सरसो बीज, संस्था में जुड़े लोग को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। उन्होंने बताया किजेएलजी ग्रुप में जुड़कर लोग ऋण का फायदा ले सकते हैं। लिए गए ऋण का ब्याज एक वर्ष में 10 प्रतिशत लगता है। उद्घाटन कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक बिनोद पासवान, संस्था के जिला कोडिनेटर सत्य रंजन सिन्हा, चतरा प्रभारी सतीश कुमार, संगठन के सुबोध कुमार, निकेश कुमार गुप्ता, तुलेश्वर साव, देवनन्दन साव सहित संस्था के लोग उपस्थित थे।

## जतरा मेला से लौट रहे बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-मालहन-मैक्लुस्कीगंज मुख्य सड़क पर स्थित गुरिटांड़ के समीप मंगलवार देर शाम मोटरसाइकिल सवार दो युवको ने सड़क किनारे खड़े ठेले पर टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद दोनों युवक दुर्घटना का शिकार होकर बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहाँ डॉ नीलिमा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीरता को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल युवकों की पहचान अरविंद कुमार गंझू पिता दुखु गंझू हाका (हुटाप) चंदवा, व अनोद गंझू पिता स्व रामजतन गंझू चतरो (जमीरा) चंदवा निवासी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों युवक 15 नवम्बर के अवसर पर गुरीटांड़ स्थित बिरसा मुण्डा स्मारक स्थल पर झारखंड स्थापना दिवस सह बिरसा जयंती पर लगने वाले जतरा से चतरो लौट रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार बाइक सवार युवक बाइक काफी तेज गति से गाड़ी चला रहे थे दुर्घटना में ठेला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया ठेले पर रखे सामान भी सड़क पर बिखर गए। दुर्घटना में फुचके वाले का हजारों का नुकसान हुआ है।

### हेरहंझ के नए थाना प्रभारी बने शुभम कुमार

**बालूमाथ।** लातेहार एसपी अंजनी अंजनी बुधवार को लातेहार जिले से कई पुलिस के अफसरों का ट्रांसफर पोस्टिंग जिला में ही की है । मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ थाना में पदस्थापित पुलिस अनी निरीक्षक रवि कुमार का तबादला अब बारियातू थाना में हो गया है वही वनी दुती कृष्ण महतो बालूमाथ से अब बरवाडी में पदस्थापित किए गए हैं वही सनी मुख्तार अंसारी बालूमाथ से बारियातू पदस्थापित किए गए हैं और हेरंज के नए थाना प्रभारी अब शुभम कुमार बनाए गए हैं जो कि पहले मुकेश चौधरी थे जिनका ट्रांसफर अब बारियातू नए थाना में थाना प्रभारी के रूप में तैनात की गई है ।

### जिप सदस्य व मुखिया ने किया पक्का नाली का उद्घाटन



**पत्थलगडा(चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत सिंघानी गांव में बुधवार को 15 वें वित्त से नवनिर्मित पक्की नाली का उद्घाटन किया गया। सिंघानी में संगम चोंक से छठ घाट तक बने पक्की नाली का विधिवत फीता काटकर जिप सदस्य व मुखिया राधिका देवी के द्वारा संयुक्त रुप से उद्घाटन किया गया। प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर कहा कि इस नाली के निर्माण होने से मुहल्ले से निकलने वाले पानी के साथ बरसात के दिनों में गांव का पानी अब सड़क पर नही बहेगा। मौके पर वासुदेव दांगी, आदित्या राणा, सुनील दांगी, आदित्य दांगी, दिनेश्वर दांगी समेत अन्य शामिल थे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून ,बीमा योजना जल्द लागू करे सरकार: रोशन गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को पत्रकार संगठन ऑल इंडिया स्मॉल एंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में एक ज्ञापन सौंपा गया है ।ज्ञापन के माध्यम से जिले के पत्रकारों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, बीमा योजना को धरातल पर उतारने का मांग किया है। इसके अलावा झारखंड में पत्रकारों पर फर्जी मामले दर्ज हो रहे हैं इस विषय पर भी मुख्यमंत्री से इस ज्वलंत समस्या पर ध्यान आकृष्ट करने का आग्रह किया है। इस बाबत पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता ने कहा कि लातेहार उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने झारखंड सरकार से सर्वप्रथम झारखंड के पत्रकारों पर प्रशासन के द्वारा द्वेष में आकर झूठा प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है। आए दिन झारखंड में पत्रकारों पर हमले बढ़ रहे हैं पत्रकारों को सच्चाई उजागर करने पर धमकी मिल रही है। इस ज्वलंत समस्याओं पर सरकार को ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्रकार हित में कदम बढ़ाने का मांग किया है इधर उन्होंने लातेहार उपायुक्त से प्रति माह के अंत में जिले के पत्रकारों के साथ चर्चा परिचर्चा को लेकर एक बैठक आयोजित करने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, राहुल पांडे, विवेक सिन्हा, अमित कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, दीपक मिश्रा, नीरज सिन्हा रामकुमार समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# समरुप मुआवजा नीति बनाने की मांग को लेकर अड़े ग्रामीण, थमे कोल वाहनों के पहिये



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित कोल परियोजनाओं से निकलने वाले कोल वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम एवं प्रबंधन द्वारा समरुप मुआवजा नीति बनाने की मांग को लेकर बुधवार को बसरिया मोड़ के समीप ग्रामीण व आजसू कार्यकताओं ने सड़क जाम कर दिया। जिससे दोनों छोर में सैंकडों कोल वाहनों का तांता लग गया। लोगों की मानें तो प्रशासनिक अधिकारियों ने उक्त मांगों को लेकर झूठे आश्वासन व लगातार टाल-मटोल किए जाने से ग्रामीण एवं आजसू कार्यकताओं में खाशा आक्रोश पनप रहा था। वहीं जनसमर्थन व जनाकांक्षाओं को देखते हुए आजसू द्वारा इस बावत एसडीओ सुधीर दास को इस संबंधित कई पत्र सौंपे गए, लेकिन पहल नही की गई। 8 सितंबर को भी बसरिया मोड़ में अनिश्चितकालीन कोल वाहनों का परिचालन ठप कराया गया था, जिसपर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से दी गई थी। 27 अगस्त एवं 2 सितंबर को को एसडीओ सिमरिया को सौंपे गए पत्र में मृतक के परिजनों को 11 लाख रुपए, घायलों को 5 लाख, आंशिक जख्मी को 3 लाख समेत दुर्घटना संभावित जगहों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा सड़क सुरक्षा हेतु कर्मी नियुक्त करने की मांग की गई थी। देर शाम सीओ विजय दास आंदोलन समाप्त कराने के प्रयास में लगे थे। जबकि समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण व कार्यकर्ता ठोस नीति बनाने की मांग को लेकर अड़े हुए थे।

# आदिम जनजाति के पांच नाबालिग को किया गया रेस्क्यू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के नावाडीह ग्राम के आदिम जनजाति परहीया जनजाति समुदाय के 5 नाबालिक लड़की को नौकरी का झांसा देकर बाहर ले जाने वाला आरोपी को छिपादोहार पुलिस ने गिरफ्तार किया। वही लापता सभी 5 नाबालिग लड़की को रेस्क्यू कर सकुशल बरामद कर लिया गया है। बुधवार को छिपादोहर नए थाना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दीलू लोहरा ले इसकी जानकारी दी।

#### गांव के ही कलीमुद्दीन अंसारी बहला-फुसलाकर ले गया था बाहर

एसडीपीओ दिलु लोहारा ने प्रेस वार्ता बताया में बताया की बीते 5 नवंबर को छिपादोहर थाना के चुंगरू पंचायत के नवाडीह ग्राम के कांति देवी पति नेमा परहिया ने आवेदन देकर गांव के पांच अलग-अलग घरों के नाबालिग पुत्री को दूसरे प्रदेशों में काम दिलाने का लालच देकर गांव के ही कलीमुद्दीन अंसारी पिता सत्उद्दीन अंसारी ने बहला-फुसलाकर बाहर ले गया है। कांति देवी व अन्य माताओं ने अपनी नाबालिग पुत्री की हरसंभव खोजने का प्रयास किया नहीं मिलने पर छिपादोहर थाना में लिखित सूचना दी। जिसके आधार पर छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी द्वारा छापामारी दल गठन कर लापता नाबालिगों की खोजबीन का प्रयास किया। इसी क्रम में लापता पांचो लड़कियों एवं बाहर ले जाने वाला कलीमुद्दीन अंसारी को डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन में पकड़ा गया। एसडीपीओ ने कहा कि लापता नाबालिक फुल कुमारी उम्र 13 वर्ष पिता नेमा परहिया, सीमा कुमारी उम्र 12 वर्ष पिता सरजू परहिया, सुवंती कुमारी उम्र 17 वर्ष पिता विरोधन परहिया, सोनी कुमारी उम्र 13 वर्ष पिता स्व जागेश्वर परहिया, मुन्नी कुमारी उम्र 15 वर्ष पिता लक्ष्मण परहिया को अपना बरामद होने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। वही आरोपी आरोपी कलीमुद्दीन अंसारी ग्राम नावाडीह को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। इस छापामारी दल में एसडीपीओ दिलु लोहारा, थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, ए एसआई रंजीत राम,महिला पुलिस कर्मी शामिल थे।

## अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क उपलब्ध होगी लकड़ी

**बरवाडीह।** नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी द्वारा राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत बुधवार को बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर शव दाह गृह में अंतिम संस्कार के लिए अनुदान हेतु कार्यान्वयन का लकड़ी उपलब्ध कराने हेतु कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। जिससे शव दाह में लोगो को लकड़ी की परेशानी से निजात मिलेगी। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने बताया कि सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना है। इसके तहत बरवाडीह के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराया गया है। अब जरूरतमंद लोगों को संस्था को एक आवेदन देकर लकड़ी प्राप्त कर सकते है। इसके पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि बरवाडीह पंचायत की मुखिया कालो देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, द्वारिका प्रसाद समेत अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उदघाटन समारोह में स्टेशन प्रबंधक अनिल कु.द्विवेदी, कांग्रेस नेता रंजित कु.राजू, अजीत गुप्ता, गोपाल राजवंशी, संजय यादव, झारखंड आंदोलनकारी सुरेंद्र प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के सत्संग सह भंडारा कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के खुरा निवासी पप्पू तिवारी, शिवानन्द तिवारी, विद्यान्दन तिवारी के आवास पर श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के सत्संग सह भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग कार्यक्रम की शुरूआत धृतसुंदर अम्बष्ठ के द्वारा पूरे विधि विधान से ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित और पूजा अर्चना करने के साथ किया गया। जिसके बाद रित्विक धृतसुंदर अम्बष्ठ के द्वारा गुरुदेव की संदेश व प्रवचन को सुनाया गया सत्यनाम के महत्व को भी बताया गया। इस दौरान ऋत्विक धर्मेंद्र दादा ने कहा कि घोर अत्याचार, नाजायज स्वार्थ ,पाप, ईर्ष्या तथा द्वेष आदि से लिप्त कलयुग में मानुष से अमानुष बने। कार्यक्रम के दौरान ऋत्विक के द्वारा गुरु देव के कई सन्देश को सत्संग के माध्यंम से रखने का काम किया गया। वही सत्संग के दौरान भजन कीर्तन के आयोजन से पूरा कार्यक्रम स्थल भक्तिमय हो गया इस दौरान एक दर्जन से अधिक लोगो ने ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी की दीक्षा ग्रहण किया . सत्संग कार्यक्रम के समापन के बाद भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी सख्या में गुरु भाई गुरु-मां ने शिरकत की। मौके परजिप सदस्य सन्तोषी शेखर, अखिलेश प्रसाद राजकुमार, अनिल सिंह, अमित अग्रवाल, विवेक सिंह आदि मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### नेहरू युवा केंद्र ने चलाया स्वयंसेवक नामांकन अभियान



**सिमडेगा।** नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा के तत्वावधान में बुधवार को सिमडेगा के एसएस प्लस टू सभागार में सिमडेगा प्रखंड में सघन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए जिला युवा कार्यक्रम पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के वैसे युवा, जो युवा मंडल सदस्य या राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नहीं है, ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वयंसेवक की एक नई टीम तैयार करना है। स्वयंसेवकों का नामांकन 3 साल के लिए किया जा रहा है। वही सिमडेगा प्रखंड में कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पुनीता मिंज और सुषमा प्रधान के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होनें युवाओं को कोरोना महामारी के समय में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे मे जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र संगठन पूरे भारत में स्वयंसेवकों की एक टीम बनाकर आगामी किसी भी समस्या या आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना चाहता है।

### साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 10000 रुपये, थाना में किया शिकायत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के सलडेगा भवानी कॉलोनी निवासी शंभू केसरी नामक व्यक्ति के खाते से साइबर ठगों ने 10000 रुपये की राशि उड़ा ली जिसकी शिकायत को लेकर सिमडेगा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। शंभू केसरी ने बताया कि उसका बैंक ऑफ इंडिया में खाता है और 14 नवंबर को अचानक बिना जानकारी का 10000 रुपये कटने के मैसेज उसके मोबाइल पर आया जबकि संभू केसरी ने बताया कि उसके पास कीपैड मोबाइल है और किसी प्रकार की कोई कॉल मैसेज या फिर किसी प्रकार की कोई भी लिंक या ओटीपी नहीं आई है इसके बावजूद खाता से पैसा कट गया इधर पुलिस आवेदन के आधार पर छानबीन में जुट गई है। वह इधर इसकी सूचना शाखा प्रबंधक को भी दी है और शाखा प्रबंधक की ओर से भी इस मामले में छानबीन की जा रही है।

### बानो प्रखंड में कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो यात्रा आज से प्रारंभ

**बानो।** कांग्रेस कॉग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के तहत बानो प्रखण्ड में पद यात्रा का आयोजन किया गया है। पद यात्रा 17 नवम्बर को प्रखंड के बिंतुका पंचायत से आरम्भ होगी। जिसमें प्रखंड के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को बिंतुका पंचायत आयोजित भारत जोड़ा यात्रा भाग लेने की अपील की गई हैं। पद यात्रा बिंतुका पंचायत से 10 बजे आरम्भ होगी व केवेटांग चौक तक जायगी। उक जानकारी कोंग्रेस प्रखड उपाध्यक्ष प्रखंड कार्यकारिणी समिति के सदस्य मो. रफीक अंसारी ने दी।

### नेटफ्लिक्स पर आने वाले वेब सीरीज पर नजर आएंगे सिमडेगा के गिरीश त्रिवेदी



**सिमडेगा।** हॉकी के बाद अब कला के क्षेत्र में भी जिले के युवा आगे आ रहे है। जिले के गांव के माटी में खेलकर बड़े हुए गिरिश त्रिवेदी माया नगरी मुंबई में अपनी कला का जलवा बिखेर रहे है। गिरिश ने बॉलीवुड के बड़े सितारों के साथ वेब सीरीज में काम कर जिले का नाम रौशन किया है। बताया गया कि नेट फिलिक्स पर रीलिज होने वाली फिल्म खाखी द बिहार चेप्टर में गिरिश ने अपनी अदाकारी से लोगो का दिल जीता है। इस वेब सीरीज में गिरिश आशुतोष राणा, रवि किसन, विनय पाठक, करण ठक्कर, अभिनाश तिवारी, जतीन शर्मा जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म में गिरिश निगेटिव भूमिका में नजर आएगें। बताया गया कि फिल्म की अधिकतर शुटिंग भी रांची, पलामू, हजारीबाग और लातेहार जिले में हुई है। गिरिश ने बताया कि इससे पूर्व वह कई छोटे पर्दे के धारावाहिक में काम कर चुके है।

### ग्राम प्रधानों को दिया ग्राम सभा व जीपीडीपी का प्रशिक्षण




**जलडेगा।** जलडेगा में हक अधिकार प्राप्ति को लेकर काम का रही लीड्स संस्था के जोसेफ लुगुन और कलिंद्र प्रधान ने बुधवार को 19 लक्षित गांव के ग्राम सभा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और आठ स्थाई समिति के सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना, उद्देश्य, प्रक्रिया एवं महत्व, जीपीडीपी, त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थानों का सुदृढ़ीकरण, अर्थ, आवश्यकता, महत्व के अलावा आपदा प्रबंधन में ग्राम पंचायत की भूमिका, ग्राम सभा की शक्तियां, उसके अधिकार, स्थाई समितियों के कार्य एवं दायित्वों आदि का विस्तृत पूर्वक प्रशिक्षण दिया।

### शोक व्यक्त करने पहुंचे पूर्व सांसद पूर्व विधायक के घर



**सिमडेगा।** खूंटी लोकसभा के पूर्व सांसद व लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा बुधवार को पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक विमला प्रधान के आवास पहुचकर पति स्वर्गीय दिलीप प्रधान के निधन पर शोक जताया एवं परिजनों को सांत्वना दी। पूर्व सांसद कड़िया ने स्वर्गीय दिलीप प्रधान को याद करते हुए कहा की वह हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे और समाज को आगे बढ़ाने शिक्षित करने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे उनका जाना समाज के लिए एक बड़ी क्षति है मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ,मुनिनाथ मिश्रा ,दिपक पूरी, अनूप प्रसाद ,नवीन सिंह ,देवकीनंदन साय सहित सभी परिजन मौजूद थे।

---

उपायुक्त ने की भू-अर्जन व राजस्व विभाग की हुई समीक्षात्मक बैठक, कहा

# राजस्व वसूली में किसी तरह की कोताही नहीं बरतें, आंतरिक संसाधनों से राजस्व को बढ़ायें



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में बुधवार को नीलाम पत्र, भू-अर्जन एवं राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने सिमडेगा जिला अंतर्गत विभागवार राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खनन, वन प्रमंडल, निबंधन, मत्स्य, उत्पाद, परिवहन, राज्य-कर, नगर परिषद्, विद्युत, नीलाम पत्र, एवं जिला सहकारिता विभाग की राजस्व संग्रहण की प्रगति एवं लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने संबंधी कार्यों की समीक्षा की। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 का वार्षिक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए प्राप्त विभागीय लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर शत प्रतिशत राजस्व वसूली को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में किसी तरह की कोताही नहीं बरतें, आंतरिक संसाधनों से राजस्व को बढ़ायें, प्रशासनिक क्रियाकलाप में राजस्व संग्रहण काफी महत्वपूर्ण कार्य है, इसकी गंभीरता को समझते हुए सभी पदाधिकारी कार्य करें। उपायुक्त ने अंचलवार राजस्व की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऑनलाईन दाखित खारिज, ऑनलाईन सीमांकन, ऑनलाईन लगान, अवैध/संदिग्ध जमाबंदी का रद्दीकरण/नियमितिकरण, आपसी बंटवारा/उत्तराधिकारी बंटवारा, तहसील कचहरी, प्राकृतिक आपदा से संबंधित, नीलाम पत्र, सभी विद्यालय में अध्ययनरत 1 से 12 कक्षा के विद्यार्थियों का जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने सहित अन्य राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर ससमय लक्ष्य प्राप्त करने कि दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों का वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य कैसे प्राप्त करें इस दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में नीलाम पत्रवाद के लंबित मामलों भी समीक्षा की गई तथा इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, भू-अर्जन पदाधिकारी अजय कुमार बड़ाईक अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों की टैगिंग के लिए किया उपायुक्त ने बैठक



**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा 2022-23 में विद्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के साथ टैगिंग एवं मूल्यांकन केन्द्रों के निर्धारण हेतु समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में परीक्षा केन्द्र के भवन की स्थिति, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केन्द्र, सीसीटीवी कैमरे सहित बेंच-डेस्क की व्यवस्था आदि विभिन्न सुविधाओं की परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। प्रखंड के स्कूली बच्चों को जिले के परीक्षा केन्द्रों में ना आना पड़े, इस दिशा में उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रखंड में ही विद्यालय का चयन करने से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग ने गोस्सनर इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा के प्रति चलाया जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के निर्देश पर सिमडेगा गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा में बुधवार को सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र -छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सड़क अभियांत्रिक के द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा,यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा, तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रति वर्ष देश में तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष कि नहीं होती सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है, अतः इन सब को देखते हुए पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लाई जा सकती हैं। साथ ही छत्रों को गुड़ सेमेरिटन के बारे मे अवगत कराया गया की अगर कोई भी सड़क हादसे का शिकार हो गया हो तो उसे अस्पताल पाहुचाए या हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल कर सहायता करे। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि,एवं विधालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## कुडू में युवक की हत्या के विरोध में लोगों ने किया चार घंटे नेशनल हाईवें जाम

**घर का दरवाजा खुलवाकर अपराधियों ने युवक को गोलियों से भूना, पत्नी और भाई को किया जख्मी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में युवक की हत्या से आक्रोशित लोगों ने मेदिनीनगर-रांची नेशनल हाईवे 75 को 4 घंटे तक जाम रखा। अधिकारियों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजे का आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया। इस दौरान सैकड़ों यात्री और मालवाहक गाड़ियां जाम में फंसी रही। कुडू थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर निवासी बढ़ई मिस्त्री का काम करने वाले विकास साव की हत्या में पीएलएफआई उग्रवादियों का हाथ होने की बात सामने आ रही है। विकास की सोमवार की देर शाम जिन दो व्यक्तियों के साथ विवाद हुआ था, वह पीएलएफआई से जुड़े हुए थे। पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा गोप के इशारे पर ही पीएलएफआई के शूटरों ने मंगलवार की देर शाम गोली मारकर विकास की हत्या की है। इस घटना में विकास की पत्नी पूजा देवी को भी गोली लगी है। जबकि पड़ोस में रहने वाले राजेश साव नामक युवक को धारदार हथियार से वार कर पीएलएफआई उग्रवादियों ने घायल कर दिया है। घटना को लेकर कुडू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना के संदर्भ कुडू थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि मामले में नक्सली घटना के तहत मामला दर्ज किया गया है नक्सली हिंसा के शिकार पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा दिलाने में सहयोग किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद हुई पुलिस पड़ताल में घटना के पीछे पीएलएफआई नक्सलियों के हाथ होने के सुराग मिले हैं पुलिस इस मामले को नक्सली वारदात मानकर करवाई कर रही है।

**सिमडेगा एसपी ने थाना प्रभारियों से किया मासिक क्राइम गोष्ठी, कहा-**

## लंबित कांडों का जल्द किया जाये निष्पादन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी ने समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में बुधवार को मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया। क्राइम गोष्ठी का आयोजन करते हुए सर्वप्रथम थाना बार सभी थाना प्रभारियों से पिछले महीने दिए गए दिशा निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मौके पर उपस्थित एपीपी अमित श्रीवास्तव के द्वारा हाल ही में सजा मिले अभियुक्तों के बारे में समीक्षा की और उन्हें भविष्य में केस डायरी बनाने के दौरान सभी छोटी-बड़ी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मौके पर एसपी ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है इसके लिए विधि व्यवस्था अपराध नियंत्रण एवं सामुदायिक पुलिसिंग पर विशेष फोकस की आवश्यकता है उन्हें सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में इन सभी चीजों को पहल करने का ही है साथ ही उन्होंने साप्ताहिक हाट बाजारों में व्यापारियों से लूटपाट की घटना को विशेष रूप से निगरानी रखते हुए व्यापारियों से तालमेल बनाकर उन्हें बाजार से दूर खरीदारी करने नहीं अपील करने कहा एवं लगातार अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं एसपी ने कहा कि लंबित कांडों को जल्द से जल्द निष्पादन करें ताकि किसी प्रकार की कोई भी समस्या ना हो इसके अलावा जो भी अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं जो जेल से बाहर निकल चुके हैं उनके ऊपर लगातार नजर रखे ताकि किसी प्रकार की कोई भी गतिविधि में संलिप्त ना हो। थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्य करने की बात गई जिससे की आम जनमानस का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और लोग बेझिझक होकर अपनी छोटी बड़ी परेशानियों को पुलिस के सामने साझा कर सकेंगे। इस मौके पर बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

**गुमला।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बुधवार को गुमला सूचना भवन के सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर चर्चा की गई। इस संगोष्ठी में जिले के पत्रकारों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए वर्तमान समय में मिडिया के समक्ष चुनौतियों पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का संचालन करते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने प्रेस काउंसिल के गठन व मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से हम कैसे समाज को अपने देश को नई दिशा दे सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। योगदान दे सकते हैं। जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि यह एक बढ़िया मौका है कि एक साथ मिलकर हम कुछ नया भविष्य पर विचार कर सके। हम चाहते हैं कि पत्रकारों की जो समस्याएं हैं उसका निराकरण हो ताकि पत्रकार निशंकोच आत्मविश्वास के साथ अपनी लेखनी को ताकत दे सके। जिससे समाज को नयी दिशा और मार्गदर्शन मिले जो राष्ट्र निर्माण में एक मिल का पत्थर बन सके।

### 20वां वार्षिक महिला जागृति शिक्षा सम्मेलन में शामिल हुए विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च कोचेडेगा पेरिस में 20वां वार्षिक महिला जागृति शिक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विधायक भूषण बाड़ा के अलावे जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिप सदस्य समरोम पौल टोपनो भी उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अहम है। शिक्षा के आधार पर महिला में दक्षता, कौशल, ज्ञान एवं क्षमताओं का विकास होता है। शिक्षित महिला न केवल स्वयं लाभान्वित होती है, वरन उससे भावी पीढ़ी भी लाभान्वित होती है। विधायक ने कहा कि मानव जीवन में वृक्ष की तरह विकास की कई शाखाएं होती है। इसके हर शाखाओं में महिलाओं की भूमिका अहम है। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागेदारी सुनिश्चित कर समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सकता है। शिक्षित महिला समाज में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। पढ़ी-लिखी महिलाओं को बैंक से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर कोई गुमराह नहीं कर सकता है। शिक्षित महिला समाज की रीढ़ होती है। उन्होंने महिलाओं को समाज मे फैल रही कुरीतियों को दूर करने के लिए भी आगे आने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि जब तक महिलाएं आगे नहीं बढ़ेंगी समाज मे विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मौके पर पादरी जस्टिन एक्का, पादरी विजय कुजूर, पादरी प्रेमचंद बड़ा, पादरी रेखा किंडो, कांडीदात गोबिंदा महतो सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

---

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर वर्तमान समय में मीडिया की चुनौतियां और अवसर पर संगोष्ठी आयोजित

# लोकतंत्र को संवारने में मीडिया की भूमिका अहम : डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वहीं लोकतंत्र को संवारने में मीडिया की भूमिका अहम है। इतिहास रहा है कि जब-जब समाज में सुधार की जरूरत हुई है तब-तब मीडिया ने अपना कार्य किया है। देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने भी समय-समय पर अखबार निकाला और ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका। महात्मा गांधी ने हरिजन, सरदार भगत सिंह ने कीर्ति, बाल गंगाधर तिलक ने केसरी पत्रिका/अखबारों से अपनी बातें लोगों तक पहुंचायी। देश की आजादी के आंदोलन को एक नया आयाम दिया। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने आज बुधवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर सूचना, भवन लोहरदगा में आयोजित सेमिनार/संगोष्ठी के विषय 'वर्तमान समय में मीडिया की चुनौतियां एवं अवसर' में बतौर मुख्य अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि मीडिया की भूमिका समाज सुधार में आगे भी रहेगी। आज खबरें अखबारों में लिखी जाती, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से समाचारों में प्रसारित होती हैं, उसे मीडियाकर्मी फैक्ट चेक कर मीडिया में देते हैं। जो खबरे पढ़ी जाती हैं या देखी जाती है उसमें मीडिया का कर्तव्य है कि वही खबर लिखे। समाज में सही खबरें जाएं, इसमें मीडिया का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उपस्थित मीडियाकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आशीष कुमार, स्वागतक सुभद्रा कुमारी, अनुसेवक सुहैल अहमद, विकास वर्मा व विभिन्न समाचार-पत्रों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल के ब्यूरोचीफ व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अमृत सरोवर योजना अंतर्गत सभी योजनाओं को करे शीघ्र पूरा : उपायुक्त




**उपायुक्त** डॉ वाघमारे की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब निर्माण और तालाब जीर्णोद्धार, किसानों को केसीसी, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, ग्रामवार योजनाओं का चयन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की पूर्णता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर आवास, सरना-मसना स्थल घेराबंदी, घुमकुड़िया निर्माण, समाज कल्याण अंतर्गत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आपूर्ति विभाग अंतर्गत हरा राशन कार्ड समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखंड को लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश दिया गया। ग्रामवार योजनाओं की संख्या बढ़ाए जाने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत जिला के प्रत्येक गांव में भी योजना के लिए स्थल चयन का निदेश दिया गया। बुधवार की बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

#### अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए कार्य करें : आर राम कुमार

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। आप मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य की चिंता किये बगैर कार्य करते रहते हैं। स्वस्थ रहें और अपना कार्य करते रहें। समाज निर्माण में आपकी भूमिका अहम है। इधर कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कयूम खान ने कहा कि आज के सामाजिक संरचना में प्रेस की अहम भूमिका है। प्रेस, प्रशासन तथा जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। वेबपोर्टल, व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्यूटर, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के आ जाने से लाखों चुनौतियां हैं। बावजूद मीडिया अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करता है। समय बदला है। प्रेस मीडिया का स्वरूप भी बदला है। लेकिन मीडिया कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता के साथ करते हैं। चाहे कोरोना काल हो या वर्तमान समय की अन्य चुनौतियां हों, इन सभी का पत्रकारों ने डटकर मुकाबला किया है। मित्रों !आज जहां मीडिया जगत में चुनौतियां हैं तो अवसर भी मिला है।

## Office of the Executive Engineer
## Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tender are invited for Renovation of D.C. Chamber and Meeting Hall at Garhwa under Garhwa District by the Executive Engineer, Building Construction Department B.C.D. Circle No. 02, Ranchi on 24.11.2022 upto 03:00 PM and will be opened on 24.11.2022 at 03:30 PM in respective Office By Executive Engineer or his authorized representative. Who so desire may remain present at the time of opening. Details list of work, specification quantity etc. maybe obtained from the aforesaid office in working day on 23.11.2022 from 12:00 AM to 01:00 PM which cost of Bid Rs. 2500.00 in shape of Demand Draft (non refundable) on any State Bank payble at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

The Tenderer should be accomplished with the intial security deposit which will be 2% of the tender amount (Refundable) in the shape of Bank Guarantee or 5 years/3 years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the schedule Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Garhwa.

Executive Engineer,
B.C.D.
Building Division, Garhwa

PR 282456 Building(22-23)#D


# बड़ी चुनौतियों के बावजूद जम्मू कश्मीर में चमका स्टार्ट-अप बिजनेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बढ़ रहा है लेकिन कई चुनौतियां भी हैं, क्योंकि घाटी में उद्यमी फंडिंग संकट, कुशल संसाधनों की कमी से भी जूझ रहे हैं। इन चुनौतियों के बावजूद जम्मू-कश्मीर के मोरिस एडम, शेख सामी उल्लाह और कई उद्यमियों ने इस क्षेत्र में अच्छी स्थिति दिखाई है। 24 वर्षीय मोरिस एडम जब 2019 में अपनी कॉलेज की छुट्टियों के दौरान श्रीनगर में घर आया, उसने अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी से कुछ चीजें ऑर्डर करने की कोशिश कर रहा था। तब उसे अहसास हुआ कि वे उन चींजों को



उस जगह तक नहीं पहुंचा पाएंगे, जिसकी उसको जरुरत है। एडम ने कहा, 'उसी समय मैंने फैसला किया कि मैं अपना वेंचर शुरू करूंगा।' उस वक्त एडम सिर्फ 21 साल के थे जब उन्होंने कोशुर स्टोर लॉन्च किया। 30 वर्षीय शेख सामी उल्लाह, जिन्होंने डिलीवरी में देरी की कई कहानियां सुनी थीं या कुछ सबसे बड़ी डिलीवरी कंपनियों द्वारा भी जम्मू-कश्मीर में अपने गंतव्य तक डिलीवरी नहीं होने की कहानियां सुनी थीं, उनकी भी स्टार्टअप की ऐसी ही कहानी है। सामी उल्लाह ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में एक ई-कॉमर्स कंपनी के साथ काम कर रहा था और महसूस किया कि क्षेत्र में कूरियर सेवाओं की कमी के कारण किसान और शिल्पकार अपने उत्पादों को हमारे गोदामों तक नहीं पहुंचा सकते। एडम और सामी उल्लाह दोनों जम्मू-कश्मीर में अपने स्टार्ट-अप के साथ उद्यमी हैं।

# शेयर ब्रोकरों के लिए साइबर सुरक्षा नियम लायेगा सेबी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूंजी बाजार नियामक सेबी शेयर ब्रोकरों के लिये साइबर सुरक्षा नियम लाने की तैयारी में है। इससे साइबर धोखाधड़ी, आंकड़ों की चोरी और ट्रेडिंग खातों की हैकिंग के जोखिम की आशंका कम होगी। एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेम्बर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के अध्यक्ष कमलेश शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि साइबर सुरक्षा को लेकर विधान का मकसद शेयर ब्रोकर के साथ-साथ उनके ग्राहकों के हितों की रक्षा करना है। इसमें वे उपाय, प्रक्रियाएं और उपकरण शामिल हो सकते हैं, जो साइबर हमले को रोकने और साइबर मजबूती के मामले में सुधार को लेकर मददगार हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का यह कदम निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। सेबी ने दिशानिर्देश तैयार करने के लिये एक समिति बनाई है, जिसमें नियामक, शेयर बाजार और एएनएमआई के प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रतिभूति बाजार में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास से आंकड़ों की सुरक्षा और निजता बनाए रखने की एक चुनौती है। इसको देखते हुए शेयर ब्रोकरों के लिए एक मजबूत साइबर सुरक्षा और साइबर मजबूती की जरूरत है। शाह ने कहा, शेयर ब्रोकर के पास निवेशकों के बहुत सारे महत्वपूर्ण आंकड़े होते हैं और यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे ऐसी सूचना को साइबर धोखाधड़ी तथा ट्रेडिंग खातों की हैकिंग के जोखिम से बचाएं ताकि निवेशकों को इसके कारण नुकसान उठाना नहीं पड़े


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 1579./ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–16.11.2022

### शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/04/2021-22/RE-1/Gr_01 के गुप संख्या–01 में वर्णित प्रखण्ड–प्रतापपुर, पंचायत –गजवा में पाती नदी पर पुल निर्माण कार्य जिसका PR281789 (Rural Development) 22-23.D द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में निविदा प्रकाशन की तिथि 11.11.2022 के स्थान पर 19.11.2022 एवं कंडिका क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 19.11.2022 के स्थान पर दिनांक–26.11.2022 एवं कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 21.11.2022 के स्थान पर 28.11.2022 तथा निविदा खोलने की तिथि 22.11.2022 के स्थान पर 29.11.2022 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR282406 (Rural Development)22-23*D



## कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पलामू

विज्ञापन संख्या – 01/22

पलामू न्यायमण्डल में अंशकालिक दैनिक मजदूर (स्वीपर के कार्य के लिए) वाह्य स्त्रोत से भर्ती हेतु 01 (एक) पद रिक्त है। उक्त पद पर नियुक्ति हेतु विहित प्रपत्र में सादा कागज में स्वहस्ताक्षरित, पासपोर्ट साइज फोटोयुक्त आवेदन आमंत्रित किया जाता है। चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। पारिश्रमिक प्रतिदिन (रविवार एवं सरकारी अवकाश छोड़कर) मो0 294.44 रूपये एवं अनुमान्य महंगाई भत्ता की दर से देय है।

योग्यता :– (क) हिन्दी लिखने पढ़ने की जानकारी एवं शारीरिक मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ रहना आवश्यक है एवं सफाई कार्य में दक्षता होना चाहिए।

(ख) आवेदक का उम्र दिनांक 01.11.2022 को कम से कम 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, महिलाओं के लिए 37 वर्ष व अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 40 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।

(ग) आवेदन सुपाठ्य एवं साफ अक्षरो मे हिन्दी अथवा अंग्रेजी मे होना चाहिए। इस पद के लिए कोई शुल्क देय नही है।

(घ) अभ्यार्थी अपना आवेदन निबंधक, व्यवहार न्यायालय, पलामू के कार्यालय मे दिनांक– 16–11–2022 से 30–11–2022 को 10.30 बजे दिन से 4.00 बजे शाम तक सीधे एवं निबंधित डाक से भेज सकते है।

आदेशानुसार
निबंधक
व्यवहार न्यायालय पलामू

PR 282371 (District)22-23*D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

### आवश्यक सूचना

(लापता महिला हजारा बीबी उम्र– 28 वर्ष करीब, तथा साथ में एक बच्चा नाम मो0 फैजान अंसारी उम्र–03 वर्ष)





मेराल थाना सनहा सं0–20/022, दिनांक–09.11.022 में लापता महिला हजारा बीबी उम्र–28 वर्ष करीब, पति–गुलाम मुस्तफा, सा0+थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, की रहने वाली है। जो दिनांक 08.11.2022 को समय 10:30 बजे दिन में एक 03 वर्ष के बच्चा जिसका नाम–फैजान अंसारी के साथ कहीं गुम हो गई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला हजारा बीबी एवं बच्चा फैजान अंसारी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

| लापता महिला हजारा बीबी का हुलिया | लापता बच्चा मो फैजान अंसारी का हुलिया |
|---|---|
| उम्र–28 वर्ष करीब, लम्बाई–05 फीट, रंग–गोरा, पहनावा–गुलाबी रंग का सलवार सूट। | उम्र–03 वर्ष, लम्बाई–03 फीट करीब, रंग–गोरा, पहनावा–रंगीन सर्ट पैन्ट। |

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 282354 Police(22-23)#D



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

### छात्रवृति के लिए आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति प्री मैट्रिक (कक्षा 1 से 10) छात्रवृति हेतु सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सूचित किया जाता है कि अपने–अपने प्रखण्ड से प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से User ID & Password प्राप्त करते हुए Website:- ekalyan.cgg.gov.in पर अपलोड किया जाय ताकि ससमय छात्र/छात्राओं का छात्रवृति का भुगतान किया जा सके।छात्र/छात्राओं को छात्रवृति से वंचित रहते हैं तो इस की सारी जवाब दे ही प्रधानाध्यापक की होगी।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 282356 (District)22-23*D



## झारखण्ड सरकार
## वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा

### आम निलामी सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र एवं भण्डरिया प्रक्षेत्र के कार्यालय कैम्पस में (शेश बचे लॉट) जप्त प्रकाष्ठ जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 5000.00 (पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में भुगतेय हो) गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोलीदाता को शीघ्र बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा। प्रकाश्ठ लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोशित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत निबंधित/पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। बिक्री मूल्य के अतरिक्त यथालागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेष कर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते **https://garhwa.nic.in/** एवं **Https://forest.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 – **8789831419** पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | नीलामी स्थल का नाम | नीलामी की तिथि | लौट, प्रकाष्ठ की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1 | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 07.12.2022<br>18.12.2022 | 51 लौट प्रकाष्ठ |
| 2 | रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 07.12.2022<br>18.12.2022 | 5 लौट प्रकाष्ठ |
| 3 | भण्डरिया प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 07.12.2022<br>18.12.2022 | 11 लौट प्रकाष्ठ एवं 4 लौट प्रकाष्ठ |
| 4 | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र के गोदरमाना नर्सरी कैम्पस | 08.12.2022<br>19.12.2022 | 7 लौट प्रकाष्ठ/ जलावन |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 282417 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)#D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 08/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कान्हाचट्टी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र राजपुर का निर्माण। | 5550000 | 10000 | 111000 | 09 माह |
| 2 | हण्टरगंज | स्वास्थ्य उपकेन्द्र चकला का निर्माण। | 5550000 | 10000 | 111000 | 09 माह |
| 3 | ईटखोरी (मयूरहण्ड) | स्वास्थ्य उपकेन्द्र पथरा का निर्माण। | 5550000 | 10000 | 111000 | 09 माह |
| 4 | चतरा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र सिन्दुआरी का निर्माण। | 5550000 | 10000 | 111000 | 09 माह |
| 5 | टण्डवा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बहेरा का निर्माण। | 5550000 | 10000 | 111000 | 09 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22/11/2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 23.11.2022 से 29.11.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा एवं जिला नियंत्रण कक्ष चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30.11.2022 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –01.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6202387326 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in_एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 282351 District(22-23)D



## कार्यालय, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

संयुक्त जिला कृषि भवन, किनामाड मेन रोड, लातेहार– 829206
E-mail ID – scolatehar@gmail.com

### आम सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–37, दिनांक –20.10.2022 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत बंजर भूमि/राईस फेलो विकास उपयोजना अन्तर्गत विशेष सिंचाई सुविधा अन्तर्गत एक एकड़ से अधिक एवं पाँच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाब, जिनका सार्वजनिक उपयोग किया जा रहा है, का मशीन द्वारा जीर्णोद्धार/गहरीकरण का कार्य कराया जाना है, लातेहार जिले में कुल निर्धारित लक्ष्य 78 एवं जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत विभिन्न स्त्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु परकोलशन टैंक (जीमन के निचले भाग में छोटा तालाब) का निर्माण एवं डीप बोरिंग का कार्य कराया जाना है, जिले में कुल निर्धारित लक्ष्य परकोलेशन टैंक–106 डीप बोरिंग–27 है, जिसका भौगोलिक एवं कृषि क्षेत्र के आधार पर निम्नांकित लक्ष्य निर्धारण किया जाता है।

| क० | योजना का नाम | जिले का कुल निर्धारित लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सरकारी तालाब जीर्णोद्धार | 39 | |
| 2 | निजी तालाब जीर्णोद्धार | 39 | |
| 3 | परकोलशलन टैंक (जीमन के निचले भाग में) | 106 | |
| 4 | डीप बोरिंग | 27 | |

सरकारी/निजी तालाबों के चयन के लिए निम्नांकित मापदण्डों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायगा।

1. तालाब का रकबा न्यूनतम एक एकड़ से अधिक एवं पाँच एकड़ से कम होना चाहिए।
2. ग्राम सभा के द्वारा योजना पारित होना चाहिए।
3. माननीय स्थानीय विधायक का अनशंसा होना चाहिए।
4. परकोलशन टैंक एवं डीप बोरिंग हेतु त्रिस्तरीय अनुशंसा मान्य होगी, मा० विधायक अनशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. योजना का खाता सं०, प्लॉट सं०, रकबा संबंधित भूमि प्रतिवेदन अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।
6. सरकारी/निजी तालाब जीर्णोद्धार हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा संबंधित तालाब में विगत पाँच वर्षों में किसी भी सरकारी विभाग द्वारा कार्य नहीं कराये जाने संबंधित प्रमाण पत्र/प्रतिवेदन निर्गत होना चाहिए।
7. गाँव के नक्शा में योजना स्थल का ट्रेस पेपर में चिन्हित नक्शा संलग्न करना होगा।
8. परकोलेंशन टैंक/डीप बोरिंग हेतु कमांक पाँच को छोड़कर शेष कंडिकायें यथावत रहेंगी।

नोटः– योजना का कियान्वयन पानी पंचायत समिति द्वारा किया जाएगा। योजना के प्राक्कलन का 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान एवं 10 प्रतिशत पानी पंचायत समिति द्वारा वहन किया जाएगा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,लातेहार।

PR 282436 Agriculture(22-23)D



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग, झारखण्ड राँची
## (प्रभाग– भूमि संरक्षण)
## कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार
## संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड मेन रोड लातेहार, जिला– लातेहार

Pin No. 829206- E-mail -Id scolatehar@gmail.com

### वित्तीय वर्ष 2022–23 में जलनिधि योजनान्तर्गत राज्य के सभी जिलों में विशेष सिचाई सुविधा अन्तर्गत डीप बोरिग, परकोलेशन टैंक निमार्ण हेतु सूचना

राज्य योजना अन्तर्गत कृषि को बढावा देने के लिए मानसुन पर कृषकों को निर्भरता कम कराने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेंशन टैंक निमार्ण हेतु "जल निधि" नामक योजना वित्तीय वर्ष **2022–23** में जलनिधि योजनान्तर्गत विशेष सिंचाई सुविधा के अन्तर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 37 दिनांक 20.10.2022 के आलोक में डीप बोरिग, परकोलेशन टैंक निमार्ण के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसके लिए शर्ते निम्नवत है।

**कृशक/संस्था का चयन**

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु सीमांत कृषक महिला कृषकों/ईच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिक्ता के आधार पर किया जायेगा, जमा किये हुए आवेदन पत्र एवं जिनकें द्वारा **पानी पंचायत** का गठन कर कृषक अंशदान की राशि खाते में जमा करा दी गयी उनकों प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिन कृषकों को पूर्व में इस योजना का लाभ प्राप्त हो चुका है **उनकी पात्रता मान्यता नहीं होगी।**
3. योजना के कार्यान्यवयन में **त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था** की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं **ग्राम–सभा** से योजना पारित होना आवश्यक है, तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. नदी, नाले, तालाब, कुँआ या अन्य जल श्रोतो से न्यूनतम 200–300 मीटर की दूरी पर प्रस्तावित योजना स्थल का चयन हेतु उपयुक्त एवं मान्य होगा।

**आवेदन पत्र की प्राप्ति**

1. वित्तीय वर्ष **2022–23** में भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार में डीप बोरिंग हेतु निर्धारित लक्ष्य 27 एवं परकोलेंशन टैंक निर्माण हेतु 106 के विरुद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
2. कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार (जिला संयुक्त कृषि भवन, किनामाड लातेहार) से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है। या विहित प्रपत्र में हस्त लिखित आवेदन पत्र भी जमा लिया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र का प्रारुप विभागीय वेबसाईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि निम्न कागजातों के साथ विज्ञापन प्रकाशन की तिथि में पूर्ण भरा हुआ दिनांक 28.11.2022 तक है। एवं इसके बाद के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।**

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा से पारित होना चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया कें द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. पानी पंचायत समिति का गठन कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी /पदाधिकारी/ कनीय अभियंता एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में) पानी पंचायत का गठन किया जायेगा जिसका 3 रंगिन फोटोग्राफ देय होगा।
3. पानी पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की 10% राशि बचत खाता में जमा करके छायाप्रति (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त पासबुक की छायाप्रति)। देय होगा।
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में (मूल प्रति) न्युनतम 12 कृषक।
5. गाँव के नक्शे पर संबंधि योजना को चिन्हीत कर नक्शा की छाया प्रति। (ट्रेस नक्शा के साथ)
6. भूमि का खेसरा संख्या साथ यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी–नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करें।
7. जिस स्थल पर डीप बोरिंग/परकोलेंशन टैंक निर्माण का कार्यान्वियन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं०, प्लॉट सं०, रक्वा अचलनिरिक्षक/अंचलाधिकारी द्वारा भूमि प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

**योजना का स्वरुप**

**(I) डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| योजना अन्तर्गत 6 ईंच Dimetr deep boaring sumerseble pump 1.5 H.P. आवश्यक Accoseries एवं सस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समुहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विविधत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर के न्युनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 27 | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**(ii)परकोलेशन टैंक निमार्ण की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| Length of Percolation Tank - 120ft<br>Width of Percolation Tank - 100ft<br>Depth of Percolation Tank - 12ft<br>Length of Bound- 370ft<br>Side Slope-1:1 | यह योजना लघु एवं सीमांत कृषक समुहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विविधत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर के न्युनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 106 | 4.70 लाख | 90 प्रतिशत (4.23 लाख) | 10 प्रतिशत (0.47 लाख) |

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर सम्पर्क किया जा सकता है – कार्यालय का पता– भूमि संरक्षण पदाधिकारी , लातेहार संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड, मेन रोड लातेहार।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR282434 (Agriculture)22-23*D

सम्पादक की कलम से...

## आज क्या होगा?

**झारखंड** की सियासत में 17 अर्थात गुरूवार का खतरा सत्तारूढ़ महागठबंधन को सता रहा है। क्या आज झारखंड की सत्ता में आसीन दलों पर कोई खतरा बन कर आयेगा यह तो भविष्य के गर्त में छिपा है लेकिन इन आशंकाओं को लेकर झारखंड की सियासत उफान पर है। होनी-अनहोनी की आशंकाओं के बीच महागठबंधन अलर्ट मोड पर है। झारखंड स्थापना दिवस समारोह को लेकर आयोजित मुख्य कार्यक्रम से बाहर निकलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 17 के खतरा पर रणनीति तैयार करने में जुटे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। इस खतरे को ध्यान में रख कर महागठबंधन कई विकल्पों पर काम कर रहा है। बातें नेतृत्व परिवर्तन की भी चल रही है। जानकारी के अनुसार महागठबंधन को यह डर सता रहा है कि ईडी गुरुवार को कोई ऐसा कदम ना उठा ले जिससे कोई परेशानी सामने आ जाये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास में आयोजित यूपीए विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन से इतर किसी नाम पर सहमति कायम की जायेगी और उस पर सभी विधायकों का हस्ताक्षर लिया जायेगा। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। इधर राज्य में चल रहे राजनीतिक घमासान के बीच ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर कांग्रेस विधायक दल की बैठक हो चुकी है। बैठक के बाद विधायक दीपिका पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर यूपीए विधायकों की बैठक हो गयी है। आगे क्या रणनीति होगी इसका खुलासा इन पक्तियों के लिखे जाने तक नहीं हुआ है। कांग्रेस मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्णयों के साथ है, साथ थी और आगे भी साथ रहेगी। कारण उसके पास इसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं है। इधर चर्चा का बाजार गर्म है। ऐसा अनुमान है कि राज्य को मिल सकती है पहली महिला सीएम। इस बीच झामुमो कार्यकर्ताओं का जुटान राजधानी रांची में जारी है। हजारों की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में जमे हुए हैं। कार्यकर्ताओं के बीच कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। कार्यकर्ता कई तरह की आशंकाएं भी जाहिर कर रहे हैं। कई लोग यह भी कहते सुने गये कि झारखंड को पहली महिला मुख्यमंत्री मिल सकती है। राजनीतिक हलके में भी दिन भर इस बात की चर्चा हो रही थी कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसके पहले मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा के पूर्व विधायक जेपी वर्मा अपने सहयोगियों के साथ झामुमो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान हेमंत सोरेन ने कहा कि आपको तय करना है कि इस राज्य में षड्यंत्रकारियों का राज चलेगा या यहां के आदिवासियों का। हमें सत्ता से बेदखल करने के लिए ये लोग लगे हुए हैं, इन्हें पता है कि अगर मैं 5 साल यहां टिक गया तो आदिवासियों को मजबूत कर दूंगा। जो लोग बाहर से आकर यहां राजनीति करते हैं उन्हें बाहर कर दूंगा। मुख्यमंत्री का यह बयान राजनीतिक हलके में चल रहे चर्चाओं को बल प्रदान करता है। ऐसे में झारखंड की राजनीति में कुछ बड़ा होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन एक बात का ध्यान रखना जरूरी है कि इन बातों से जनता को कोई कष्ट का सामना नहीं करना पड़े।

## आज का इतिहास

**1781 :** अंग्रेजों ने नागापट्टनम पर कब्जा किया।
**1841 :** टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया।
**1847 :** ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।
**1908 :** बुलगारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1927 :** महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की।
**2004 :** अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने फि लिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण के लिए चार साल का समय निर्धारित किया।
**2007 :** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एशिया पैसिफि क स्क्रीन अवार्ड में भारतीय फिल्म 'गांधी माई फादर' को सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार मिला।
**2008 :** असम गण परिषद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुई।
**2013 :** तिब्बत में वैज्ञानिकों ने मानव जाति के लिए ज्ञात सबसे पुरानी बड़ी बिल्ली के जीवाश्म की खोज की है।
**2014 :** भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच में 264 रनों की पारी खेलकर रिकार्ड बनाया।
**1930 :** लंदन में भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए पहले गोलमेज सम्मेलन की शुरूआत।
**1936 :** केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले।
**1940 :** भारतीय फिल्मों के अभिनेता अमजद खान का जन्म हुआ।
**1946 :** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय का उत्तर प्रदेश में निधन हुआ।
**1974 :** दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित।
**1990 :** जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार राज्याभिषेक।
**2001 :** न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए।

# मानगढ़ धाम की गौरव गाथा का स्मरण

हमारा देश हमारे गौरवान्वित नागरिकों के संपूर्ण सामर्थ्य का उपयोग करते हुए बहुआयामी रूप से विकास की राह पर बड़े कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव स्वयं का विश्लेषण करने और जन चेतना को जागृत करने का सही अवसर है ताकि देश नई ऊंचाइयों को छू सके। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक ऐसी गाथाएं शामिल हैं जो स्वतंत्रता सेनानियों की जागृत चेतना को दशार्ती है जो राष्ट्रवादी आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वर्गों को समाहित करती हैं। यशवंचित विस्मृत वीरों और वीरांगनाओं ने मातृभूमि की गरिमा की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। हाल ही में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर, 15 नवम्बर को मनाए गए द्वितीय 'जनजातीय गौरव दिवस' में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम और साहसिक कृत्यों का पुनःस्मरण कराया गया। आज 17 नवम्बर का दिन अंग्रेज हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध लड़ते हुए गोविंद गुरु के नेतृत्व में जनजातीय व्यक्तियों द्वारा किए गए नरसंहार का स्मरण कराता है। राजस्थान के डूंगरपुर बांसवाड़ा क्षेत्र में एक बंजारा परिवार में जन्मे गोविंद गुरु ने स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षा को आत्मसात किया और वह सामाजिक-धार्मिक उत्थान के माध्यम से भील जनजातियों को एकजुट करने के लिए सक्रिय हो गए। भारतीय परंपरा और आदर्शों के सच्चे प्रतिपादक के रूप में उन्होंने 25 वर्ष की आयु में सन् 1883 में जनजातीय लोगों के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए 'संप सभा' की स्थापना की। ये सामाजिक-आर्थिक कदम उसी समय उठाए गए जिस समय ब्रिटिशराज भारत से योजनाबद्ध तरीके से लूटपाट कर रहा था और स्थानीय और स्वदेशी लोगों के हितों के प्रति असंवेदनशील हो गया था। सन 1903 के बाद से मानगढ़ पहाड़ी इस क्षेत्र के भील और अन्य जनजातीय लोगों के लिए एक मेले के रूप में आयोजित वार्षिक समागम के लिए प्रसिद्ध स्थान बन गया था। भारत में स्व-शासन की मांग ने 20वीं शताब्दी के पहले दशक में बहुत अधिक जोर पकड़ लिया। फूट डालो और राज करो की नीति और उसके परिणामस्वरूप हुए बंगाल विभाजन तथा धन संपत्ति को देश से बाहर ले जाने की प्रणाली ने ब्रिटिश शासन के नैतिक आधार का भांडाफोड़ कर दिया था। गोविंद गुरु ने भी सूखा/अकाल प्रभावित परिस्थितियों में जनजातियों से लिए जाने वाले लगान को कम करने और धर्म तथा रीति-रिवाजों का पालन करने में स्वतंत्रता की मांग रखी। स्वतंत्रता संग्राम के भाग के रूप में, जनजातियां और भील समुदाय अंग्रेजों के विरुद्ध बड़े संघर्ष की तैयारी में जुटे थे। सन 1913 में 17 नवम्बर की पूर्णिमा के दिन मानगढ़ पहाड़ी पर 1.5 लाख से अधिक भील, गुरु के प्रति अपनी निष्ठा दशार्ते हुए इकट्ठा हुए ताकि वे अपनी आध्यात्मिक इच्छाओं को पूरा कर सकें और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए कोई रास्ता खोज सकें। गैर कानूनी रूप से इकट्ठा किया गया लगान स्पष्ट रूप से अंग्रेजों की दमनकारी नीति और अन्यायपूर्ण कृत्यों को दशार्ता था। 'भूरेटिया नही मानू रे' (मैं अंग्रेजों के दमनकारी शासन के प्रति कभी भी वफादार होना स्वीकार नहीं करूंगा) गीत जनजातीय लोगों की मुखर अभिव्यक्ति बन गया। अतः अन्याय के विरुद्ध लड़ने के लिए गोविंद गुरु का आह्वान ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन की नींव साबित हुआ। इतने बड़े पैमाने पर होने वाली सभा की भनक लगते ही अंग्रेजों ने मानगढ़ पहाड़ी पर 7 कंपनियां तैनात की जिन्होंने पूरी मानगढ़ पहाड़ी को घेर लिया और तोपें भी तैनात कर दीं। गोलियों का भय दिखाते हुए जनजातीय लोगों के हौंसलों को पस्त करने का प्रयास किया। अंग्रेजी हुकूमत ने गोविन्द गुरू और उनके अनुयायी भील समाज के लोगों को मानगढ़ पहाड़ी खाली करने का आदेश दिया। जनता की आध्यात्मिकता द्वारा संवर्धित जागृत चेतना किसी भी प्रकार से अंग्रेजों के प्रति वफादारी स्वीकार करने को तैयार नहीं थी। उनके विश्वास और मातृभूमि की रक्षा करने की भावना ने गोलियों के भय को नजरअंदाज कर दिया। संवेदनहीन अंग्रेजों ने बड़े पैमाने पर गोलीबारी का आदेश दिया और इस अमानवीय कृत्य के कारण उस दिन 1500 से अधिक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण त्याग दिए। अंग्रेजों का नैतिक आचरण लगातार विकृत होता गया जब उन्होंने 6 वर्षों के बाद जलियांवाला बाग नरसंहार और ऐसे ही अन्य अमानवीय कृत्यों को अंजाम दिया। स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे विस्मृत वीरों के बलिदानों ने राष्ट्रवादी समुदाय के नैतिक मूल्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इससे स्वतंत्रता को कानूनी और न्यायसंगत आवश्यकता के रूप में देखे जाने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। इस भावना ने सभी को स्वतंत्र भारत के लिए कर्तव्यनिष्ठता से अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में संपूर्ण रूप से प्रेरित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे मूल, एकता और कर्तव्यपरायणता पर गर्व करते हुए औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को हटाते हुए विकसित भारत के उद्देश्य के साथ अमृत काल के पांच प्रण का आह्वान किया है। राष्ट्र निर्माण हेतु स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीयों की महत्पूर्ण भूमिका पूर्ण रूप से एक प्रेरणादायक गाथा है। जनजातीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के प्रति उनकी संबद्धता और सौहार्द अनुकरणीय है तथा संभ्रांत वर्ग और विकसित देशों के लिए एक सबक है जिसके माध्यम से कार्बन फुट प्रिंट को कम करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की जा सकती है।

**संवेदनहीन अंग्रेजों ने बड़े पैमाने पर गोलीबारी का आदेश दिया और इस अमानवीय कृत्य के कारण उस दिन 1500 से अधिक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण त्याग दिए। अंग्रेजों का नैतिक आचरण लगातार विकृत होता गया जब उन्होंने 6 वर्षों के बाद जलियांवाला बाग नरसंहार और ऐसे ही अन्य अमानवीय कृत्यों को अंजाम दिया। स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे विस्मृत वीरों के बलिदानों ने राष्ट्रवादी समुदाय के नैतिक मूल्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इससे स्वतंत्रता को कानूनी और न्यायसंगत आवश्यकता के रूप में देखे जाने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। इस भावना ने सभी को स्वतंत्र भारत के लिए कर्तव्यनिष्ठता से अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में संपूर्ण रूप से प्रेरित किया।**

हाल ही में 01 नवंबर को मानगढ़ पहाड़ी में आयोजित 'मानगढ़ धाम की गौरव गाथा' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों के साथ, गोविन्द गुरू व बलिदानी भील समाज के वीरों का श्रद्धांजलि देने उपस्थित हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 1913 में इसी पहाड़ी पर एकत्रित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। राष्ट्रीय जनजातीय केन्द्र के रूप में इसका विकास राष्ट्र निर्माण में जनजातीय योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस अवसर पर घोषणा की कि मानगढ़ धाम का विकास राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र की सरकारों के समन्वित प्रयासों और सहयोग से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आदिवासी समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान और बलिदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार द्वारा दस राज्यों यथा - अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, गोवा एवं केरल में जनजाति संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं। एकलव्य मोडल आवासीय विद्यालय का निर्माण, आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना, छात्रों के लिए समर्पित छात्रवृत्ति स्कीम, सिकल सेल एनीमिया को नियंत्रित करने पर विशेष ध्यान, मिशन इन्द्रधनुष, अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से जनजातीय विकास, बांस को वृक्ष की परिभाषा से हटाना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनजातीय लोगों की क्षमता को विकसित करने में सहायता कर रहे हैं। संशोधनों के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) सुदृढ़ करने से उनके विरुद्ध अत्याचारों का प्रभावी निवारण हुआ है। समग्र रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण सामाजिक न्याय की एक नई परिभाषा तैयार हो रही है। आज हम मानगढ़ के शहीदों और विस्मृत वीरों के उत्कृष्ट बलिदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आइए, समकालीन अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर एक व्यावहारिक समस्या-निवारक के रूप में, एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहे एक नए भारत के निर्माण हेतु उन स्वतंत्रता सेनानियों की नैतिकता के साथ हम अपने मूल्यों को एक साथ सार्थक करें। आइए, अपने अतीत को जानें, अदम्य विरासत को आगे बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य प्राप्त होने हेतु सांस्कृतिक मूल्यों से सीख प्राप्त करें। यह एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सोच समझकर चिंतन-मनन करने और कार्य करने का समय है।

**■ अर्जुन राम मेघवाल**
**केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
#### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे देवदेव! कामदेवके समान प्रभावाला यह बालक मुझे परम पवित्र तीर्थ यमुना तथा तमसा नदीके संगम स्थलपर प्राप्त हुआ था ॥ 16 ॥

हे शचीपते! कान्तिसे सम्पन्न यह बालक किसका है; इसका त्याग क्यों कर दिया गया है? है। देवेश! यदि आपका आदेश हो तो मैं इस बालकको अपना पुत्र बना लूँ ॥ 17 ॥

यह अत्यन्त सुन्दर बालक मेरी पत्नीका प्रिय पुत्र बन गया है। धर्मशास्त्रों में कृत्रिम पुत्र भी कहा गया है इन्द्र बोले- यह अश्वरूपधारी भगवान विष्णुका पुत्र है। हे महाभाग। हैहयसंज्ञक यह परम तपस्वी 1 बालक लक्ष्मीजीसे उत्पन्न हुआ है ॥ 18-19 ॥

भगवान विष्णुने ययातिके पुत्र राजा हरिवर्माकी अर्पित करनेके उद्देश्यसे इस बालकको उत्पन्न किया है ॥ 20 ॥

परम धार्मिक राजा हरिवर्मा भगवान विष्णुसे प्रेरणा प्राप्तकर पुत्रके लिये आज ही उस पावन तीर्थमें पहुँचेंगे। अतएव जबतक भगवान विष्णुके द्वारा प्रेरित होकर वे राजा उसे लेनेहेतु वहाँ पहुँच नहीं जाते, उससे पूर्व तुम इस सुन्दर बालकको लेकर वहींपर पहुँच जाओ ॥ 21-22 ॥

हे श्रेष्ठ। वहाँ जाकर इस बालकको छोड़ दो, विलम्ब मत करो; क्योंकि राजा हरिवर्मा [तुमसे पहले पहुँच गये तो] बालकको वहाँ न देखकर अत्यन्त दुःखी होंगे ॥ 23 ॥

अतएव हे चम्पक। इस बालकको छोड़ आओ जिससे राजा पुत्र प्राप्त कर लें। यह पृथ्वीलोकमें 'एकवीर'-इस नामसे प्रसिद्ध होगा ॥ 24 ॥

व्यासजी बोले हे राजन्। इन्द्रकी यह बात सुनकर चम्पक शीघ्रतापूर्वक उस बालकको लेकर उस स्थानपर पहुँच गया। बालक पहले जहाँ पड़ा हुआ था, वहीं पर उसने बालकको रख दिया. और अपने विमानपर चढ़कर अपने स्थानको लौट गया ॥ 25-26 ॥

इसके तुरंत बाद कमलाकान्त जगद्गुरु भगवान विष्णु लक्ष्मीजी के साथ श्रेष्ठ विमानपर आद होकर राजाके यहाँ पहुँचे ॥ 27 ॥

उस समय राजा हरिवमार्ने भगवान् विष्णुको उत्तम विमानसे उतरते हुए देखा। भगवान्‌के दर्शन से राजा अत्यन्त हर्षित हुए और दण्डकी भाँति उनके समक्ष पृथ्वीपर गिर पड़े ॥ 28 ॥

'हे वत्स! उठो' ऐसा कहकर भगवान विष्णुने भूमिपर पड़े हुए अपने भक्तको आश्वासन दिया। इसके बाद राजा हरिवर्मा भी उल्लसित होकर अपने सामने खड़े वासुदेवकी भक्तिपूर्वक स्पष्ट वाणीमें स्तुति करने लगे- ॥ 29 ॥

**- क्रमशः**

# गुरुदेव ने उन्हें कहा था, तरूण तपस्वी

पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस, 14 नवंबर उनकी यादों को ताजा करते हुए आया है, लेकिन उन्हें आज याद करते हुए मैं स्वतंत्रता संग्राम में उनके साथी, भारत की पहली काबीना में उनके दाहिने हाथ, भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद किये बिना नहीं रह सकता। दोनों में बहुत अंतर था। दोनों सर्वथा भिन्न थे, फिर भी परस्पर अभिन्न थे। जैसे एक सिक्के के दो पहलू या घड़ी की दो सुइयां, एक घंटे को दिखाती हुई, तो दूसरी मिनट को। बीती हुई पीढ़ी की घड़ियों में एक तीसरी सुई भी हुआ करती थी, सेकंड की। वह बाकी दोनों सुइयों के आगे-आगे चलती थी, अथक, बेचैन, बाकी दोनों को ललकारती हुई। अगर सरदार पटेल घंटे को दिखाने वाली सुई थे और पंडित नेहरू मिनट की, तो आगे-आगे वेग के साथ चलती सुई थे गांधीजी। वल्लभभाई किसान मूल के थे, दृढ़, मजबूत जैसे कि धरती होती है। वह धरती, जो अकाल को जानती है, सूखे, हल, फावड़े, कुदाल और खुरपी को जानती है। वह धरती, जो किसानों के आत्मबल को, उनके विरोध-प्रतिरोध की शक्ति को जानती है। खेड़ा (1918) और बारडोली (1928) में उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत को दिखा दिया था कि आत्मबल की शक्ति क्या होती है, तभी उनको 'सरदार' की संज्ञा मिली। इस संज्ञा में शक्ति है, संकल्प है। उसमें वह है, जो विश्वास दिलाता है। उन पर गांधी को विश्वास था और वह विराज रहे थे गांधीजी के विश्वास में और गांधीजी देशवासियों के विश्वास में। जवाहरलाल प्रज्ञा, बुद्धि, मति, मनीषा की उपज थे, उस विलक्षणता की, जो विद्वान की पहचान होती है। उस ज्ञान की, इतिहासज्ञ की विश्वव्यापी और सूक्ष्म बुद्धि की, जो लेखन और लेखनी को जानती है। जो पठन और पाठन, ध्यान और शोधन, इतिहास व दर्शन के तेज, शक्ति और अधिकार को जानती है। साथ ही, उनमें एक चैतन्य भी था, एक सूक्ष्म चैतन्य, जो उन तमाम तत्वों को ग्रहण करता था, जो उनके आस-पास यथार्थ थे। वैभव में जन्मे जवाहरलाल ने सुविधाओं में विश्राम न चाहा। देश और देशवासियों की स्थिति को देख, अंग्रेजी हुकूमत के हाथों शोषण को देख अपनी बुद्धि और नौजवानी को स्वतंत्रता संग्राम में समर्पित कर दिया। चौदह साल जेल में काटे, तरुण तपस्वी की संज्ञा उनको गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर ने दी थी। गांधीजी के समान वल्लभभाई और जवाहरलाल, दोनों बैरिस्टर थे। उस पदवी, उस विशेषण को वस्त्र समान दोनों ने उतार छोड़ा और खादी- आजादी की वरदी (नेहरू के शब्द)- को अपनाया। वल्लभभाई को देख भारत की जनता भरोसे से भर गई, तो जवाहरलाल को देख स्नेह से। इतिहास ने इन दोनों को भारत के आत्म-सम्मान के लिए जोड़ा। गांधीजी ने कहा, हिन्दुस्तान की आजादी और भविष्य के लिए इन दोनों का साथ होना अनिवार्य, अपरिहार्य है। भावी इतिहास को इन दोनों की जरूरत है, जैसे बैलगाड़ी को चलाने के लिए दो बैलों की होती है। संभवतः कोई और इस चित्रण को अन्यथा लेता, मगर वल्लभभाई और जवाहरलाल, दोनों हंसना जानते थे, औरों पर नहीं, खुद पर। दोनों गांधीजी के सिपाही थे, उनके सब सिद्धांतों से सहमत न होते हुए भी उनके अनुयायी थे, हमसफर, हमदिल थे। दोनों के स्वभाव, मनः स्थिति के अंतर को कोई नकार नहीं सकता। उनके मतभेद खुले थे, लेकिन कौन इनकार कर सकता है कि उन दोनों ने अपनी असमानताओं को किनारे रखकर अपने चार कंधों पर देश के भविष्य का बोझ रखा, उसको संभाला और भारतमाता की सेवा में साथ अग्रसर हुए। 30 जनवरी, 1948 को जब नियति ने गांधी की महज देह को धराशायी बनाया, तो सरदार स्तब्ध, भागती गाड़ी में बिरला भवन तेजी से पहुंचे। गांधीजी की कलाई उठाई और बोले, देखिये तो...मुझे लगता है नाड़ी रुकी नहीं है? वह बापू को जाने नहीं देना चाहते थे।

**■ गोपाल कृष्ण गांधी**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### निगम बनने से सुविधाओं में वृद्धि

मेदिनीनगर पर्षद को नगर निगम में तब्दील हुए कई साल बीत गए है। कई लोगों ने इस तब्दीली की आलोचना की थी, लेकिन अब देखा जा रहा है। कई स्थानों पर नालियों से लेकर गलियों की सफाई जोर-शोर से की जा रही है। नगर निगम में शामिल कई क्षेत्र हैं ,जहां आज तक झाडू नहीं लगा था । उन क्षेत्रों में गंदगी का सामाज्य था। वहां अब सुबह-सुबह सफाई करते हुए सफाईकर्मी दिखाई दे रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि यह कुछ दिन चलेगा और फिर स्थिति जस की तस हो जायेगी। वहीं स्वच्छता मिशन का भी प्रभाव शहर में दिखाई देने लगा है। नदी व तालाब में सुबह-सुबह शौच करने वालों की संख्या में बेशक कमी आयी है। सुदना की कई सड़के जो कई वर्षो से कच्ची थी । वहां पर पीसीसी सड़क बन गई है। वहीं कई लोगों का कहना है कि जब नगर निगम का टैक्स आयेगा तो पता चलेगा कि नगर निगम क्या है। खैर, कुछ भी हो नगर निगम में नये क्षेत्रों के शामिल होने से नागरिक सुविधाओं में वृद्धि हुई है। यह तो मानना ही होगा। मैं इसके लिए निगम व प्रशासन को आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से बधाई देता हूं।

**■ अनिल कुमार, मेदिनीनगर।**

# अपने देश में इतनी भी खराब नहीं रोजगार की तस्वीर

ट्विटर ने अपने आधे स्टाफ की छुट्टी कर दी। देखने में बात दूर की लगती है, लेकिन भारत में ट्विटर की करीब-करीब पूरी टीम साफ हो चुकी है। इस कंपनी पर कब्जा करने से पहले ही एलन मस्क यह संकेत दे रहे थे कि वह बड़े पैमाने पर लोगों की छुट्टी करेंगे। बाद में भी उन्होंने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि कंपनी हर रोज लगभग 40 लाख डॉलर के घाटे में है, इसलिए कोई और चारा नहीं था। बात खतरनाक है, और यह सिर्फ ट्विटर तक सीमित नहीं है। यहां हुई छंटनी के एक दिन बाद ही फेसबुक चलाने वाली कंपनी मेटा ने 11,000 कर्मियों को निकालने का एलान किया, जो दुनिया भर में उसके कुल कर्मचारियों का 13 फीसदी हिस्सा था। यह खबर सुनते ही अमेरिकी शेयर बाजार में उसके चेयर चमकने लगे और चार प्रतिशत से ज्यादा उछलकर बंद हुए। इससे पहले मस्क टेस्ला में भी 10 प्रतिशत स्टाफ की छुट्टी कर चुके हैं। एपल, माइक्रोसॉफ्ट और तमाम दूसरी टेक कंपनियों को मिलाकर अंदाजा है कि सिलिकॉन वैली में अक्तूबर से अब तक करीब 45,000 लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं। अब जरा अपने आसपास का हाल भी देख लें। भारत की सबसे बड़ी स्टाफिंग कंपनी टीमलीज के मुताबिक, 2020 में महामारी की शुरूआत के बाद से स्टार्टअप में काम करने वाले 23,000 से ज्यादा लोग अपनी नौकरी गंवा चुके हैं। उसका यह भी कहना है कि फंडिंग की किल्लत की वजह से इस साल भी 44 स्टार्टअप ने अपने 15,216 कर्मियों की छुट्टी की है। ऐसा करने वालों में वे यूनिकॉर्न भी शामिल हैं, जिनकी गिनती पर पूरा देश नाज कर रहा है। अमेरिका हो या भारत, ऐसा क्यों हो रहा है, समझना बहुत मुश्किल नहीं है। कोरोना महामारी के बाद से हर कारोबार में उतार-चढ़ाव चल रहा है। कड़े मुकाबले से जूझती कंपनियां मंदी के दबाव में पैसा बचाने को मजबूर होती हैं और इसके लिए उन्हें सबसे आसान रास्ता यही दिखता है कि अपना स्टाफ कम करें। ये नजारे पहले भी देखे गये हैं। टेक्नोलॉजी का बुलबुला फूटने के वक्त और उसके बाद 2008 और 2012-13 में भी मंदी का दबाव बढ़ते ही नौकरियों पर गाज गिरी थी। उस वक्त एक और खास बात देखी गई थी। जिन कंपनियों ने मंदी की आहट भांप ली और सबसे पहले खर्च घटाने व छंटनी की कसरत कर डाली, उनके मुकाबले वे कंपनियां और उनके कर्मचारी ज्यादा बुरी स्थिति में रहे, जो दिन फिरने का इंतजार करते रहे, और फिर जब उन्होंने छंटनी का सहारा लिया, तब तक इतनी देर हो चुकी थी कि उन्हें बड़ी संख्या में लोगों को निकालना पड़ा और उससे भी उनकी माली हालत में कुछ खास सुधार नहीं हुआ। मगर क्या इस वक्त हालात ऐसे हैं कि सबको अपनी नौकरी की फिक्र करनी चाहिए? खासकर भारत में? इसका जवाब मिला-जुला आ रहा है। अपने यहां रोजगार की स्थिति पर सबसे बारीक नजर रखने वाली संस्था सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) का कहना है कि सितंबर के 8.6 करोड़ के मुकाबले अक्तूबर में 8.47 करोड़ लोग ही नौकरी में थे, यानी गिनती गिरी है। मगर महामारी की शुरूआत से देखें, तो इन दोनों महीनों का आंकड़ा मार्च 2020 के मुकाबले किसी भी एक महीने से ज्यादा है। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, रोजगार का आंकड़ा 32 महीनों में पहली बार वहां पहुंचा है, जहां यह महामारी के पहले था। यानी, हालात उतने चिंताजनक नहीं हैं, जितने दिख रहे हैं। अमेरिका में भी पिछले हफ्ते रोजगार के जो आंकड़े आए, वे कुछ अर्थशात्रियों को यह कहने तक का हौसला दे रहे हैं कि शायद उनका देश मंदी की गिरफ्त में फंसने से बच सकता है। हालांकि, इस बात में बहुत दम नहीं है, लेकिन अंधेरे में रोशनी की किरण तो है। भारत में कहानी कुछ और है। एक तरफ यहां बड़े-बड़े स्टार्टअप या यूनिकॉर्न शायद पहली बार यह महसूस कर रहे हैं कि वे चादर से ज्यादा पैर फैला चुके हैं। मगर यहां रोजगार के मोर्चे पर जो चिंता दिख रही है, वह कुछ महीनों की ही बात है। बाजार में खरीदारी का जो हाल है, यदि वह कुछ समय जारी रहा, तो उद्योगों के चक्कों के घूमने व नए निवेश का सिलसिला फिर चल पड़ेगा, और लोगों के लिए नौकरी दरवाजे खुलने में वक्त नहीं लगेगा।**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**■ आलोक जोशी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# डायबिटीज व गठिया का अचूक इलाज सोआ के पत्ते, यूं करें इस्तेमाल

डिल यानि सोआ के बीज, बीजों का तेल, पत्ते और जड़ों का इस्तेमाल सदियों से औषधी के रूप में होता आ रहा है। धनिए की पत्तों की तरह दिखने वाले देसी सुपरफूड सोआ के पत्ते डायबिटीज और गठिया मरीजों के लिए तो यह किसी वरदान से कम नहीं है।

**यूं करें सोया के पत्तों का इस्तेमाल :** स्वाद में थोड़े तीखे व कड़वे होने के कारण हरी सब्जियों के साथ इसका सेवन ज्यादा सही रहता है।

- सोआ के पत्तों का इस्तेमाल आप करी या सब्जी बनाने के लिए कर सकते हैं। राई, जीरा, प्याज, लहसुन-अदरक, हरी मिर्च के साथ इसका तड़का लगाएं।
- सोआ के पत्तों को धोकर इसका जूस बना लें। इसमें नींबू का रस और एक चुटकी काला नमक मिलाकर सुबह-शाम पीएं।
- इसकी पत्तियों को आटे के साथ गूंदकर परांठा बनाकर खाएं।
- इसके अलावा आप सोआ के पत्तों को सूप, अचार, सलाद के रूप में अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।



## सोआ के पत्तों के जबरदस्त फायदे...

**इंसुलिन रहेगा कंट्रोल :** यूं तो डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए कई प्राकृतिक तरीके हैं लेकिन सोआ के पत्ते किफायती के साथ काफी फायदेमंद इलाज है। इससे ना सिर्फ शरीर में इंसुलिन का स्तर समान्य रहता है बल्कि यह ब्लड शुगर लेवल को भी काबू रखता है।

**कैंसर-रोधी गुणों से भरपूर :** इसमें मौजूद एंटी-कैंसर, एंटी-बैक्टीरियल गुण शरीर में कैंसर सेल्स कोशिकाओं को बढ़ने नहीं देते। इससे आप कई तरह के कैंसर से बचे रहते हैं।

**अनियमित पीरियड होंगे कंट्रोल :** अगर आप भी अनियमित समस्या से परेशान है तो सोआ के पत्ते खाकर देखें। इससे कुछ दिनों में ही पीरियड साइल सही हो जाएगा। साथ ही इससे शरीर में हार्मोन्स भी बैलेंस रहेंगे।

**शरीर को करेगा डिटॉक्स :** इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर से विषैले टॉक्सिन्स और फ्री रैडिकल्स को निकालने में मदद करते हैं। इससे दिल के रोगों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

**पाचन क्रिया को रखे दुरुस्त :** नियमित इसकी पत्तियों का सेवन करने से पाचन तंत्र भी सही तरीके से काम करता है। इससे आप कब्ज, एसिडिटी, दस्त से बचे रहते हैं।

**गठिया दर्द का अचूक इलाज :** इसके पत्तों का पेस्ट, अलसी और अरंडी के बीज मिलाकर 1 गिलास दूध के साथ लें। इससे गठिया, आर्थराइटिस, जोड़ों में दर्द और सूजन से छुटकारा मिलेगा।

**गर्भवती महिलाओं के लिए :** गर्भवती और स्तनपान करवाने वाली औरतों के लिए इसका इसका सेवन फायदेमंद होता है। यह दूध की मात्रा बढ़ाने के साथ ओव्यूलेशन को रोकने में भी मददगार है। साथ ही शिशुओं को 1-2 चम्मच ताजा डिल के पत्ते दे सकते हैं।

**उच्च रक्तचाप को करे कम :** डिल और मेथी के बीजों को बराबर मात्रा में पीसकर रख लें। रोजाना दिन में 2 बार 1 गिलास पानी के साथ इसके 2 चम्मच लें। इससे हाई ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल होगा और हड्डियों व मांसपेशियों में भी मजबूती आएगी।

**सोआ के नुकसान :** जहां हर चीज के कुछ फायदे होते हैं वहीं उसके कुछ नुकसान भी होते हैं। उसी तरह सोआ के पत्तों का अधिक मात्रा में सेवन शरीर में पित्त की समस्या बढ़ा सकता है क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है। इससे सीने व शरीर में जलन, गैस्ट्राइटिस की समस्या हो सकती है।



# व्यायाम करने से स्वास्थ्य ही नहीं, स्किन को भी होते हैं लाभ

एक्सरसाइज एक्ने से छुटकारा दिलाने में भी मददगार है। दरअसल, जब आप व्यायाम करती हैं तो आपकी त्वचा से काफी पसीना निकलता है। इस तरह पसीना निकलने से बॉडी से टॉक्सिन निकलते हैं। यह क्लॉग पोर्स को क्लीन करता है और स्किन की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ बैक्टीरिया से भी निजात दिलाता है। चुस्त और तंदुरूस्त रहने के लिए व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। जब आप नियमित रूप से व्यायाम करते हैं तो इससे ना सिर्फ आपका स्टेमिना बढ़ता है, बल्कि इससे वजन भी नियंत्रित होता है। साथ ही आप कई तरह की बीमारियों से बेहद आसानी से बच जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि व्यायाम करने से सिर्फ आपकी सेहत ही नहीं, स्किन को भी कई सारे लाभ होते हैं। इसलिए नेचुरली ग्लोइंग और बेदाग त्वचा पाने के लिए आप व्यायाम का सहारा ले सकते हैं।

**मिलता है ग्लो :** स्किन केयर एक्सपर्ट का मानना है कि व्यायाम करने से आपका रक्त परिसंचरण बेहतर होता है। दरअसल, जब आप व्यायाम करते हैं, तो आपकी हृदय गति बढ़ जाती है जिससे रक्त प्रवाह बढ़ जाता है। यह बढ़ा हुआ रक्त प्रवाह आपकी त्वचा को आवश्यक विटामिन, पोषक तत्व, खनिज और ऑक्सीजन की आवश्यक खुराक प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा बेहद निखरी व खूबसूरत दिखती है।

**रिंकल्स को कह दें अलविदा :** सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन एक्सरसाइज आपकी स्किन को यूथफुल बनाती है। अगर आप बेहद तनावग्रस्त हैं तो आपको नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। स्किन केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि नियमित व्यायाम एंडोर्फिन का उत्पादन करता है। इससे ना सिर्फ आपका तनाव दूर होता है, बल्कि झुर्रियों को भी अलविदा कह सकती हैं। तनाव हार्मोन त्वचा के कोलेजन और इलास्टिन के स्तर को नुकसान पहुंचाने के लिए जाना जाता है। लेकिन जब आपका तनावा दूर होता है तो नो सैगी स्किन, नो फाइन लाइन्स और ना ही रिंकल्स।

# नवीन कारणों से बढ़ रहे डायबिटिज




भारत ही नहीं, दुनिया में जिस तेजी से शुगर पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है उससे सभी चकित हैं। पहले वंशानुगत एवं अधिक आयु व धनाढ्यों को मधुमेह की बीमारी से ग्रस्त पाया जाता था किंतु वर्तमान काल में मधुमेह रोगियों की संख्या बढ़ने या नए शुगर पेशेंट बनाने में कई अन्य कारण सहायक हो रहे हैं। पेन्क्रियाज की कार्यक्षमता में कमी आने के बाद शुगर पीड़ित पाए जा रहे हैं। आधुनिक संसाधनों के कारण आरामपसंद पीढ़ी मधुमेही बन रही है। आधुनिक खानपान, फास्ट फूड, ड्रिंक एवं प्रोसेस्ड फूड कैलोरी से भरपूर होने के कारण यह सेवनकताओं को डायबिटिक बना रहे हैं। हृदय रोगियों की संख्या बढ़ती रही है जो आगे चलकर शर्करा पीड़ित रोगी बनते जा रहे हैं। मोटापा पीड़ित एवं नवधनाढ्य भी इसके रोगी बन रहे हैं। प्रदूषण की अधिकता भी मधुमेह की दिशा में ले जा रही है।

**दवाओं को तोड़कर खाना ठीक नहीं :** सभी दवा निमार्ता दवा में मिले रसायनों एवं उसकी क्रिया को देख उसे टिकिया, कोटेड या कैप्सूल अथवा पाउडर एवं लिक्विड फार्म में निर्माण करते हैं। डाक्टर भी रोगी की आयु व प्रकृति के अनुसार दवा सुझाते हैं। ऐसी दवाओं को तोड़कर खाने, पीसकर खाने या किसी के साथ मिलाकर खाने से उसका प्रभाव करने का रूप बदल जाता है अथवा विपरीत या अन्य प्रतिक्रिया करती है। दवाओं का तेज रसायन नुकसान करता है। साइड इफेक्ट पैदा करता है अथवा विकृति पैदा करता है। बच्चों को दी जाने वाली अधिकतर दवाएं तरल रूप में शक्कर मिश्रित होती हैं। कैप्सूल पेट के अंदर जाकर खुलता एवं घुलता व प्रभाव करता है। इस कैप्सूल के भीतर दवा चूर्ण रूप में होती है। टिकिया पेट के अंदर जाकर घुलती है एवं दो घंटे में उसका पूरा प्रभाव दिखता है। कुछ दवाएं टिकिया के रूप में शुगर कोटेड होती हैं। ये भी पेट के अंदर जाकर घुलती व प्रभाव दिखाती हैं अतएवं डाक्टर के सुझाए अनुसार ही दवा लें एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ पाएं।

**मोटापा तरह-तरह का :** मोटापा भी कई प्रकार का होता है। बचपन का मोटापा माता-पिता एवं वंशानुगत कारणों से तो होता ही है, साथ ही बच्चे को मां से भरपूर दूध मिलने या अधिक दिनों तक मां का दूध पीते रहने के कारण वह बच्चा मोटा हो जाता है। बच्चा अधिक दवाओं के कारण भी मोटा होता है। बचपन में अधिक पौष्टिक खान-पान, दुलार की अधिकता एवं खेलकूद की कमी के कारण बच्चे मोटे हो रहे हैं। हाइपोथायराइड भी सबको मोटा बना देता है। गर्भवती महिलाएं कुछ मोटी दिखती हैं। किडनी की कार्यक्षमता में कमी एवं नमक की अधिकता भी पानी रोककर कुछ मोटा बनाती है। बड़े जब आवश्यकता से अधिक खाते हैं तो मोटे हो जाते हैं। सिटिंग जॉब वाले मोटे हो जाते हैं। युवतियां विवाह उपरांत या नौकरीपेशा बनकर निश्चिंत जीवन जीने के कारण मोटी हो जाती हैं। मेनोपाज के बाद कुछ महिलाएं मोटी हो जाती हैं। बाहरी मोटापा सबको दिखता है किंतु शरीर के भीतर में हृदय, लिवर व पेन्क्रियाज भी मोटा होता है। ऐसे भीतरी मोटापे का शिकार दुबला पतला व्यक्ति भी हो सकता है। निष्कर्षतः सभी के मोटापे में अंतर होता है और मोटापे की अधिकता थुलथुला बना देती है।


# मन हो मजबूत तो पास नहीं आते मानसिक आघात

मानसिक आघात की स्थिति से हर उस व्यक्ति को गुजरना पड़ता है, जिसके रिश्ते या तो असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं या किसी कारणवश अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाते हैं। कोई व्यक्ति दुःख से अपने आप को कितनी जल्दी बाहर ला पाता है यह तो उसकी विल पावर' पर ही निर्भर करता है। मानसिक आघात की बात की जाए तो देखने में आता है कि अकसर महिलाओं को ही इससे यादा गुजरना पड़ता है।

सपनों का आशियाना जब ढहता है तो इसका सदमा बहुत गहरा लगता है। इस वेदना को वही समझ सकता है, जो इसे महसूस कर चुका हो। पुरुष तो फिर भी किसी तरह सदमा सहन कर जाते हैं लेकिन महिलाओं का इसे सहन करते हुए जीना बड़ा दूभर हो जाता है। कई बार दुर्घटनावश युवा दंपत्ति में किसी एक की अकस्मात मृत्यु हो जाने पर महिला या पुरूष घोर मानसिंक तनाव में आ जाते हैं। उन्हें लगता है जैसे उनका सारा जीवन ही उजड गया हो। जीवन के प्रति उनका नजरिया बेहद उदासीन हो जाता है। ऐसे में पनपता है मानसिक अवसाद।

हर व्यक्ति की जीवन में अपनी अलग-अलग प्राथमिकताएं हैं। कोई प्रेम को महत्व देता है तो कोई जिंदगी में कुछ बन जाना ही ध्येय बना कर चलता है। सपने देखने में कोई हर्ज नहीं है। मगर साथ ही व्यावहारिक सोच को बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। सपनों को अपने ऊपर कभी भी हावी नहीं होने देना चाहिए। क्योंकि जब सपने टूटते हैं तो बहुत तकलीफ होती है। लेकिन किसी भी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और मंजिल तक पहुंचने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए।

देखने में आया है कि पुरूषों की तुलना में महिलाओं में मानसिक अवसाद की समस्या अधिक होती है। कभी-कभी महिलाएं जब किसी ध्येय को पाने में असफल हो जाती हैं तो टूट जाती हैं और डिप्रेशन से घिर जाती हैं। उन्हें यह जान लेना चाहिए कि यदि वह फिर प्रयास करें तो उन्हें सफलता मिल भी सकती है। असफलता आपके आत्मविश्वास को डांवाडोल तो करती है लेकिन आपको हिम्मत बनाए रखनी चाहिए।



## आपकी हिम्मत बनी रहे इसके लिए

**निम्न सुझावों को अपनाएं :** जब भी असफलता मिले तो सबसे पहले अपने आपको भावनात्मक रूप से कमजोर न पड़ने दें। अपने आपको किस्मत के सहारे ही न छोड़ें। हर इंसान सपने देखता है, मगर यह जरूरी नहीं कि वे पूरे हों। सपनों का आशियाना अगर तिनका-तिनका कर बिखर जाता है तो भी उसे फिर से बनाया जा सकता है बशर्ते आप हिम्मत न हारें। अपना ध्यान रचनात्मक कार्यों में अधिक लगाएं। जैसे कुछ लिखने का प्रयास करें। लेखन सर्वश्रेष्ठ माध्यम है अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का।

प्रयास करें कि घर में कभी अकेली न रहें। ऐसे में घबराहट बढ़ जाती है। अगर कोई और विकल्प नहीं हो तो घर के छुटपुट कार्य करती रहें या फोन पर किसी सहेली से बातचीत करें। नहीं तो शॉपिंग के लिए ही निकल लें इससे मन हल्का होगा। अगर आप जरा भी पक्के व मजबूत हृदय की हैं तो जल्द ही इस सदमे से उबर जाएंगी। समय सारे घाव भर देता है। इसलिए संयम से काम लें। स्वयं पर विश्वास रखें। एक सपना अगर टूट भी गया तो इसका मतलब यह हरगिज नहीं कि आप सपने देखना ही छोड़ दें। आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

## तनाव को करें दूर

आज की भागदौड़ की जिदगी में सुकून के पल मुश्किल से भी नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में हर किसी को तनाव, कुंठा और अवसाद पूरी तरह घेर लेता है। जो नौकरी कर रहे हैं, वह प्रमोशन और सैलरी को लेकर परेशान है। जो बेरोजगार है, वह अपने रोजी रोटी की चिंता कर रहे हैं। जहां तक संभव हो प्रत्येक दिन योगा और एक्सरसाइज करें।

पूरी डाइट लें।

खाने में सलाद, हरी सब्जी की अच्छी मात्रा शामिल करें। तरल पदार्थ यादा शामिल करें।

न्यूक्लियर फैमिली वालों को थोड़ी सोशल लाइफ भी व्यतीत करनी चाहिए।

सुबह शाम, दोनों टाइम वॉकिग पर जरूर जाएं।

किताब और टीवी के अलावा कुछ रचनात्मक कार्य भी जरूर करें।

सामाजिक कार्य करने वाले भी टेंशन से दूर रहते हैं। इसलिए सामाजिक कार्य में रूचि लें। लाइट और हवादार कमरे में रहें।

टेंशन होने पर सुगर और काबोर्हाइड्रेट की मात्रा यादा लें।

जहां तक हो अपने व्यवहार को बदलें। वातावरण का भी नेचर पर काफी असर पड़ता है।

मनोरंजन पर भी विशेष ध्यान दें।

स्ट्रेस आउट होने के लिए कभी-कभी बाहर घूमने जरूर जाएं।

किसी तरह की मानसिक परेशानी होने पर उसे डॉक्टर से जरूर कंसल्ट करें।

मानसिक बिमारी शारीरिक बिमारी से यादा घातक होती है।

फैमिली के सदस्य एक दूसरे को खास टाइम जरूर दें ताकि एक दूसरे की समस्याओं को जान समझ सकें।

❖ अजय डोगरा

# क्या है ओरल हाइजीन, किन बातों का रखें ख्याल

कुछ लोग ऐसे हैं जो पूरे दिन में केवल एक बार ही ब्रश करते है बाकि सारा दिन मुंह को ऐसे ही रखते हैं। ध्यान दें कि आप पूरा दिन खाने पीने में बहुत सी ऐसी एक्टिविटी करते हैं जो आपके मुँह में सड़न का भी कारण बन सकती हैं। अक्सर हम अपने शरीर पर ध्यान तो देते हैं पर मुंह का एक हिस्सा जिसे यदि स्वच्छ ना रखा जाए तो हमें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है। ओरल हाइजीन मुंह में दांतों और जबड़ों का वह हिस्सा है जो हमारे खाने और पीने की प्रक्रिया में निरंतर हमारी सहायता करते है इसलिए हम सुबह और रात मे ब्रश करते हैं। लेकिन ओरल हाइजीन ब्रशिंग के अलावा भी बहुत कुछ है जिसमें पूरे माऊथ की साफ सफाई का अच्छे से ख़्याल रखा जाता है। ज्यादा मात्रा में एल्कोहल और हर रोज बाहर का भोजन करने से भी कई तरह की ओरल समस्याएं पैदा होती हैं जिसे लोग नजरअंदाज कर देते हैं और अपने मुंह की सफाई मे केवल ब्रश करने को ही महत्वपूर्ण मानते हैं।

## कुछ ऐसी गलतियां जो जुड़ी है ओरल हाइजीन से



**ब्रशिंग करना :** कुछ लोग ऐसे हैं जो पूरे दिन में केवल एक बार ही ब्रश करते है बाकि सारा दिन मुंह को ऐसे ही रखते हैं। ध्यान दें कि आप पूरा दिन खाने पीने में बहुत सी ऐसी एक्टिविटी करते हैं जो आपके मुँह में सड़न का भी कारण बन सकती हैं। इसलिए सुबह उठकर और रात को सोने से पहले कम से कम दो बार ब्रश का प्रयोग जरूर करें।

**अच्छे टूथपेस्ट का प्रयोग ना करना :** सही टूथपेस्ट का चुनाव ना करना भी ओरल हाइजीन की एक गलती मे शामिल हो सकता है। आजकल मार्केट में जड़ी बूटियों, नीम, पुदीना आदि से संबंधित बहुत से ऐसे टूथपेस्ट मिल जाते हैं जो आपके माऊथ को क्लीन करने के अलावा किसी भी तरह की मुँह की दुर्गंध से आपका बचाव करते हैं।

**सिर्फ.माउथवॉश का इस्तेमाल करना :** माउथवॉश का इस्तेमाल लोग ज्यादातर तब करते हैं जब वे जल्दी में होते है ऐसे में उन्हें केवल माउथवॉश की ही आदत पड़ जाती है और वह ब्रश करने को अनदेखा कर देते हैं तो ऐसी गलती बिल्कुल ना करें। ओरल केयर में वैसे तो माउथवॉश को बहुत अच्छा स्त्रोत माना जाता है पर ओरल हाइजीन के लिए केवल एक चीज पर ही निर्भर ना रहें।

**डेंटिस्ट की सलाह ना लेना :** कई बार मुँह में हमें कुछ ऐसी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ता है जिसे लोग अनदेखा कर देते हैं और घरेलू उपायों पर ही निर्भर हो जाते हैं। ऐसे में एक बार अपने डेंटिस्ट की सलाह अवश्य लें वह ना केवल आपके दांतों को बेहतर तरीके से क्लीन करते हैं, बल्कि ओरल प्रॉब्लम्स को भी दूर करने में मदद करते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**वृष राशि :** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**मिथुन राशि :** मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क राशि :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह राशि :** कारोबार के लिए किसी मित्र के साथ विदेश जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत से सन्तुलित रहें।

**कन्या राशि :** नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन प्राप्त हो सकता है।

**तुला राशि :** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। भवन सुख की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

**धनु राशि :** किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर राशि :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ राशि :** वाहन सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मीन राशि :** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार की समस्याओं पर ध्यान रखें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453


Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# यूक्रेन युद्ध में पहली बार पोलैंड में मिसाइल अटैक, दो की मौत

**वॉर्सा (एजेंसी)।** पोलैंड का कहना है कि एक रूस निर्मित मिसाइल देश के पूर्वी हिस्से में गिरी, जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इस मिसाइल के रूस द्वारा दागे जाने की संभावना कम हैं, लेकिन वह पोलैंड की जांच में सहयोग करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को युद्ध को बढ़ावा देनेवाला कदम बताते हुए इसकी निंदा की।



वहीं, बाइडन ने मामले पर इंडोनेशिया में जी-7 और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों के नेताओं की एक आपात बैठक बुलायी। अगर मिसाइल के रूस निर्मित होने की पुष्टि हो जाती है तो रूस को गठबंधन से टकराव का सामना कर पड़ सकता है, क्योंकि नाटो गठबंधन की नींव इस सिद्धांत पर रखी गयी है कि किसी भी सदस्य देश पर हमला गठबंधन पर हमला माना जायेगा। हालांकि, रूस ने पोलैंड में हुए विस्फोट में उसका हाथ होने की बात से इनकार किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन-पोलैंड सीमा के पास मिसाइल हमले में उसका हाथ होने से इनकार करते हुए एक बयान में कहा कि तस्वीरों में कथित तौर पर जो नुकसान नजर आ रहा है, उसका रूसी हथियारों से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिका के तीन अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार पोलैंड में गिरी मिसाइल को यूक्रेन की सेना ने रूस द्वारा दागी गयी मिसाइल के जवाब में प्रक्षेपित किया था।

## एक्शन में बाइडन, क्या नाटो तक पहुंचेगी रूसी जंग?

**वॉर्सा (एजेंसी)।** यूक्रेन जंग की आंच अब नाटो देश पोलैंड तक पहुंच गई है और एक मिसाइल हमला हुआ है। इस हमले में दो लोगों के मारे जाने की खबर है। पोलैंड ने कहा है कि यह मिसाइल रूस में बनी हुई थी लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसे किसने दागा था। इस बीच पोलैंड पर मिसाइल हमले के बाद अमेरिका के नेतृत्व में जी-7 देशों की बाली में आपात बैठक हुई है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि प्राथमिक साक्ष्य यह बताते हैं कि इस बात की आशंका न के बराबर है कि मिसाइल को रूस की ओर से दागा गया था। बाइडन ने कहा कि प्राथमिक जांच यह बताते हैं कि मिसाइल रूस की ओर से नहीं दागी गयी थी। उन्होंने कहा कि मैं अभी जांच पूरी होने तक कुछ नहीं कहना चाहता हूं। वहीं, जी-7 देशों की आपात बैठक आयोजित की गयी ताकि पोलैंड पर मिसाइल हमले का सामूहिक जवाब दिया जा सके। पोलैंड पर हमले से यूक्रेन युद्ध की आंच के नाटो देशों तक पहुंचने का खतरा मंडरा रहा है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद ऐसा पहली बार है जब किसी नाटो देश पर हमला हुआ है।

## न्यूज गैलरी

### जी-20 शिखर सम्मेलन में मोदी ने नेताओं को गुजरात हिमाचल के तोहफे दिये

**बाली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दुनियाभर के नेताओं को उपहार देने के लिए गुजरात और हिमाचल प्रदेश की समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व करने वाली कलाकृतियां और पारंपरिक वस्तुओं का चयन किया। अधिकारियों ने कहा कि मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को कांगड़ा के लघु चित्रों (मिनियेचर पेंटिंग) भेंट की, जो श्रृंगार रस को दर्शाती हैं। उन्होंने ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक को हाथ से बना गुजराती कपड़ा माता नी पछेड़ी भेंट की, यह देवी मां के मंदिरों में भेंट का एक रूप होता है। उनके ब्रिटेन के समकक्ष ऋषि सुनक को 'माता नी पछेड़ी' के साथ प्रस्तुत किया, एक हस्तनिर्मित गुजरात कपड़ा जिसका मतलब देवी मां के मंदिरों में एक भेंट के रूप में होता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई नेता एंथनी अल्बनीज से मुलाकात के दौरान उन्हें गुजरात के छोटा नागपुर इलाके के राठवा कलाकारों द्वारा बनायी जानेवाली परंपरागत जनजातीय लोक चित्रकला पिथौरा तोहफे के तौर पर दी। अधिकारियों के मताबिक प्रधानमंत्री ने इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी को पाटन पटोला दुपट्टा भेंट किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस, जर्मनी और सिंगापुर के नेताओं को उपहार में एगेट (गोमेद) के प्याले दिये जो गुजरात के कच्छ क्षेत्र से जुड़े पारंपरिक शिल्प का काम है।

### सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुनवाई फिर टली



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत पर पैसला अब गुरुवार (17 नवम्बर) तक के लिए टाल दिया है। बताया जा रहा है कि आदेश के टाइप नहीं होने के चलते दिल्ली कोर्ट के स्पेशल जज विकास ढुल ने आज फिर अपनी सुनवाई टाल दी। कोर्ट गुरुवार दोपहर दो बजे सत्येंद्र जैन की जमानत पर फैसला सुनायेगी। बता दें कि सत्येंद्र जैन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जैन पर आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में गिरफ्तार किया था। उन पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिये 4.81 करोड़ रुपये के धन शोधन का आरोप है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 30 मई को जैन को गिरफ्तार किया था। सत्येंद्र जैन बीते साढ़े पांच महीने से जेल में बंद हैं।

## आश्रय गृह से लड़कियां लापता

# एनएचआरसी ने सरकार और डीजीपी को भेजे नोटिस, दो महीने में मांगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने केरल के कोट्टयम जिले में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा चलाए जा रहे आश्रय गृह से नौ लड़कियों के लापता होने की खबरों को लेकर केरल सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कोट्टायम में लड़कियों के लापता होने की बार-बार हो रही घटनाओं के मद्देजनर आयोग ने अपने विशेष प्रतिवेदक हरि सेना वर्मा से कोट्टायम जाने और दो महीने में रिपोर्ट देने को कहा है।

उन्होंने कहा कि उनसे ऐसे कदमों के सुझाव देने को कहा गया है जिनकी मदद से भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं रोकी जा सकें। आयोग ने एक बयान में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि लड़कियां इस आश्रय गृह में रहने की व्यवस्था से संतुष्ट या खुश नहीं हैं और प्रथम दृष्ट्या इस बात की संभावना है कि इन लड़कियों से कोई अमानवीय और अशोभनीय व्यवहार किया गया, जिसके कारण उन्हें यहां से जाने पर मजबूर होना पड़ा। एनएचआरसी ने आश्रय गृह से नौ लड़कियों के लापता होने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है।

आयोग ने कहा कि ऐसा बताया जा रहा है कि पुलिस को ये लड़कियां आश्रय स्थल में रहनेवाली एक लड़की के आवास में मिलीं, लेकिन उन्होंने वहां जाने से इनकार कर दिया। कोट्टायम में हालिया महीनों में यह इस प्रकार की तीसरी घटना है। आयोग ने केरल के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर घटना पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट देने को कहा है। इस मामले में केरल पुलिस के महानिदेशक को भी नोटिस जारी कर यह बताने को कहा गया है कि क्या इस मामले में किसी को गिरफ्तार किया गया है या नहीं।

## इंडोनेशिया ने जी-20 की अध्यक्षता भारत को सौंपी, पीएम मोदी बोले -

# हर एक भारतीय के लिए गर्व की बात

**बाली (एजेंसी)।** इंडोनेशिया ने बुधवार को बाली शिखर सम्मेलन के समापन के साथ ही अगले एक साल के लिए भारत को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी। भारत एक दिसम्बर से औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समूह की अध्यक्षता करना हर एक भारतीय नागरिक के लिए गर्व की बात है। मोदी ने कहा कि सभी देशों के प्रयासों से हम जी-20 शिखर सम्मेलन को वैश्विक कल्याण का प्रमुख स्रोत बना सकते हैं। अध्यक्षता हस्तांतरित किये जाने के साथ ही बाली में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का समापन हुआ। सदस्य देशों के नेता संयुक्त



घोषणा को अंतिम रूप दे रहे हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत ने जी-20 निष्कर्ष दस्तावेज को तैयार करने में रचनात्मक भूमिका निभायी है। जी-20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। जी-20 वैश्विक आर्थिक सहयोग का एक प्रभावशाली संगठन है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ऐलान -

# 2024 में फिर लड़ूंगा राष्ट्रपति का चुनाव

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीसरी बार व्हाइट हाउस की दौड़ में शामिल होने का मंगलवार को ऐलान किया। ट्रंप ने मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के

- व्हाइट हाउस की दावेदारी के लिए जमा किये दस्तावेज

खराब प्रदर्शन और मार-आ-लागो क्लब सहित अन्य मामलों में अपने खिलाफ जारी कानूनी जांच के बीच यह घोषणा की। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार करने से इनकार करनेवाले ट्रंप को अपना उम्मीदवार बनाने पर विचार करेगी या नहीं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। ट्रंप के हार न स्वीकार करने और उनके कथित भड़काऊ भाषणों के बीच उनके समर्थकों ने छह जनवरी को अमेरिकी संसद भवन (कैपिटल हिल) में कथित तौर पर हिंसा की थी।



पाम बीच स्थित मार-आ-लागो क्लब में अमेरिका के 30 झंडों और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन नारे वाले बैनर के बीच खड़े ट्रंप ने अपने हजारों समर्थकों, क्लब सदस्यों और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर रहा हूं। ट्रंप ने अपने राजनीतिक सफर के बेहद नाजुक दौर में एक बार फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वह मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की जीत के बीच अपने अभियान की शुरुआत करना चाहते थे, लेकिन ट्रंप समर्थित ज्यादातर उम्मीदवारों की हार के चलते उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका। रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप का समर्थन लगातार घट रहा है। हाल के महीनों में उन्हें अपने ही कुछ सहयोगियों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जिनका कहना है कि रिपब्लिकन पार्टी के लिए अब भविष्य के बारे में सोचने का समय आ गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसैंटिस पार्टी में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के पहली पसंद बनकर उभर रहे हैं।

# भाजपा ने तुष्टीकरण की राजनीति को उखाड़ फेंका : अमित शाह

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात में अपने 27 साल के शासन के दौरान तुष्टीकरण की राजनीति खत्म कर दी है और कानून का राज स्थापित किया है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं का मजाक उड़ाती थी। उन्होंने राहुल गांधी से मंदिर की यात्रा करने को भी कहा। शाह के अनुसार अयोध्या का राम मंदिर जनवरी 2024 में उद्घाटन के लिए तैयार हो जायेगा। केंद्रीय मंत्री अहमदाबाद शहर की घाटलोडिया सीट से भाजपा के उम्मीदवार एवं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। शाह और पटेल ने रैली के बाद सोला क्षेत्र तक एक रोड शो का नेतृत्व किया। इस मौके पर पटेल ने अगले महीने होनेवाले चुनावों के लिए अधिकारियों को अपना नामांकन पत्र सौंपा। गुजरात में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। मतगणना आठ दिसम्बर को होगी। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह के गृह राज्य गुजरात में लगातार सातवीं बार सत्ता हासिल करने पर नजर गड़ाये हुए है, जहां भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं।

## पीएम मोदी से मिल ऋषि सुनक ने दी बड़ी खुशखबरी

# भारतीयों को तीन हजार वीजा देने का ऐलान

**लंदन (एजेंसी)।** द्विपक्षीय और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक की ओर से शुरू की गयी एक नयी योजना में तीन हजार भारतीयों को यूके आने के लिए सालाना वीजा दिया जायेगा। नयी यूके-इंडिया यंग प्रोफेशनल्स स्कीम के तहत, देश 18-30 वर्षीय डिग्री शिक्षित भारतीय नागरिकों को सालाना तीन हजार स्थानों की पेशकश करेगा, ताकि वे यूके आकर यहां दो साल तक रह सकें और काम कर सकें। यह कदम इंडोनेशिया में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर पहली बार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मिले सुनक के रूप में आया है। ऋषि सुनक और प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा कि हिंद-प्रशांत हमारी सुरक्षा और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। यह गतिशील और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं से भरा हुआ है और

- ऋषि सुनक की ओर से शुरू की गयी एक नयी योजना में तीन हजार भारतीयों को दिया जायेगा वीजा
- ब्रिटेन 18-30 वर्षीय डिग्री शिक्षित भारतीय नागरिकों को सालाना तीन हजार स्थानों की पेशकश करेगा
- इससे ये भारतीय प्रोफशनल यूके आकर यहां दो साल तक रह सकेंगे और काम कर सकेंगे

अगले दशक को इस क्षेत्र में क्या होता है,



इससे परिभाषित किया जायेगा।

**ब्रिटेन में एक चौथाई विदेशी छात्र भारतीय :** उन्होंने कहा कि मैं भारत के साथ हमारे गहरे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के अविश्वसनीय मूल्य को प्रत्यक्ष रूप से जानता हूं। मुझे खुशी है कि भारत के अधिक प्रतिभाशाली युवाओं को अब ब्रिटेन में जीवन की पेशकश करनेवाले सभी का अनुभव करने का अवसर मिलेगा। योजना पारस्परिक होगी। ब्रिटेन में लगभग एक चौथाई अंतर्राष्ट्रीय छात्र भारत से हैं और यूके में भारतीय निवेश पूरे यूके में 95 हजार नौकरियों का समर्थन करता है। डाउनिंग स्ट्रीट के बयान में कहा गया है कि योजना का शुभारंभ भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों और भारत-प्रशांत क्षेत्र के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए यूके की व्यापक प्रतिबद्धता दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। यूके भारत के साथ एक व्यापार समझौते पर भी बातचीत कर रहा है, जो यूके-भारत व्यापारिक संबंध पर आधारित होगा, जो पहले से ही 24 बिलियन पाउंड का है और यूके को भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था द्वारा प्रस्तुत अवसरों को जब्त करने की अनुमति देगा।

# आईआईएसएसएम का दो दिवसीय 32वां वार्षिक ग्लोबल कॉन्क्लेव 18-19 नवम्बर को

**नवीन मेल संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) का 32वां वार्षिक ग्लोबल कॉन्क्लेव 18 और 19 नवम्बर 2022 को हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जायेगा। यह कॉन्क्लेव होटल क्राउन प्लाजा, ओखला फेज 1, नयी दिल्ली में और इसके साथ ही वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर भी आयोजित किया जायेगा। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में देश-विदेश के एक हजार से अधिक विभिन्न व्यवसाय से जुड़े प्रोफेशनल, विशेषज्ञ और विद्वान चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन के दौरान दिये गये विचार-विमर्श एवं सुझाव इस कॉन्क्लेव में शामिल सभी पेशेवरों को मदद करेंगे। साथ ही नयी रणनीतियों को तैयार करने में सहायक होंगे।

आईआईएसएसएम की स्थापना आरके सिन्हा, पूर्व संसद सदस्य (राज्यसभा) ने की थी। आईआईएसएसएम इंडियन सोसाइटी एक्ट के तहत 1992 में पंजीकृत एक गैर-लाभकारी शैक्षिक संस्थान है। आईआईएसएसएम तीन दशकों से सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण उद्योग में शिक्षा और व्यावसायिकता के प्रसार में लगा हुआ है। आईआईएसएसएम एक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित संस्थान है। यह सुरक्षा पेशेवरों के लिए विषयगत और अनुकूलित पाठ्यक्रम चलाता है और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और सेमिनार आयोजित करता है। यह सुरक्षा और सुरक्षा लेखा परीक्षा आयोजित करता है और भारत सरकार और कॉर्पोरेट्स को परामर्श सेवाएं प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि आईआईएसएसएम पिछले 32 वर्षों से हितधारकों को नियमित वार्षिक कॉन्क्लेव / सेमिनार और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षा और हानि निवारण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। उद्घाटन समारोह 18 नवम्बर 2022 को 1000 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के बाद, कॉन्क्लेव में दो मुख्य भाषण और दो पैनल चर्चाएं निम्नानुसार होंगी : -

**मुख्य भाषण 1 –** राष्ट्र निर्माण में सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण की भूमिका।

**पैनल 1 :** राष्ट्र निर्माण में सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण की भूमिका।

**मुख्य भाषण 2 -** तकनीकी प्रगति और सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण उद्योग में उनका अनुप्रयोग।

**पैनल 2 :** तकनीकी प्रगति और सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण उद्योग में उनका अनुप्रयोग।

**19 नवम्बर 2022 को 2 मुख्य भाषण और 2 पैनल चर्चा इस प्रकार होगी : -**

**मुख्य भाषण 3 –** सामरिक निहितार्थों और चुनौतियों में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण अवसंरचना।

**पैनल 3 :** सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण में साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स और ड्रोन

**मुख्य भाषण 4 –** स्मार्ट शहरों के प्रबंधन में तकनीकी प्रगति।

**पैनल 4 :** स्मार्ट शहरों में सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण का प्रबंधनः ताकत, कमजोरियां, अवसर और खतरे।

इसके अलावा, विभिन्न कंपनियों द्वारा कुछ उत्पाद प्रस्तुतियां दी जायेंगी। समापन समारोह 19 नवंबर 2022 को 17:15 बजे आयोजित किया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### राजीव गांधी यूनिवर्सिटी अरुणाचल प्रदेश ने विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग को 7-1 से हराया

रांची। ईस्ट जोन फुटबॉल चैंपियनशिप में बुधवार को कुल 8 मैच खेले गए। ग्राउंड नंबर 1 में खेले गए पहले मैच में राजीव गांधी यूनिवर्सिटी अरुणाचल प्रदेश ने विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग को 7-1 से हराया। दूसरे मैच में ग्राउंड नंबर एक में खेले गए मैच में एनएसयू इंफाल ने विश्व भारती यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया ग्राउंड नंबर 2 में खेले गए मैच में रविनसाव को डीएमयू इंफाल मणिपुर ने 3-1 से हराया ग्राउंड नंबर 2 में खेले गए दूसरे मैच मै आर एस एस यू रायपुर को कल्याणी यूनिवर्सिटी ने 1-0 से हराया दूसरे हाथ में खेले गए ग्राउंड नंबर 1 के पहले मैच में एन एच यू शिलांग ने यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान को टाई ब्रेकर में 6-5 से हराया ग्राउंड नंबर टू में खेले गए दूसरे हाफ के पहले मैच में भीबीएसपी यूनिवर्सिटी जौनपुर ने मिजोरम यूनिवर्सिटी आइजोल को 1-0 से हराया ग्राउंड नंबर 2 में खेले गए आज के अगले मैच में उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने बीबीएमके यू धनबाद को 2-0 से हराया। अंतिम मैच ग्राउंड नंबर 1 में सी एस भी टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ बंगाल के बीच खेला गया जो निर्धारित समय तक 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ बाद में टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें नॉर्थ बेंगाल यूनिवर्सिटी 4-2 से जीत हासिल किया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची। पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने नाबालिग से छेड़खानी करने के मामले के आरोपी संदीप महतो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अदालत में गवाही के दौरान पीड़िता पूर्व के बयान से मुकर गई, जिसका लाभ आरोपी को मिला। वह उक्त आरोप में 21 अक्तूबर 2021 से लगातार जेल में ही था। बचाव पक्ष की ओर से वकील ओपी गौरव ने पैरवी की थी। आरोपी पर पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप था। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने सिल्ली थाना में 21 अक्तूबर 2021 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किए गए थे।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय नगड़ी का निरीक्षण

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड में नवनिर्मित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण बुधवार को बीडीओ नूतन कुमारी ने किया। उन्होंने बिजली, पानी, साफ-सफाई और छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। वहीं छात्राओं के बननेवाले भोजन और रसोईघर का भी निरीक्षण किया। बीडीओ ने सभी कक्षाओं में जाकर वहां पढ़नेवाली छात्राओं से भी मिली और समस्याओं की जानकारी ली। बीडीओ ने बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय की चहारदीवारी पर फेंसिंग वायर जल्द लगवाने का आश्वासन दिया। मौके पर विद्यालय की वार्डन डॉक्टर वैशाली कुमारी, शिक्षिका सपना नाग, लेखापाल वंदना नंदिनी मौजूद थीं।

### नौकरी के लिए हटिया विस्थापित ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी अंचल के नयासराय मुड़मा में नवनिर्मित आईआईएम बिल्डिंग के सामने हटिया विस्थापित ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया। एचईसी विस्थापित विकास संघ के आह्वान पर विस्थापित ग्रामीण आईआईएम सहित यहां बन रहे अन्य सरकारी संस्थानों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के पदों पर हटिया विस्थापित परिवार के बेरोजगारों को नौकरी देने की मांग कर रहे थे। धरना-प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का नेतृत्व क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल ने किया। विधायक ने कहा यहां के स्थानीय लोगों ने देश और राज्य के विकास के लिए अपनी बेशकीमती जमीन दे दी। इनकी जमीन पर आईआईएम सहित अन्य सरकारी कार्यालय बन रहे हैं। आईआईएम में कार्य भी शुरू हो गया है और विस्थापित परिवारों के युवा दर-दर भटक रहे हैं। आज तक एक भी विस्थापित को यहां नौकरी नहीं दी गई। इस संबंध में विधायक ने आईआईएम के प्रशासनिक अधिकारी शिव प्रताप वर्मा से भी बात की। उन्होंने विस्थापितों की मांगों से सरकार और अन्य उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया। धरना-प्रदर्शन को दक्षिणी टुंडूल के मुखिया संजय लिंडा, कुणाल शाहदेव, पंचायत समिति सदस्य करुणा देवी, मेघनाथ महतो, शिवशंकर बैठा, मैनुल हक, दिलीप मुंडा और रामविलास लोहरा ने संबोधित किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**ईडी की सीएम से पूछताछ...**

संरक्षण का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया है। खनन घोटाले में साहिबगंज में छापेमारी के दौरान ईडी को पंकज मिश्रा के घर से एक लिफाफा मिला था। इसमें मुख्यमंत्री के बैंक खाते से जुड़ा चेकबुक था। इसमें से दो चेक बुक हस्ताक्षरित थे। हालांकि, इसमें राशि का उल्लेख नहीं किया गया था। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक मुख्यमंत्री के नाम पर राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई करने से रोका जाता था। पंकज मिश्रा के अलावा पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने भी पूछताछ में हेमंत सोरेन से अपने संबंधों के बारे में जानकारी दी है। माना जा रहा है कि इन्हीं तथ्यों के आधार पर मुख्यमंत्री से पूछताछ की जायेगी। ईडी ने इसके पहले मनरेगा घोटाले के जरिये मनी लांड्रिंग में झारखंड की सीनियर आईएएस खनन सचिव पूजा सिंघल को भी गिरफ्तार किया था। उनसे जुड़े सीए सुमन कुमार के ठिकाने से 17.49 करोड़ नकद मिले थे। ईडी को जांच के दौरान इस बात की जानकारी मिली थी कि इसमें अवैध खनन से मिली राशि भी शामिल है। पूछताछ के दौरान मुख्यमंत्री से इन सभी मुद्दों से जुड़े सवाल पूछे जा सकते हैं।

---

मतदाता प्रेक्षक-सह-आयुक्त ए मुथुकुमार द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण, कहा -

# अधिक से अधिक संख्या में प्रपत्र 6, 6बी, 7 व प्रपत्र 8 प्राप्त कर संपादित करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत बुधवार को मतदाता प्रेक्षक-सह-आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल, रांची श्री ए मुथुकुमार द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया गया। उन्होंने श्रद्धानंद मध्य विद्यालय, रातू रोड, कृष्ण बल्लभ बालिका उच्च विद्यालय, मेट्रो गली, गौरीदत्त मंडलीय उच्च विद्यालय, रातू रोड, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पहाड़ी टोला, गाड़ीखाना के अवस्थित मतदान भवनों साहित कुल 35 मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया।




मतदाता प्रेक्षक-सह-आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल, रांची ए मुथुकुमार द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत विशेष अभियान दिवस दिनांक 19.11.2022 (शनिवार) एवं 20.11.2022 (रविवार) को सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में प्रपत्र 6, 6बी, 7, एवं प्रपत्र 8 प्राप्त कर संपादित करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रांची-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, रांची श्री दीपक दुबे, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची मेरी मड़की, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रांची शशि निलीमा डुंगडुंग एवं साधना जयपुरियार भी उपस्थित थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 01.01.2023 अर्हत्ता तिथि को 18 वर्ष पूरा करने वाले एवं योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु दिनांक 08 दिसंबर 2023 तक दावा एवं आपत्ति का कार्य किया जाना है।

## भगवान बिरसा मुंडा जतरा में खोड़हा टीमों को किया सम्मानित

**रांची।** बोंगईबेड़ा में बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा जतरा का आयोजन किया गया। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल मुकाबले में जय बजरंग क्लब सिरपा ने सरना स्पोर्ट्स क्लब सिरपा को हराकर प्रतियोगिता जीत ली। वहीं सभी खोड़हा टीमों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसमें आसपास के गांवों बोंगईबेड़ा, ढवठाढीपा, चतमा, जहेरा, ढेलुआखूंटा, बुंडू और बानपुर की खोड़हा टीम शामिल हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी जगन लिंडा, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य संयोती देवी थी। आयोजन को सफल बनाने में मुखिया हिरदू उरांव, मुख्य संरक्षक धनीराम महतो, प्रेम महतो, मधु महतो, बृजलाल महतो, गोपाल महतो, नागेश्वर महतो, सुरेन्द्र महतो, अशोक महतो, भुवन महतो, सोमरा टोप्पो, बालेश्वर लोहरा, अंकित महतो, राहुल महतो, देवकी देवी आदि मौजूद थे।

## विधायक बिनोद सिंह को उत्कृष्ट विधायक सम्मान के लिए चुने जाने पर भाकपा माले ने जताया हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाकपा माले के बगोदर विधायक बिनोद सिंह को उत्कृष्ट विधायक चुना गया है। विधानसभा स्थापना दिवस के दिन विधायक बिनोद सिंह को सम्मानित करने की घोषा की गयी। भाकपा माले राज्य कार्यकर्ताओं ने इस पर खुशी जाहिर की है। भाकपा माले राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि बिनोद सिंह को बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुना जाना खुशी की बात है। उन्होंने बगोदर विधानसभा क्षेत्र और झारखंड की जल, जंगल, जमीन, न्याय और लोकतंत्र के लिए संघर्षरत जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विधायक बिनोद सिंह ने आंदोलनरत जनता के संघर्ष और आवाज को सड़क और सदन में बुलंद किया है। भाकपा माले ने भरोसा जताया है कि बिनोद सिंह एक जनप्रतिनिधि के बतौर और जनता के हितों के लिए लड़नेवाले अगुआ योद्धा के बतौर महेंद्र सिंह की क्रांतिकारी परंपरा को आगे बढ़ायेंगे। भाकपा माले की राज्य कमिटी ने चयन समिति को धन्यवाद दिया है।

**22 नवंबर को होंगे सम्मानित :** जानकारी हो कि बीते मंगलवार को विधानसभा की चयन कमेटी ने उत्कृष्ट विधायक सम्मान के लिए बिनोद सिंह के नाम पर मुहर लगायी। उन्हें झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस पर 22 नवंबर को सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही पांच विधानसभा कर्मचारियों को उत्कृष्ट कर्मचारी का सम्मान दिया जायेगा। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने बैठक के बाद जानकारी दी थी उत्कृष्ट विधायक का चयन काफी जटिल होता है।

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में बैठक संपन्न

## पूरे भेदभाव भूलाकर पूरे राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत करें : सत्यानन्द भोक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह यादव के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि संजय सिंह यादव ने कहा की बैठक सदस्यता अभियान की समीक्षा हेतु बुलाई गई है तथा होने वाले नगर निगम ,नगर निकाय चुनाव में किस तरह से राष्ट्रीय जनता दल का प्रतिनिधित्व अधिक से अधिक हो उस पर टारगेट करना है। सभी जिला अध्यक्ष को टारगेट दिया गया है कि जिस विधानसभा में चुनाव लड़ना है एक बूथ पर कम से कम 2 सदस्यता रसीद काटना अति आवश्यक है। झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा के पूरे भेदभाव बुलाकर के पूरे राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत करें। अभी से ही सभी नेता कार्यकर्ता तन मन धन से




लगकर चिन्हित करें कहां-कहां राष्ट्रीय जनता दल मजबूती से चुनाव लड़ेगा। हम सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी करें संगठन को मजबूत करें ताकि आने वाले चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के विधायकों की संख्या अधिक से अधिक हो। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल अभी तक अनुसूचित जनजाति विधानसभा क्षेत्र में चुनाव नहीं लड़ी है लेकिन आने वाले विधानसभा के चुनाव में चिन्हित करके अनुसूचित जनजाति के सीटों पर भी राष्ट्रीय जनता दल चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

## रिम्स में इलाजरत कैदी की मौत, मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम

**रांची।** रिम्स में इलाजरत हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गुमान पूर्ति की मौत हो गई है। कैदी खूंटी जिले के बुरजू गांव का रहने वाला था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से इलाज के लिए रिम्स लाया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक कारा अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, लेकिन 5 नवंबर को गुमान सीढ़ी से गिर गया, जिसके बाद उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। बेहतर इलाज के लिए कारा चिकित्सकों की अनुशंसा पर उसे रिम्स भेजा गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक के आग्रह पर रिम्स में गुमान के पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई। मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

मानव सेवा माधव सेवा की मिसाल पेश कर रहे हैं ट्रस्ट के सदस्य

## ठंड के मौसम को देखते हुए गरीबों के बीच कम्बल ऊनी टोपी व ऊनी मोजा का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिष्ट्) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे पडने वाले ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर आज बुधवार को अभावग्रस्त ग्रामीण महिलाओ और पुरुषो एव वृद्ध ग्रामीणों के बीच इस इस वर्ष पडने वाली कड़ाके की ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे है श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्य। आज ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,मनोज चौधरी, बिष्णु सोनी ने स्थापना दिवस के अवसर पर हेहल प्रखण्ड के




पाहन टोली ,पहाड टोली,मुण्डा टोली,पाहन टोली की समाजिक कार्यकर्ता किरण बंदो की उपस्थिति में पाहन टोली के मैदान मे विभिन्न बस्तीयों से आये हुए लगभग 225 अभावग्रस्त एव वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच संस्था के सदस्यों ने प्रत्येक अभावग्रस्त ग्रामीणों को कम्बल,ऊनी टोपी एव ऊनी मोजा एवम बिस्किट का निशुल्क वितरण किया। संस्था के सदस्यों के लगभग 225 कम्बल, ऊनी टोपी एव ऊनी मोजा और बिस्किट का निःशुल्क वितरण किया गया। आज की सेवा के महान कार्य में संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाडिया, बिष्णु सोनी,ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार (ताउ) विशाल जालान, सुरेशअग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, आलोक सिंह धीरज कुमार गुप्ता धर्मजीत सिंह इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## हमारे विद्यार्थी बाहर जाकर पढ़ना चाहते हैं, यह सोच बदलनी जरूरी : राज्यपाल

**रांची ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित शैक्षिक, प्रशासनिक व परीक्षा भवन का उद्घाटन बुधवार को राज्यपाल रमेश बैस ने किया। 35 करोड़ की लागत से बना यह यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी आना था, लेकिन उन्होंने कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। हालांकि, इसका कोई कारण नहीं बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा देने के लिए शैक्षणिक वातावरण के साथ आधारभूत संरचना भी जरूरी है। हमारे विद्यार्थी बाहर जाकर पढ़ना चाहते हैं, यह मानसिकता भी बदलने की जरूरत है। उन्हें अपने राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लेने के लिए प्रेरित करना होगा। कहा कि डीएसपीएमयू नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे ऐसी कामना है। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अपने स्तर पर निरंतर प्रयत्न कर रहा हूं। इसके लिए कुलपतियों और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करता हूं। बहुत दुख और आश्चर्य होता है कि विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी है। कॉलेजों में नियमित प्राचार्य नहीं हैं। यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आज का युग ज्ञान आधारित है। हमें शिक्षा का उच्च कोटि का वातावरण बनाना होगा, ताकि राज्य से छात्रों का पलायन तो रुके ही, दूसरे राज्यों के विद्यार्थी भी यहां आकर शिक्षा लें।

झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

## 74 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल होकर हुए प्रशिक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है ।16.11.2022 दिन बुधवार को दूसरे चरण के सातवें दिन अर्थात प्रशिक्षण के चौदहवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का कार्य सोनुआ तथा गोइलकेरा ब्लॉक का दो अलग अलग ट्रेनिंग हाल में कराया गया। प्रथम ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार सहायक प्रशिक्षण चन्द्रेशवर ओझा तथा दूसरे ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी ने किया जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान



का विशेष सहयोग रहा। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के आठवें दिन इस परियोजना के अंतर्गत सोनुआ ब्लॉक के सरंडिया ग्राम (23) एवं बांदोडिह ग्राम (15) और गोइलकेरा ब्लॉक के आराहासा (18) ओर घोड़ाडूबा ग्राम(18) के कुल 74 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल को प्रशिक्षित किया। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः पराग, रायल जेली, इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा विगत दिनों में पढ़ाये गये विशेषो का पुनः अध्ययन किया गया तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया। साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।

## झारखंड में 18 के बाद कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** देश के उत्तरी भागों में बर्फवारी के कारण राजधानी समेत पूरे झारखंड का मौसम प्रभावित होने की संभावना है। सुबह की कनकनी बढ़ेगी और न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट आ सकती है। इस दौरान दिन के अधिकतम तापमान पर बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। धूप खिली रहने के बावजूद ठंडी हवा चलने से सर्दी का अहसास होगा। राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री और अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान डाल्टनगंज का 11.1 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से चार डिग्री नीचे है। राजधानी में अगले दो दिनों के दौरान सुबह धुंध का प्रकोप कम रहेगा, लेकिन 19 नवंबर से रांची समेत पूरे झारखंड में सुबह के दौरान कोहरा और घना हो सकता है। इस परिवर्तन की संभावना से भी ठंड बढ़ेगी। राज्य में 18 नवंबर के बाद हवा के रुख में बदलाव आएगा। वर्तमान में राज्य में पश्चिम और उत्तर दिशा से हवाएं झारखंड में प्रवेश कर रही हैं। लेकिन 48 घंटों के बाद यहां उत्तर दिशा की सर्द हवा कनकनी बढ़ाएगी। दिन में धूप ढलने के बाद कनकनी का अहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को राज्य के अधिकांश जिलों के न्यूनतम तापमान में गिरावट आयी है। बोकारो का न्यूनतम तापमान 12.6 और डालटनगंज का न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों का तापमान सामान्य से चार डिग्री कम है।

पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ आजसू पार्टी का राज्यव्यापी आंदोलन

## सभी जिला मुख्यालय में होगा विरोध प्रदर्शन, राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ आजसू पार्टी कल राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। गुरुवार को होने वाले आंदोलन को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि निकाय चुनावों में ओबीसी के हितों को लेकर सरकार से अविलंब हक और अधिकार सुनिश्चित कराने की मांग के साथ कल सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक आंदोलन करेंगे तथा ज्ञापन सौंपेंगे। डॉ. भगत ने कहा कि इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ। आजसू पार्टी का मानना है कि यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही। लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिलों में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। यानी पंचायत और नगर निकाय में प्रतिनिधित्व करने का जो भी मौका था उसे छीना जा रहा है। इस हकमारी के खिलाफ पिछड़ों में सरकार के खिलाफ रोष है। इसी अभियान के तहत कल सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। इसी क्रम में कल आजसू पार्टी की रांची जिला इकाई के सभी नेता, केंद्रीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मांग पत्र लेकर मोराबादी स्थित बापू वाटिका से राजभवन कूच करेंगे।

## चार सूत्री मांग के लिए शिक्षक संघ 19 को मुख्यमंत्री आवास घेरेगा

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक बुधवार को प्रदेशाध्यक्ष बृजेंद्र चौबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आंदोलन को तेज करके 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया। चौबे ने बताया कि सीएम आवास घेराव के लिए प्रखंडवार, जिलावार व प्रमंडलवार शिक्षक रांची आएंगे। शिक्षक रेल और सड़क दोनों मार्गों से पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में राज्य के सभी जिलों के शिक्षक प्रतिनिधियों ने सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के रवैये पर आक्रोश जताया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र चौबे, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि विगत दिनों शिक्षकों की चार सूत्री मांगों का ज्ञापन राज्य के सभी जिलों से मुख्यमंत्री को सौंपा था।


### जिला खनन कार्यालय, चतरा

कैटेगरी-A बालूघाटो का MDO चयन हेतु अति- अल्पकालीन वित्तीय-निविदा आमंत्रण सूचना।

| क्र० सं० | बालूघाट का नाम | प्रखण्ड | रकबा (हे०में) | Yearly Production as per EC (in cft) | e- Tender Reference No. | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | Bid Opening Date | नियम एवं शर्त्तें | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोहसिंघना खुर्द | हंटरगंज | 4.13 | 1979518 | 03/22-23 | 18-11-22 | 24-11-22 upto 11:00 Hrs. | 25.11.22 at 14:00 Hrs. | M/s JSMDC Ltd द्वारा तैयार Moder Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, चतरा |
| 2. | बॉकी | हंटरगंज | 3.74 | 1705260 | 04/22-23 | | | | | |

नोट :-

1- M/s JSMDC Ltd रॉची द्वारा Category-A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के बेवसाईट पर ही ई-निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. खान एवं भूतत्व विभाग झारखण्ड रॉची एवं M/s JSMDC Ltd रॉची द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्त्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई-निविदा वेबसाईट पर Model Tender Documents को निःशुल्क डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी
चतरा

PR282424 (Mines and Geology)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### विनेश फोगाट को बुल्गारिया में अभ्यास की मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्रालय ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को बुल्गारिया के बेलमेकेन में पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता सेराफिम बरजाकोव की देखरेख में ऊंचाई वाले स्थल पर अभ्यास करने की मंजूरी दे दी है। राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता फोगाट के साथ उसके फिजियो अश्विनी पाटिल भी बेलमेकेन जायेंगे। बेलमेकेन समुद्र तल से लगभग 2600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह 19 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिविर सात नवम्बर से शुरू होगा जिसमें कुछ अन्य शीर्ष पहलवानों जैसे बिलियाना डुडोवा (2021 विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता) और एवेलिना निकोलोवा (2020 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) के भी शामिल होने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि विनेश और उनके फिजियो का सारा खर्च भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत उठाया जायेगा। मंत्रालय ने कहा कि टॉप्स के तहत विनेश को अन्य खर्चों के लिए प्रतिदिन 50 डॉलर भी दिये जायेंगे। मंत्रालय टॉप्स के तहत ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया को 18-19 नवंबर तक न्यूयॉर्क में होनेवाली बिल फेरेल इंटरनेशनल रेसलिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा।

### एशियाई एयरगन प्रतियोगिता में भारत का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने कोरिया के डेगू में 15वीं एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप में अपना स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन दांव पर लगे चारों स्वर्ण पदक जीत लिए। प्रतियोगिता में अभी दो दिन और बाकी हैं और भारत 21 स्वर्ण पदक जीत चुका है। दिन की पहली पदक स्पर्धा के ऑल इंडिया फाइनल में रिद्धम सांगवान ने पलक को 16-8 से हराकर साल का अपना दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। रिद्धम ने विश्व कप के काहिरा चरण के दौरान भी इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। एक अन्य ऑल इंडिया फाइनल में मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल महिला जूनियर स्पर्धा में ईशा सिंह को करीबी मुकाबले में 17-15 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के फाइनल में शिव नरवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू की तिकड़ी ने ली डेमयुंग, मोक जिन मुन और पार्क डेइहुन की कोरिया की टीम को 16-14 से शिकस्त दी। जूनियर पुरुष स्वर्ण में भी सागर डांगी, सम्राट राणा और वरूण तोमर की भारतीय टीम ने बाजी मारी।

# कतर में 20 नवम्बर से शुरू होगा फीफा विश्व कप

## दुनिया में पांच अरब लोग देखेंगे फुटबॉल मैच



**कतर (एजेंसी)।** 20 नवम्बर से शुरू होने जा रहे फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट को दुनिया में पांच अरब लोग देखेंगे। फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो ने विश्व कप से पहले एक साक्षात्कार में यह बात कही। बाली में चले रहे जी-20 सम्मेलन में हिस्सा ले रहे इनफेंटिनो ने वैश्विक नेताओं से आपसी तनाव और संघर्षों को दरकिनार करते हुए विश्व कप फुटबॉल का आनंद लेने का आह्वान किया। विश्व कप कतर में 20 नवम्बर से 18 दिसम्बर तक होना है। इनफेंटिनो ने शिन्हुआ से कहा कि विश्व कप खुशी और एकता का मौका होना चाहिए। इसे उम्मीद का संदेश देना चाहिए। फीफा अध्यक्ष ने कहा कि फुटबॉल महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि है जिसकी ग्लोबल जीडीपी सैकड़ों अरब अमेरिकी डॉलर है, यह लाखों नौकरियां पैदा करता है और आर्थिक वृद्धि को बढ़ाता है इनफेंटिनो को उम्मीद है कि कतर में विश्व कप को दुनिया में पांच अरब लोग देखेंगे जो दुनिया की आधी आबादी से ज्यादा है। वर्ष 2031 में फीफा महिला विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी को लेकर चीन की योजना के बारे में इनफेंटिनो ने कहा कि यह योजना और चीन की फुटबॉल क्लबों और युवा फुटबॉल में सलिंप्तता से क्षेत्रीय असंतुलन का समाधान करने में मदद मिलेगी और यह खेल के सम्पूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चीन फुटबॉल के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण इवेंट्स की बोली लगाना एक ऐसा तत्व है जिससे चीन में फुटबॉल, महिला या पुरुष, तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि फुटबॉल लोगों की भावनाओं को छूता है। यह खेल को लेकर लोगों के जूनून के बारे में है। जब भी आप किसी लड़की या लड़के को फुटबॉल देते हैं तो वह मुस्कराने लगता है।

# भारत ने 2022 में आठ देशों में खेली सीरीज, सात में मिली जीत



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** हार्दिक पंड्या की अगुआई में भारतीय टीम टी-20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 18 नवम्बर को खेला जायेगा। इससे पहले दोनों टीमें टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से हारकर बाहर हो गयी थीं। हार्दिक पंड्या ने टी-20 वर्ल्ड कप में बल्ले और गेंद से कमाल का प्रदर्शन किया। हालांकि, टीम इंडिया सेमीफाइनल से हारकर बाहर गयी। भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के दौरे पर है। दोनों देशों के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज 18 नवम्बर से शुरू हो रही है। पंड्या के पास न्यूजीलैंड सीरीज के लिए टी-20 की कमान है। आईपीएल 2022 में बतौर कप्तान उन्होंने गुजरात टाइटंस को पहले ही सीजन में चैंपियन बना दिया था। वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद कई दिग्गज खिलाड़ी पंड्या को टी-20 की कमान दिये जाने के पक्ष में है। न्यूजीलैंड सीरीज से रोहित शर्मा सहित सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। टीम इंडिया के लिए साल 2022 काफी व्यस्त रहा है। टीम अब तक आठ देशों में सीरीज खेल चुकी है और सात देशों में कम से कम एक मैच में जीत हासिल की है।

न्यूजीलैंड 9वां देश होगा। इस साल भारत ने तीनों फॉर्मेट में सबसे अधिक 7 सात मैच इंग्लैंड में खेले। चार में उसे जीत मिली, जबकि तीन में हार। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में 6 में से 4 मैच जीते, दो हारे। टी-20 वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया में ही खेला गया था। भारत ने इस साल वेस्टइंडीज में छह इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। पांच में उसे जीत मिली है, जबकि एक में हार। टीम ने साउथ अफ्रीका का भी दौरा किया और सभी पांच मुकाबलों में उसे हार मिली। साउथ अफ्रीका में ही टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद कोहली ने टेस्ट टीम की कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था। इसके अलावा टीम इंडिया ने यूएई में पांच में से तीन, जिम्बाब्वे में तीन में तीन, आयरलैंड में दो में दो और अमेरिका में खेले गये सभी दो मुकाबले जीते। भारत और वेस्टइंडीज टी-20 सीरीज के दो मुकाबले अमेरिका में हुए थे।

### एशियाई कप टेबल टेनिस में भारतीयों को कड़ा ड्रा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल और भारतीयों में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जी साथियान को गुरुवार से बैंकॉक में शुरू होनेवाले आईटीटीएफ एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने गये विश्व में 44वें नंबर के खिलाड़ी शरत कमल का पहला मुकाबला विश्व में 16वें नंबर के चीनी ताइपे के चुआंग चिह युआन से होगा जबकि विश्व में 39वें नंबर के साथियान जापान के विश्व में 26वें नंबर के युकिया उडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व में 44वें नंबर की मनिका बत्रा इस दो लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उनका पहला मुकाबला विश्व में सातवें नंबर और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग जिंगटोंग से होगा। इस प्रतियोगिता में पहली बार पुरुष और महिला एकल के मुकाबले सीधे नॉकआउट प्रारूप में खेले जायेंगे।

#### माइकल वॉन ने टीम इंडिया पर मारा था ताना

## पांड्या ने दो लाइन की बात कह बोलती कर दी बंद



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में भारतीय क्रिकेट टीम का सफर सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया। उसे सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने 10 विकेट से हराया था। इस हार के बाद टीम इंडिया की काफी आलोचना हुई थी। इस प्रदर्शन को लेकर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारतीय टीम पर निशाना साधा था। भारत की हार को लेकर वॉन ने कहा था कि यह व्हाइट बॉल क्रिकेट में सबसे कमतर या औसत प्रदर्शन करनेवाली टीम है। उनके इस बयान पर अब हार्दिक पंड्या का जवाब आया है। उन्होंने दो लाइन में ही पूर्व इंग्लिश कप्तान की बोलती बंद कर दी है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने द टेलिग्राफ में अपने कॉलम में लिखा था, वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद से इंडिया ने क्या किया है? कुछ नहीं। भारतीय टीम ऐसा क्रिकेट खेल रही है, जिसका दौर जा चुका है। भारत इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली लिमिटेड ओवर की टीम है। मैं इस बात से हैरान हूं कि उनके पास जो टैलेंट है, उसके बावजूद वो किस तरह से टी-20 क्रिकेट खेलते हैं। उनके पास खिलाड़ी हैं, लेकिन उनका इस्तेमाल किस तरह से करना है, उसका कोई तरीका नहीं है। वॉन के इस बयान पर अब हार्दिक पंड्या ने बड़ी बात कही। उनके मुताबिक भारतीय टीम को किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर जब आप अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो लोग आपके बारे में एक राय बनाते हैं और एक टीम के नाते हमें इसका सम्मान करना चाहिए। लोगों की राय अलग हो सकती है। हालांकि, मुझे नहीं लगता है कि मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत है। यह खेल है और इसमें आप बेहतर होने की कोशिश करते रहते हैं और नतीजा जब आना होगा, तो आयेगा ही। हमें इन चीजों पर काम करने की जरूरत है। आगे आगे जाकर अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे।

■ माइकल वॉन ने की थी भारतीय क्रिकेट टीम की आलोचना

## मैच से पहले क्रोकोडाइल बाइक की सवारी करते नजर आये पांड्या



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** 18 नवम्बर को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम न्यूजीलैंड पहुंच चुकी है और टी-20 टीम की कप्तानी हार्दिक पंड्या को सौंपी गयी है। मैच से पहले हार्दिक पूरी तरह से रिलैक्स होना चाहते हैं, इसलिए कभी पूल में मस्ती करते दिखते हैं तो कभी न्यूजीलैंड की मशहूर क्रोकोडाइल बाइक का आनंद ले रहे हैं। न्यूजीलैंड टीम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है जिस फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। न्यूजीलैंड में क्रोकोडाइल बाइक का बड़ा क्रेज है। यही वजह है कि मैच से पहले हार्दिक पंड्या और न्यूजीलैंड के कैप्टन केन विलियम्सन इस बाइक की सवारी करते नजर आये। यह वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड है जिसके बाद फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं। जहां तक क्रोकोडाइल बाइक की बात है तो यह खास तरह की बाइक होती है। यह टू सीटर बाइक होती है जिसके दोनों तरफ पैडल लगे हुए होते हैं। इस सवार होने के बाद आप पैडलिंग करते हुए इसे चला सकते हैं। इस कीवी देश में यह बाइक पसंद की जाती है और यही कारण था कि हार्दिक पंड्या ने भी इसकी सवारी लुत्फ उठाया।

# वर्ल्ड कप के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में ठनी!



**कराची (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 खत्म हो गया है और पाकिस्तान की टीम को फाइनल मैच में इंग्लैंड के हाथों हार झेलनी पड़ी। फाइनल में खराब प्रदर्शन करने के बाद पाकिस्तानी टीम की काफी आलोचना हुई थी और इस बीच अब पाकिस्तानी क्रिकेट में एक बवाल भी हो गया है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल को नोटिस भेजा है। कामरान अकमल इन दिनों एक यूट्यूब चैनल चलाते हैं, जहां वह खेल से जुड़ी चर्चाएं करते हैं। इसी दौरान उन्होंने कुछ ऐसा बयान दिया जिसपर रमीज राजा खफा हो गये और अब मानहानि का केस कर दिया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, रमीज राजा ने कामरान अकमल को लीगल नोटिस भेजा है। यह साफ नहीं है कि रमीज राजा ने ऐसा किस कमेंट पर भेजा है, लेकिन पीसीबी ऑफिस द्वारा नोटिस भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि रमीज राजा द्वारा कई अन्य पूर्व क्रिकेटर्स को भी नोटिस भेजा जा सकता है, जो अपने यूट्यूब चैनल चला रहे हैं और लगातार खेल पर कमेंट करते हैं। रमीज राजा के एक करीबी के मुताबिक, कई पूर्व क्रिकेटर्स जो लगातार बयानबाजी करते हैं उन्होंने अपनी लाइन क्रॉस की है। ऐसे में उन्हें इसका भुगतान करना होगा। पाकिस्तानी क्रिकेट को लेकर यूट्यूब पर बयानबाजी करनेवाले लोगों के खिलाफ पीसीबी द्वारा कानूनी एक्शन लिया जायेगा। पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स इन दिनों अपना-अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं, इनमें शोएब अख्तर, कामरान अकमल, सलमान बट्ट, इंजमाम उल हक समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान के लिए टी-20 वर्ल्ड कप 2022 की शुरूआत बेहतर नहीं हुई थी, उसे भारत और जिम्बाब्वे के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। लेकिन उसके बाद पाकिस्तानी टीम ने कप्तान बाबर आजम की अगुवाई में कमाल कर दिया। लगातार जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तान ने फाइनल में जगह बना ली, हालांकि वहां उसे इंग्लैंड के हाथों हार झेलनी पड़ी।

■ पूर्व क्रिकेटर्स को नोटिस भेज रहे रमीज राजा

# आईपीएल 2023 : धोनी के आगे नतमस्तक हुए सर जडेजा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स और धाकड़ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के बीच सबकुछ ठीक है। इस बात पर फ्रेंचाइजी ने जडेजा को रिटेन करते हुए मुहर लगा दी। इंडियन प्रीमियर लीग के 2021 सत्र के शुरू होने से पहले सीएसके ने जडेजा को कप्तान बनाया था, लेकिन बीच में ही उन्होंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। इसके बाद वह प्लेइंग इलेवन से भी बाहर हो गए। उनके बाद कप्तानी फिर से महेंद्र सिंह धोनी के पास गई, लेकिन तक तब टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी थी। जडेजा इसके बाद चोटिल होकर टूर्नामेंट से ही बाहर हो गए। उन्होंने और फ्रेंचाइजी ने एक-दूसरे से जुड़ीं तस्वीरें भी हटा लीं। इस पर काफी लंबे समय तक बवाल होता रहा। अब जब फ्रेंचाइजी ने जडेजा को रिटेन किया तो जड्डू ने तीन शब्द में शुक्रिया कहा। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के साथ तस्वीर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा- सबकुछ ठीक है...फिर से शुरुआत। इस पर फ्रेंचाइजी के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना ने भी कॉमेंट किया। उन्होंने लिखा- सीएसके परिवार की तरह है।






# आईपीएल-2023 मिनी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाड़ी होंगे मालामाल, आकाश चोपड़ा ने गिनाये नाम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन यानी आईपीएल 2023 के लिए सभी टीमों ने अपने रिटेन और रिलीज किये गये खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। फैंस के साथ-साथ क्रिकेट एक्सपर्ट का फोकस अब अगले महीने आईपीएल 2023 के लिए होनेवाले मिनी-नीलामी पर है, जो 23 दिसम्बर को कोच्चि में होनेवाली है। रिटेंशन लिस्ट पर नजर डाले तो कई टीमों ने बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को रिलीज किया है, तो कुछ ने बहुत कम खिलाड़ियों को बाहर रखा है। ऐसे में आगामी नीलामी में सभी फ्रेंचाइजी अपनी जरूरत के हिसाब से खिलाड़ियों पर बोली लगायेंगी। रिलीज किये गये खिलाड़ियों के अलावा कुछ खिलाड़ी नीलामी के लिए अपना नाम देंगे और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि सभी फ्रेंचाइजी आगामी नीलामी में ऐसे कुछ खिलाड़ियों पर दांव लगाने वाली है, जोकि काफी महंगे बिकेंगे। खिलाड़ी की रिटेंशन लिस्ट की घोषणा के बाद आकाश चोपड़ा ने एक वीडियो में कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन काफी महंगे प्लेयर होंगे।



सितम्बर में भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दौरान ग्रीन ने सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित किया। हालांकि, अन्य टीमों के खिलाफ उनका हालिया फॉर्म अच्छा नहीं रहा है। उनके अलावा आकाश चोपड़ा का भी मानना है कि इंग्लैंड के सैम करन और बेन स्टोक्स पर भी बड़ी बोली लगने की संभावना है। पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर चुके सैम करन ने हाल ही में समाप्त हुए टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गये हैं। आईपीएल 2022 से बाहर रहे बेन स्टोक्स पर पहले ही आईपीएल नीलामी (2017, 2018) में बड़ी बोली लगी है। आकाश चोपड़ा ने ट्वीट करके कहा कि ग्रीन सबसे महंगा खिलाड़ी होनेवाला है। अगर वह नीलामी में अपना नाम देता है। सैम करन वास्तव में दूसरा महंगा चयन होगा। स्टोक्स को विदेशी श्रेणी में तीसरा होना चाहिए। नीलामी की गतिशीलता अजीब है और चौंका सकती है लेकिन यहां पसंद का क्रम होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मयंक अग्रवाल 23वें स्थान पर सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी होंगे। तीन लेग स्पिनर- मयंक मारकंडे, पीयूष चावला और अमित मिश्रा के लिए टीमों को दिलचस्पी लेनी चाहिए। क्लासेन, रीजा हेंड्रिक्स और रिले रिसो को भी कीमत मिलनी चाहिए।